

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





खेल

**आईपीएल 2024 : आयुष बोडानी ने आईपीएल में धाने की रिकॉर्ड कि की बराबरी**

देश

**नीतीश गडकरी के छवि के सामने फेल हैं सारे जातीय समीकरण**



शुक्ल पक्ष आर्द्रा संवत 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 14 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 123 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 550 | ₹85,500 |

## आज का इतिहास

- 1891 : भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म हुआ
- 1962 : भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय अभियंत्रक एम.विश्वेश्वरैया का निधन।

## न्यूज बाइट्स

### आतंकवादियों का खात्मा करते वक्त नियम नहीं देखेंगे : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली (ए.)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चूंकि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता। जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला।

### बिहार में जमीन का डिजिटल सर्वे शुरू

**पटना (नि. सं.)।** कृषि विभाग द्वारा जमीन का डिजिटल सर्वे शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक गांव में तीन से चार किसान सलाहकार और कृषि समन्वयक का टीम गठित की गई है। गठित टीम के सदस्यों को प्रत्येक खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है, जहां से विभाग के वेबसाइट पर संबंधित खेतों का लोकेशन डाला जाता है। साइट पर लोकेशन डालते ही भूस्वामी का नाम, पता आदि आ जाता है। फिर खेतों की वर्तमान स्थिति के साथ वेबसाइट पर तस्वीर जारी की जाती है। टीम के सदस्य खेतों की वर्तमान स्थिति से वाकिफ होते हैं। खेत परती या बंजर है या फिर फसल उग रही है। उन खेतों में कौन सी फसल उगती है। सिंचाई का साधन क्या है? बगीचा आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर भेजी जाती है। कयास लगाया जा रहा है कि यह कार्य निकट भविष्य में किसानों के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

### भागलपुर से सहरसा के बीच चलेंगी 10 सराकरी बसें

**भागलपुर (नि. सं.)।** सड़क मार्ग से भागलपुर से सहरसा का सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें सस्ते दर पर आरामदायक सफर का अवसर मिलेगा। लगभग ढाई साल बाद भागलपुर से सहरसा के बीच बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 10 बसों के अंडरटेकिंग परिचालन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जल्द ही भागलपुर से पूर्णिया, सहरसा और बेगूसराय के बीच 44 बसों का परिचालन शुरू किए जाने की योजना है। दरअसल बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा राज्य भर के 120 मार्गो पर अंडरटेकिंग बसों के परिचालन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जिसमें भागलपुर से बेगूसराय के बीच 21 बसों, पूर्णिया से भागलपुर के बीच 13 बसों और भागलपुर से सहरसा के बीच 10 बसों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वाहन मालिकों ने इसके लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है।

# हमारी सरकार बनी तो तीन लाख पद भरे जायेंगे : राहुल

**एजेंसी** | बस्तर (छत्तीसगढ़)



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनते ही तीस लाख रिक्त पद भरे जायेंगे।

श्री गांधी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ब्लॉक के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रहार करते चुनावी सभा में कहा कि हम आपको आदिवासी कहते हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपको वनवासी कहते हैं। हिदुस्तान में जब कोई नहीं था तब आदिवासी यहां वास करते थे, यहां के जल जंगल सब पर उनका हक था। उन्होंने कहा कि जो आपको वनवासी कहते हैं वो हिदुस्तान का हिस्सा नहीं मानते। हम आपके लिए पेशा कानून लाए, मनरेगा लाए, भाजपा व आरएसएस के लोग आपके विचार पर आक्रमण करते हैं, हिंदुस्तान में जंगल कम हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह जंगल जमीन प्रधानमंत्री श्री मोदी, अडानी को पकड़ा रहे हैं। हम चाहते हैं आप आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में चले जाओ सब कहते हैं सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी के ऊपर पेशाब करते हैं, ये है आदिवासियों की स्थिति, आदिवासियों से उनका जल जंगल छीनना चाहते हैं। कांग्रेस पांच काम करने जा रही है, बेरोजगारी, 30 लाख रिक्त पद है, 30 लाख पद को हमारी सरकार बनते ही आपके हवाले कर देंगे। हम आपके लिए मनरेगा लाये थे जिससे करोड़ों लोगों को लाभ मिला, अब हम अप्रेंटिशिप लाने वाले हैं, जिससे हिंदुस्तान के सभी पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं को एक साल की नौकरी मिलेगी। उनकी ट्रेनिंग होगी और उनके खाते में 1 लाख रुपए डाला जाएगा। जो अच्छे काम करेगें उन्हीं संस्था में नौकरी पक्की होगी। श्री गांधी ने कहा कि गरीब लोगों को कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है। अब कांग्रेस ठेकेदार पद्धति को बंद कर रही है। अब ठेकेदार से नौकरी नहीं मिलेगी परमानेंट नौकरी होगी। हमारी सरकार आते ही किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। हम महिलाओं की जिंदगी बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अरबपतियों को पैसा दिया, जब वो अरबपति को दे सकते हैं तो हम अपने महिलाओं को क्यों नहीं दे सकते। जो गरीब रेखा में आते हैं ऐसे सर्वे करवा के एक परिवार से एक महिला को चुना जाएगा, जिसके खाते में महीने में 8500 और साल में 1 रुपए लाख डाले जाएंगे। एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी मिटा देंगे।

# राजद के घोषणा पत्र में एक करोड़ नौकरी का किया वादा

## गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 में सिलेंडर की बात

**निज संवाददाता** | पटना



तेजस्वी यादव ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में पूरे देश में 1 करोड़ नौकरी देने का वादा किया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर हमारी सरकार आएगी तो 15 अगस्त से पूरे देश में नौकरी देना शुरू करेंगे। राजद ने घोषणा पत्र में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की भी बात की गई है। 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी वादा है। गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए देने की बात भी कही गई है। राजद ने घोषणा पत्र में कहा कि सरकार बनी तो 10 फसलों पर एमएसपी लाएंगे। अग्निवीर योजना को बंद करेंगे, ड्यूटी के दौरान मौत होने पर अद्ध सैनिक बलों को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। राजद ने भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल, मुजफ्फरपुर और गोपालगंज में 5 नए एयरपोर्ट बनवाने का भी दावा किया है। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने राजद ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घोषणा पत्र जारी किया। राजद ने इसे परिवर्तन पत्र का नाम दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, वो 17 महीने में पूरे करने की कोशिश की। हमने जाति आधारित गणना करवाई। हमने कहा था कि तमिलनाडु की तर्ज पर आरक्षण सीमा बढ़ाएंगे,उसे भी पूरा किया। तेजस्वी ने कहा कि जो हम कहते हैं। उसे पूरा करते हैं। 2024 में जनता से 24 वादे किए गए हैं।

घोषणा पत्र जारी करने के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा- आने वाली 15 अगस्त से देश के युवाओं को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। सरकार बनने पर इसी 15 अगस्त से 30 लाख रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 70 लाख नए पदों का सृजन किया जाएगा। यानि कुल 1 करोड़ युवाओं को नौकरी। इस आने वाली रक्षाबंधन के दिन से गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी तेजस्वी यादव ने इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एक बात स्पष्ट है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य है कि बिहार को हम कैसे विकसित करें।

## सीएम का आरजेडी के मेनिफेस्टों पर तंज 20 करोड़ नहीं बोले इसके लिए शुक्रिया



**पटना (नि.सं.)।** आरजेडी के घोषणा पत्र में एक करोड़ नौकरी के वादे पर सियासत चरम पर है। अपने चुनावी एजेंडे में तेजस्वी यादव ने नौकरी और रोजगार को सबसे ऊपर रखा है। लेकिन यही आश्वासन उनके लिए मजाक बनाए जाने का टूल बन गया है। बीजेपी नेताओं के बाद जदयू ने लालू यादव के लाल तेजस्वी याद पर निशाना साधा है। नीतीश सरकार में मत्री विजय चौधरी ने कहा है कि शुक्र है 20 करोड़ नहीं बोले तो केसी त्यागी ने उसे झूठ का पुलिंदा बताया है। बीजेपी, हम और एलजेपी आर के नेता भी तेजस्वी पर तंज कस रहे हैं वहीं कांग्रेस ने इसे अपने न्याय पत्र का पूरक करार दिया है। शनिवार को पटना पार्टी ऑफिस में तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी पार्टी का मेनिफेस्टो जारी कर दिया। परिवर्तन पत्र के रूप में जारी घोषणा में बड़े बड़े वादे किए गए हैं। अग्निवीर, महिलाएं को लखपति बनाना, 500 में घरेलु गैस समेत 24 जनहित के वादे किए गए। लेकिन सबसे उपर है देश के लोगों को एक करोड़ सरकारी नौकरी।

# सस्ते मोबाइल का झांसा देकर ठगी करने वाले साइबर फ्रॉड गिरोह का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी से अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के पांच बदमाशों को पुलिस ने दबोचा है। इनके पास से पुलिस को 11 मोबाइल व एक लैपटॉप बरामद हुआ है। अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल की जांच व उनसे पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इन गिरफ्तार अपराधियों के पाकिस्तान से तार जुड़े होने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने जब गिरफ्तार अपराधियों के मोबाइल फोन को खंगाला तो पता चला कि सभी अपराधी एक ऐसे गिरोह के लिए काम कर रहे थे, जो लोगों के बैंक खातों से धोखाधड़ी कर पैसे की निकासी करते थे। इस गिरोह के लोग सोशल मीडिया के जरिए लोगों को बेवकूफ बनाते थे। पहले सस्ते मोबाइल देने का लालच देकर पैसे मंगवाते थे। इस बाद लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाते से गिरोह के सरगना धोखाधड़ी का पैसा ट्रांसफर कर बाद में उसे निकाल लेते थे। एसपी ने बताया कि बरामद मोबाइल फोन से पता चला है कि पांचों बदमाशों के विभिन्न बैंकों में 31 अकाउंट हैं, जिसे फ्रीज करने के साथ राशि निकासी पर रोक लगाने के लिए बैंक अधिकारियों के पास पत्र लिखा गया है। अबतक की जांच में 31 बैंक खातों में एक करोड़ से अधिक राशि के लेनदेन का पता चला है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान छौड़ादानों के भूषण राम, दरपा का हैदर अली, बंजरिया का समीर आलम, वसीम अख्तर तथा मोहम्मद असगर के रूप में की गई है। ये सभी मिलकर लोगों को ठगते थे। गिरफ्तार भूषण राम का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। वह बेतिया मुफस्सिल थाना कांड संख्या 732-23 (लूट), छौड़ादानो थाना कांड संख्या 221-23 (लूट) में वांछित था।

### पाकिस्तान कनेक्शन के मिले सबूत

जब्त मोबाइल की जांच की गयी तो पता चला कि सभी मोबाइल नंबर से कई बार पाकिस्तान बात की गई है। इससे साफ होता है कि इस गिरोह का पाकिस्तान से भी कनेक्शन है। इसकी गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।



# केजरीवाल की याचिका पर कल सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**एजेंसी** | नयी दिल्ली



उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष श्री केजरीवाल की याचिका 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। श्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के 10 अप्रैल को उन्होने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तब श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था और उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित मामले पर शीघ्र सुनवाई करने पर विचार करने का उन्हें आश्वासन दिया था।

## इजरायली जहाज पर ईरानी सेना ने किया कब्जा, 17 भारतीय सवार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक इजरायली-लिंक्ड मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। ईरान ने कहा है कि इसकी वजह से वह इस महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग को बंद कर सकता है। साथ ही ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वह सीरिया वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के लिए जवाबी कार्रवाई करेगा। वहीं, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी सेना द्वारा जब्त किए गए इजराइली कंटेनर जहाज पर सत्रह भारतीय भी सवार हैं। भारतीयों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत ने ईरान से संपर्क साधा है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षित शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भारत तेहरान और दिल्ली दोनों में राजनयिक चैनलों के जरिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। दरअसल, ईरान की यह कार्रवाई उन बढ़ती हुई आशंकाओं के बीच आई है।



# सरकारी स्कूलों में गर्मी छुट्टी के दौरान भी बंद नहीं होगा मध्यान भोजन

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में गर्मी छुट्टी के समय विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इस दौरान बच्चों को मध्यान भोजन भी दिया जाएगा। ये आदेश 10 अप्रैल को जारी किया गया था। उसके ठीक दो दिन बाद 12 अप्रैल पर एक लेटर सामने आया था, जिसमें मध्यान भोजन नहीं देने की बात कही गई थी। जिसे प्राथमिक शिक्षा के निदेशक और मिड डे मील डायरेक्टर मिथिलेश मिश्र ने फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि मेरे फर्जी हस्ताक्षर से प्रेस नोट सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। जिसमें कहा गया था कि मिड डे मील बंद रहेगा। वायरल चिट्ठी फर्जी और भ्रामक है। ऐसी सूचना को वायरल करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की जा रही है।

बता दें, बिहार के सरकारी स्कूलों में 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी छुट्टी के दौरान विशेष कक्षाओं का संचालन होगा। चिन्हित बच्चों के अलावा विद्यालय के अन्य बच्चे भी यदि पढ़ना चाहते हैं तो स्कूल आ सकते हैं। क्लास सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जो 10 बजे तक चलेगी। इस दौरान मध्यान भोजन जारी रहेगा। भोजन करने के बाद ही बच्चों को छुट्टी दी जाएगी। इसके साथ ही विद्यालय के लिए अन्य बुनियादी सुविधाओं आधारभूत संरचना, पेयजल आदि को उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य भी चलता रहेगा।

### बच्चों का विवरण ई शिक्षा कोष पर एंट्री भी करवाएंगे

साथ ही निर्देश दिया गया कि स्कूल के प्रिंसिपल विशेष कक्षा संचालन के समय नए बच्चों का नामांकन करेंगे। जिसके लिए आधार कार्ड जरूरी है। माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर निःशुल्क आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था भी की गई है। नामांकित बच्चों का विवरण ई शिक्षा कोष पर एंट्री भी करवाएंगे।

# सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसलिंग अब चुनाव के बाद

**निज संवाददाता** | पटना

सक्षमता परीक्षा के पहले चरण में सभी विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सक्षमता पास शिक्षकों की 19 अप्रैल से पटना के बाबू परीक्षा परिसर में काउंसलिंग होनी थी। लेकिन अब काउंसलिंग लोकसभा चुनाव के बाद होगी। शिक्षा विभाग की ओर से काउंसलिंग कराने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन चुनाव आयोग की ओर से अनुमति नहीं दी गई है। सक्षमता परीक्षा पास हर शिक्षकों को किसी दूसरे स्कूल में ही योगदान देना है। विभाग इस दिशा में बहुत जल्दी ही जरूरी गाइडलाइन जारी करेगा। जानकारी के मुताबिक सक्षमता परीक्षा पास होने के बाद स्कूल में योगदान करने की तिथि से नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जायेगा। सक्षमता परीक्षा के समय ही सभी शिक्षकों से उनके पसंद के तीन जिलों का विकल्प मांगा गया था। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से साक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया था। इस रिजल्ट में क्लास 1 से 5 में 93.39%, 6-8 में 96.10%, 9 से 10 में 98% और 11 से 12 में 97.18% शिक्षक पास हुए है। इस पूरे परीक्षा में 1,99,027 शिक्षक शामिल हुए थे। जिसमे से 1,87,618 शिक्षक पास कर गए। 11409 शिक्षक फेलहो गए।

### अब काउंसलिंग 4 जून के बाद

बता दें कि नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग के लिए शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों चुनाव आयोग से मंजूरी मांगी थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को ही है, इसलिए चुनाव आयोग 19 अप्रैल को काउंसलिंग की अनुमति नहीं दी। 1 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम जारी होगा। माना जा रहा है अब काउंसलिंग 4 जून के बाद होगी। इसलिए काउंसलिंग का इंतजार कर रहे सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग अब आदर्श चुनाव आचार संहिता के बाद होगी।

# बिहार में चार आईएएस अफसरों का तबादला



**पटना (नि.सं.)।** चुनाव आचार संहिता के बीच बिहार में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का दौर जारी है। शनिवार को 4 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसके साथ ही 3 विभाग में नए सचिव तैनात किए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राजस्व एवं भूमि सुधार के सचिव दयानिधान पांडेय को लघु जल संसाधन विभाग का सचिव बनाया गया है। ईख आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह को राजस्व पार्षद भेजा गया है। आईएएस असीमा जैन को नगर विकास विभाग के सचिव और आईएएस अनिल झा ईख आयुक्त बनाए गए हैं।

# खरना के साथ शुरू हुए 36 घंटे का निर्जला व्रत

**निज संवाददाता** | पटना



नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व 'चैती छठ' शुरू हो गया। पहले दिन छठ व्रतियों ने पटना के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान कर नहाय-खाय में पवित्रता से निर्मित अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। शनिवार को खरना (लोहंडा) की पूजा में खीर, रोटी का प्रसाद बना कर भगवान भास्कर को अर्पित किया। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ चैती छठ की शुरुआत हो गयी। छठ व्रती गंगा स्नान करने के बाद अपने-अपने घरों में प्रसाद बनाते दिखे। नहाय- खाय के दिन छठ व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने दाल-चावल के साथ कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। छठ व्रतियों ने बताया कि छठ महापर्व शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है। सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्यता, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था।

शनिवार को खरना है। इस दिन व्रती दिन भर उपवास रखने के बाद शाम को गन्ने के रस या गुड़ में बने चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिठ्ठा या रोटी का प्रसाद भगवान सूर्य को अर्पित करने के बाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। खरना को लेकर छठ व्रतियों ने शुक्रवार की देर रात तक खरीदारी की। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया जायेगा। वहीं सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ दिया जायेगा। उसके बाद व्रती पारण करेंगी। छठ में गेहूं का भी काफी महत्व है, क्योंकि प्रसाद बनाने में भी इसका प्रयोग होता है।

# बिहार पुलिस के 1903 नये सब इंस्पेक्टरों ने ली ट्रेनिंग

- टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल को लेकर किया दी जानकारी

**निज संवाददाता** | राजगीर

2020 के कुल 1903 की संख्या में प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह, बिहार पुलिस एकेडमी राजगीर परिसर के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों में महिलाओं की सहभागिता 702 की संख्या में रही। जबकि 1201 की संख्या में पुरुष प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक सम्मिलित थे। जिनके अभिभावकगण भी मुख्य अतिथि और गणमान्य लोगों के साथ दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि बिहार पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्ठी ने परेड वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों के दल द्वारा पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस दौरान प्रशिक्षुओं को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि आगामी एक जुलाई से बिहार पुलिस की कार्यशैली और प्रणाली बदल जाएगी। जिसमें नये कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इस नये कानून के प्रविधानों को टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से अनुसंधान एवं विचारण का क्रियान्वयन अधिक से अधिक वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अपराध एवं अनुसंधान की प्रकृति तेजी से बदल रही है। नये तरह के अपराध हो रहे हैं। जिसके नियंत्रण में डिजिटल माध्यमों के प्रयोग एवं अनुसंधान तकनीक की आवश्यकता है। वहीं प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।इस मौके पर बिहार पुलिस अकादमी के निदेशक भृगु श्रीनिवासन तथा पुलिस उप-महानिरीक्षक सह उप-निदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता, नालन्दा एसपी अशोक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Theapy
DAYS Acupressure Yoga Science
DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure
BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2
BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science
MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga)
MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धापूर्वक खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का उपवास शुरू

**संसू, जागरण।** नारदीगंज सूर्योपासना का पावन चार दिवसीय।सांतिक चैती छठ पर्व को लेकर शनिवार को पवित्रता एवं निष्ठा पूर्वक छठ व्रतियों ने खरना किया। पौ फटते ही छठवर्ती एवं श्रद्धालुओं ने छठ पूजा की तैयारी में जुट गए इस मौके पर छठ व्रतियों ने पावन जल में स्नान किया। उसके उपरांत भगवान सूर्य देवता की पूजा अर्चना किया ।तत्पश्चात खरना का प्रसाद बनाने में जुट गए। जिले के हंडिया गांव स्थित ऐतिहासिक एवं द्वापरकालीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर का पूजा अर्चना करने के लिए आसपास गांव के अलावा दूरदराज के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा को लेकर मंदिर सज धज कर भी तैयार हो गया है। छठ घाट एवं मंदिर दुधिया रोशनी से जगमग जगमग कर रहा है। पर्व को लेकर मंदिर परिसर में खरना का प्रसाद बनाने के लिए छठवर्ती एवं श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष चूल्हा बनाने में तल्लीन दिखे। इसके उपरांत आम की लकड़ी को जलावन में उपयोग कर मिट्टी एवं पीतल के बर्तन में खरना का प्रसाद को बनाया।इस मौके पर छठव्रतियों व श्रद्धालुओं ने कुआं एवं सरोवर से पवित्र जल को लाकर खरना का प्रसाद बनाया गया। इस दौरान अरवा चावल, चना का दाल, पीठा, खीर ,रसिया,पूड़ी मीठा का नैवेद्य बनाकर भगवान भास्कर को अर्पण किया। इसके उपरांत पूजा अर्चना कर छठवर्ती ने खरना का प्रसाद ग्रहण कर सके संबंधी इष्ट मित्र को प्रसाद का वितरण किया। इसके उपरांत 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। इसके अलावा नारदीगंज बाजार,कोसला,रामे, ओड़ो समेत अन्य गांवों में खरना का प्रसाद छठवर्ती एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस दौरान महिलाएं छठ पूजा की पारंपरिक गीत गाये, जिससे सारा वातावरण भक्तिमय रहा ।रविवार को छठवर्ती व श्रद्धालुओं अस्ताचलगामी का अर्ध्यदान करेंगे।वही सोमवार को उदियाचलगामी सूर्य को अर्ध्यदान करने के उपरांत छठवर्ती पारण करने के बाद चार दिवसीय सूर्योपासना का छठपूजा सम्पन्न हो जाएगा।

### 44 हजार 688 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पांच बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 21 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में पांच उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे तीन उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 21 उपभोक्ताओं ने 44 हजार 688 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार के अलावा उपभोक्ता ईश्वरी सिंह,अमर चौहान, राजेश कुमार, जयराम सिंह,जयमन्ती देवी समेत अन्य शामिल हुए।

### टोला सेवक की पत्नी हुई गायब, थाने में सूचना देकर बरामद करने की लग रही पुलिस से गुहार

**छौराही बेगूसराय।** छोराही थाना क्षेत्र के मालपुर पंचायत अंतर्गत लखन पट्टी गांव से नव विवाहित एक बच्चे की मां जो टोला सेवक की पत्नी थी उसका गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते लखन पट्टी गांव निवासी टोला सेवक मोहम्मद मंसूर ने बताया कि मेरा निकाह करंट टाइम समय में समस्तीपुर जिला अंतर्गत हसनपुर थाना के मोहद्दीनपुर गांव निवासी मोहम्मद बशीरुद्दीन की पुत्री रूही खातून के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुकूल हुई थी। उसने बताया कि ग्राम पंचायत सिहमा निवासी इस्तखार उर्फ गोलू पिता मोहम्मद नौशादअपने अन्य दो सहयोगियों के साथ अगवा करके मेरी पत्नी को ले गया है लिखित आवेदन देकर थाने में शिकायत किया हूं। दूरभाष पर मोहम्मद इस्तखार उर्फ गोलू ने बताया कि लड़की अपने मर्जी से मुझे निकाह की है कोई जबरन नहीं किया गया है। हाल के दूरभाष पर आरोपी युवक के द्वारा लड़की से बात कराया गया उसने इस आवेदन का खंडन करते हुए पूर्व पति पर नहीं रखने का आरोप लगाते मर्जी से शादी करने की बात कबूल की है।

### कामरेड भोलन पण्डित के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सभा

**बेगुसराय।** कामाथान भैरवार के भाकपा नेता कामरेड भोलन पंडित के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया । कां देवेंद्र पंडित की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि भोलन पंडित पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता थे । वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे । बीमारी की हालत में भी वे पार्टी के कार्यक्रम की न सिर्फ जानकारी रखते थे बल्कि उसमें भाग लेने के लिए दूसरे साथियों को भी प्रेरित करते रहते थे । उनके निधन से स्थानीय तौर पर पार्टी को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है । लोकसभा के इस चुनावी समर में उनका कमी हम सबको खलेगा । उन्होंने जो सपना देखा था उस सपने को साकार करने के लिए हमें भाजपा नेता गिरिराज सिंह को करारी शिकस्त देते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कामरेड अवधेश राय को हसिया गेहूं की बाली छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजई बनाना होगा । बेगूसराय का बेटा पार्लियामेंट में बेगूसराय का आवाज बने यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।पार्टी नेता कां श्याम बहादुर सिंह, उमेश सिंह, प्रमोद यादव, हरे कृष्णा यादव, योगी मोची सहित कई लोगों ने सभा को संबोधित किया ।कार्यक्रम के शुरुआत में ही उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । कामरेड भोलन पंडित को लाल सलाम । हम तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे । कां भोलन पंडित अमर रहे जैसे गगन भेदी नारों के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई ।

### रामनवमी,चैती दुर्गा पूजा एवम श्रीहनुमान जन्मोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

**तेघड़ा बेगुसराय।** तेघड़ा थाना रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा व श्रीहनुमानजी जन्मोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार ने किया। मौके पर एसडीओ राकेश कुमार ने रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा एवं श्रीहनुमानजी जन्मोत्सव के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर लोग अपने अपने घरों में रामनवमी का आयोजन करते हैं। लोग शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाते हैं। वही चैती दूर्गा पूजा में तेघड़ा बाजार, अम्बा गांव, पकठौल दूर्गा मंदिर और पिढ़ौली, बरौनी फ्लैग सहित अन्य जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वहीं श्रीहनुमानजी जयंती के अवसर पर तेघड़ा में विशाल हिंदू जागृति शोभायात्रा निकाला जाएगा। जिसमें शस्त्र का उपयोग वर्जित रहेगा। शोभायात्रा पिढ़ौली चिमनी ढ़ाला से निकल कर पिढ़ौली गांव भ्रमण कर दुलारपुर एवं आधारपुर गांव का भ्रमण करेगी। जिसके बाद तेघड़ा बाजार के मेन रोड, स्टेशन रोड भ्रमण करेगी। पुनः लौटकर तेघड़ा बाजार मेन रोड, तेघड़ा गौशाला, बरौनी फ्लैग, बिढ़निया बाजार, बरौनी बाजार, आलूचट्टी रोड, मिरचैया चौक, राजेंद्र रोड होते हुए बरौनी वाटिका चौक पर समापन किया जाएगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाएगा। वही डीएसपी डा. रविंद्र प्रसाद ने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पूर्व विधायक ललन कुंवर, शालिनी देवी, भूषण सिंह, ब्रह्मदेव पासवान, मुखिया पंकज सिंह, मुखिया अनुराग कुमार सन्नी, महबूब आलम उर्फ कारी, राजीव सिंह, बजरंग दल के अमित कुमार उर्फ एतबारी, गणपति झा, कुणाल कुमार, मंजित मिश्रा, आशुतोष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यक्ष का हुआ चुनाव

**छौराही बेगूसराय।** छोराही प्रखंड के सावत पंचायत के पंचायत भवन परिसर के वार्ड 10 मेंस्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 26 मैं शनिवार को अध्यक्ष का चुनाव वार्ड सदस्य राकेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। सेविका पार्वती कुमारी ने उपस्थित बच्चों की मां एवं गर्भवती महिला को हाथ में मेहंदी लगाकर लोक सभा चुनाव के लिए जागरूकता अभियान करने का आह्वान किया। एलएस पूजा कुमारी के उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए किरण कुमारी सदस्य पूजा देवी नेहा कुमारी प्रतिभा कुमारी का नाम घोषित किया गया। एलएस श्रीमती कुमारी ने बताया कि सेविका को केंद्र संचालक विधिवत करने मीनू के मुताबिक बच्चों को मध्यान भोजन देने का निर्देश दिया गया है।

# वारिसलीगंज में सीएम की चुनावी सभा में भीड़ से ज्यादा सुरक्षा कर्मी मौजूद

निज संवाददाता। **नवादा**

पहले चरण में होने वाले लोकसभा के चुनाव में अब महज कुछ दिन शेष रह गए हैं पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है और इस चरण में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। जिसमें जमुई, गया, औरंगाबाद और नवादा का सीट भी शामिल है। वारिसलीगंज स्थित माफ़ी गढ़ पर मैदान पहुंचे नीतीश कुमार ने लालू परिवार और परिवारवाद पर जमकर हमला बोला । नीतीश कुमार ने कहा कि - आज चुनाव का माहौल है तो आप ही देख लिगिए कितना लोगों को इस बार टिकट दे रहा है। एक ही परिवार को टिकट दे रहा है पहले पति -पत्नी उसके बाद बेटा- बेटी को टिकट दे रहा है। आप लोग बताइए कि हमने कभी अपने परिवार में से किसी को

#### लालू तेजस्वी पर जमकर साधा निशाना



टिकट दिया है क्या? कोई जानता भी मेरे परिवार के बारे में। लेकिन, इन लोगों को जब भी मौका मिलता है तो सिर्फ अपना परिवार को बढ़ता है। इस बार अपने परिवार को जात को छोड़कर दूसरे जात से कितना लोग को टिकट दिया है। नीतीश कुमार ने लालू के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं भी केंद्र में मंत्री रहा और यहां भी मुख्यमंत्री रहा। लेकिन,आप पूछ लीजिए किसी भी आदमी से आज तक एक पैसा भी मैं नहीं लिया। एक वे लोग हैं जो सिर्फ पैसे के पीछे भागते हैं और उल्टा -पुल्टा काम करते रहते हैं। इसी वजह से तो हम उसका साथ छोड़ देते हैं। अब जहां हैं वहां रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने तेजस्वी के क्रेडिट पर सवाल उठाते हुए कहा कि - पहले मां - बाप ने तो बिहार को लूट लिया। उसके बाद अब बेटा भी बोलते रहता है। हम तो यह कहना चाहते हैं कि अरे भाई! तुमने क्या किया वह तो हमने तुमको मौका दिया उसके भी तूम सत्ता में आए और उसके बाद अनाप -शनाप बोलने लगे तो हमने उसको हटा दिया और भाजपा के साथ आ गए। जंगलराज की चर्चा करते हुए कहा कि यदि बिहार के अंदर एनडीए की सरकार नहीं बनती तो बिहार के लोग घर में सोए रह जाते। यहां के लोगों को कोई काम तक नहीं मिल पाता। वह तो हम सरकार में आए उसके बाद लड़का -लड़की दोनों उच्च शिक्षा में बराबर हक़ मिला। पहले कोई साधन नहीं मिलता है। हमारे आने से पहले पूरे बिहार में कहीं कुछ भी नहीं था हमने आया तभी बिहार का विकास हो पाया है। हम जो काम किए हैं उसको लोग अधिक ध्यान नहीं देता है हम तो सबसे यही कहते रहते हैं कि आप दिखाइए नहीं तो काम से कम ट्वीट कर दिया कीजिए। मौके पर मंत्री विजय चौधरी, प्रत्याशी विवेक ठाकुर, स्थानीय भाजपा विधायक श्री मति अरुणा देवी, समेत अल्पसंख्यक राज्य आयोग के पूर्व सदस्य अफरोजा खातुन समेत कई लोगों ने चुनाव सभा को संबोधित किया. सभा का संचालन भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह ने किया मौके पर एनडीए घटक दल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे. सीएम के चुनावी सभा में नहीं जुटी भीड़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करने आये सीएम नीतीश की सभा में बहुत कम भीड़ दिखी, पिछले सात अप्रैल को भी सीएम नीतीश नवादा में पीएम के साथ चुनावी सभा को संबोधित किया था और पांच दिनों के अंदर इनकी दूसरी सभा है. नवादा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने नेताओं एवं स्टार प्रचारकों की फौज खड़ा कर दिया है लेकिन मतदाताओं की चुप्पी से एनडीए गठबंधन परेशान दिख रही हैं

**दूसरी बार फिर फिसली सीएम नीतीश की जुबान-** पीएम की उपस्थिति में सीएम ने चार सौ के पार की बजाय चार हजार सांसद बनाने की बात कही थी वही पुनः वारिसलीगंज में सीएम ने फिर गलती कर बैठे और चार हजार सांसद बनाने की बात कह बैठे. **भाजपा**

# उपलब्धियां बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की किया अपील





निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड मुख्यालय से सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के दर्जनों गांवों में स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोकसभा सांसद के एनडीए प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।इस दौरान भाजपाई नेताओं में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह,वेद प्रकाश,रंजय कुमार,बब्लू राम,सुनील राम,मिथिलेश राजवंशी,पंकज कुमार एवं कन्हैया कुमार मौजूद रहे।पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि शनिवार को सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी,झलकडीहा,बाराटांड़,सिम रातरी,सपही गोदाम पर,फगुनी एवं सपही चौक समेत आसपास के छोटे-बड़े गांवों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपलब्धियों को बताकर नवादा लोकसभा के एनडीए सांसद प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया है।इस दौरान सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह,ब्रह्मदेव सिंह,लालजीत सिंह,सुरेश सिंह,आलमगीर,जयकार साव के अलावे दर्जनों महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट करने की बात कही है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी ग्रामीण प्रधानमंत्री के कार्यों से काफी खुश दिखाई दिए।पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि नवादा का हर क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी बढ़त बनी है।उन्हें पूर्ण विश्वास है कि एनडीए प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर प्रचंड वोट से अपने प्रतिद्वंद्वी से चुनाव जीतेंगे।

### भगवानपुर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का किया गया आयोजन



निज संवाददाता। **बेगूसराय**

भगवानपुर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का अयोजन अंचलाधिकारी रानू कुमार एवं थाना अध्यक्ष पवन कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी रानू कुमार ने बताया कि कुल चार मामले सामने आए जिसमे एक मामले में दोनो पक्ष उपस्थित थे जिसका निस्पादन दोनो पक्षों की उपस्थिति में किया गया एवं अन्य बचे तीन मामले में दोनो पक्षों को सूचित किया गया है अगले सप्ताह अगर दोनो पक्ष उपस्थित होते हैं तो दोनो पक्षों की उपस्थिति में अन्य बचे मामले का निष्पादन कर दिया जाएगा ।वही थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि जिस मामले का निष्पादन हो गया है उसमें किसी प्रकार का बिबाद दोनों पक्ष नही करेंगे।जो भी पक्ष विवाद करेंगे उनके विरुद्ध नियमा अनुसार करवाई की जाएगी। मौके पर ,ए एस आई अमित कुमार , राज्स्व कर्मचारी अरबिंद कुमार भारती, गोपाल कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

### रामनवमी जुलूस के दौरान नही बजेगी डीजे, चैत्र नवरात्र मे ध्वनि यंत्र के लिए लेना होगा अनुमति– एसडीएम



निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**

शनिवार को अनुमंडल सभागार में रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि दोनों त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनायें। किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दे, प्रशासन से सत्यता की जानकारी लेने के बाद ही व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर करें। उन्होंने कहा कि रामनवमी जूलस में डीजे प्रतिबंधित है, एवं मेला के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र का अनुमति लेना आवश्यक है।जो रात्रि दस बजे तक ही उपयोग किये जायेंगे।एसडीपीओ कुंदन कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान मुख्य चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस बल तैनात रहेंगे। तथा मेला में विशेष गश्ती दल रहेगी। मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मतदान का समय नजदीक आते ही चौक-चैराहे पर चुनावी चर्चा जोरों पर

#### पहले और अब के चुनाव में होने वाली गतिविधियों में काफी अंतर

निज संवाददाता। **रजौली**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर नवादा सांसद हेतु आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है।मतदान से सम्बंधित सारी-तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा किया जा चुका है।निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में मतदान कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी से लेकर सुरक्षा बलों ने भी अपनी कमर कस ली है।वहीं प्रखण्ड के पुरानी बस स्टैंड,बजरंगबली चौक,संगत चौक,नीचे बाजार स्थित तकिया मोहल्ला चौक,बांके मोड़,बायपास समेत दर्जनों चौक-चौराहों पर चाय और पान की दुकान में लोग चुनाव एवं प्रत्याशियों से सम्बंधित



अपने-अपने विचार को लेकर तर्क-वितर्क करते दिखाई दे रहे हैं।बुजुर्ग वर्गों की मानें तो पहले के नेताओं और अभी के नेताओं में जमीन आसमान का फर्क बताया जाता है।साथ ही कहते हैं कि पहले के नेता अपनी कही हुई बातों को धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे।साथ ही चुनाव के महीनों पूर्व गांवों में आवागमन होता रहता था एवं चुनाव खत्म होने के बाद भी जीतने वाले प्रत्याशी तो गांव आते ही थे।वहीं हारने वाले प्रत्याशी भी लोगों की सेवा में जुटे रहते थे,ताकि अगले चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित हो सके।किन्तु अब के नेता राजनीतिक पार्टियों से टिकट मिलने के बाद सक्रिय होते हैं।जिससे उन्हें 15 से 20 दिनों का ही समय जनता से रु-ब-रु होने का मौका मिलता है।इतने कम समय में न तो जनता नेता को समझ पाते हैं और न ही नेता जनता की परेशानियों को समझ पाते हैं।अब तो राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेता के मुखौटे पर ही स्थानीय नेताओं के जीत और हार का फैसला होता है।इसके लिए राजनीतिक दल के लोग मतदाताओं को लुभाने के लिए अनेक तरह के प्रलोभन देते हैं।वहीं आम जनता भी इसका भरपूर फायदा उठाकर जातिगत मीटिंग बुलाते हैं और नेता से मनचाहा फरमाइश करते हैं।बुजुर्गों ने यह भी कहा कि जातीय समीकरण के आधार पर चुनाव में हार अथवा जीत का फैसला होना लोकतंत्र के लिए बहुत ही दुर्भाग्य की बात है।जहां जाति के संगठनों से काम नहीं चल पाता है,तो वहां रुपयों के बल पर मतदाताओं की खरीद भी करने में राजनीतिक पार्टी और नेता जरा भी नहीं पीछे हटते हैं।हालांकि नवादा लोकसभा से कुल 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी-अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।अब देखना है कि आम जनता किसे जीत का ताज पहनाती है।

## स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**

लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नवादा के निदेशानुसार नवादा जिला में स्वीप गतिविधि अन्तर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत् मतदाता जागरूकता रैली, आंगनवाडी केन्द्रो पर मेंहन्दी रचाओ, पेंटिंग, मानव श्रृखंला, डोर-टू-डोर कार्यक्रम, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रमो आयोजन किया जा रहा है। रैली में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा अपने हाथों में “लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबकाफर्ज




है” आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत “सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तीया थी। ऐसे मतदान केन्द्र जहाँ विगत चुनावों के दौरान महिला मतदान का प्रतिशत कम रहा विशेषकर उन क्षेत्रों में महिला मतदान प्रतिशत में वृद्धि किये जाने हेतु रैली के साथ घर-घर जाकर आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सेक्टर सुपरवाईजर ने गर्भवती, धात्री व अन्य महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा कम वीटीआर वाले क्षेत्र में लगातार भ्रमण किया जा रहा और इसी कड़ी में आज मध्य विद्यालय रजौली दायाँ भाग बूथ पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्टेट आइकॉन मैथिली ठाकुर की ''आओ चलो मतदान करे'' गीत एवं जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा निर्मित मतदाता जागरूकता संबंधित फिल्म एवं हिंदी और मगही गीत का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया और चुनाव आयोग द्वारा दी गई सुविधाओं से अवगत कराया गया। सभी से अपील की गयी की प्रवासी लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर उन्हें 19 अप्रैल 2024 को लोकतंत्र के त्योहार में भाग लेने के लिए अवश्य निर्देश दें। लोगों ने शपथ लिया की इस लोकतंत्र के त्योहार में सभी लोग बड़ चढ़ कर भाग लेंगे और 70 प्रतिशत मतदान करेंगे ताकि हमारे एक एक वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत हो सके। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आने वाले लोकसभा चुनाव में यह बच्चे भी है तैयाए - जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा बच्चे को प्रेरित किया गया की अगर आपके माता पिता दादा दादी वोट देने में आलस करते हैं तो उनको जगाईये और उनसे कहिये की 'माँ पापा दादा दादी भैया भाभी आप अगर आज आलस करेंगे और वोट देने नहीं जायेंगे तो हमारा कल का भविष्य खराब हो सकता है, आप 19 अप्रैल 2024 को घर से निकलकर वोट दीजिये ताकि हम बच्चों का भविष्य सुदृढ़ और मजबूत बन सके।

### एक मामला निष्पादित दो नए आवेदन प्राप्त हुआ

**बरौनी बेगुसराय।** बरौनी थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। अंचलाधिकारी सूरजकांत के नेतृत्व में एक मामला रामनरेश राय पिता स्वर्गीय रामेश्वर राय द्वितीय पक्ष राम रतन राय पिता स्वर्गीय रमाकांत राय पिपरा देवास R0 राजस्व अधिकारी विनीत चित्र बताया कि, सही पेपर को देखते हुए एक मामले को निष्पादित किया गया और दो नए आवेदन प्राप्त हुआ जिसकी जांच की जा रही है । इस अवसर पर बरौनी थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, राजस्व कर्मचारी ,राकेश पासवान मंजेश कुमार ईश्वर ,अभिषेक कुमार राजस्व कर्मचारी, शिव कुमार राजस्व कर्मचारी , राम सागर जीरो माइल थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ..S..I.. जितेंद्र कुमार बालकृष्ण अत्री सिंह P.T.C.सुभाष कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

पटना से पत्नी के मायके जहानाबाद आए थे

# ससुराल में संदिग्ध स्थिति में टीचर की मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में ससुराल आए टीचर की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। भाई और परिजन उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। वहीं ससुराल पक्ष के लोग बीमारी से मौत होने की बात बता रहे। घटना नगर थाना क्षेत्र के बड़ी संगत मोहल्ले की है। पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के येनखा गांव के रहने वाले बैजनाथ गुप्ता की शादी शहर के नगर थाना क्षेत्र बड़ी संगत मोहल्ले की रहने वाली राजू रंजन कुमार से हुई थी। शिक्षक एक दिन पूर्व ससुराल आया था और शनिवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन जहानाबाद पहुंचे तो उसका शव सदर अस्पताल में मिला। भाई ने बताया कि उसके भाई को रुपये के कारण ससुराल वालों ने मार डाला है।।उनका कहना है कि शादी के बाद पति-पत्नी में संबंध ठीक नहीं थे। पैसे को लेकर दोनों में विवाद होता रहता था। ससुराल वाले शिक्षक को पैसा के लिए दबाव बना देते थे। जैसे ही टीचर को सैलरी मिलती था पत्नी पैसे ले लेती थी। इसे लेकर ससुराल वाले ने इसकी हत्या की है। नगर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हुई है। हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण पता चल सकेगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की हुई मौत

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। घटना मखदुमपुर वाणावर सड़क पर हुई है, जहां पापु गांव निवासी सुरेंद्र यादव मखदुमपुर से काम कर अपने घर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों द्वारा इस घटना की सूचना उसके परिवार के लोगों को दी। उसे जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान इस व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। भतीजा राहुल कुमार का कहना है कि मेरे चाचा मजदूरी का काम करते थे और काम कर लौट रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।



# पुलिस ने 80 पीस प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के साथ आठ लोगों को किया गिरफ्तार

200 नीडल के साथ 16 सौ नगद बरामद

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के वार्ड नंबर 7 में नशीले इंजेक्शन का सेवन करने के के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग निकले। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 80 पीस प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 200 पीस नीडल, 1600 नगद और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार सभी आरोपी मोहनिया थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। जिसमें कुछ लोग नशीला इंजेक्शन बेचने वाले तो कुछ नशा का सेवन करने वाले लोग शामिल हैं। इस छापेमारी में पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार, प्रभात कुमार, चंदन कुमार और भास्कर यादव के साथ रिजर्व गार्ड और सिपाही शामिल थे।



मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कैमूर पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि मोहनिया वार्ड 07 में इंजेक्शन लेने वाले लोग एक जगह जुटे हुए हैं। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन कर छापेमारी किया गया तो 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। वही कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। इन आरोपियों से पूछताछ कर एक दर्जन लोगों की पहचान की गई है। उन लोगों के खिलाफ भी छापेमारी अभियान तेज किया जाएगा। जो भी गिरफ्तार हुए हैं उन सभी के शरीर पर इंजेक्शन लेने से संबंधित निशान मिले हैं। सभी को जेल भेजा जा रहा है।

## सीआरपी जवान के घर चोरी, सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोर

**जहानाबाद (नि. सं.)।** जहानाबाद घोसी थाना क्षेत्र के डैडी गांव में CRP जवान के घर में बीती रात चोरों ने चोरी की। इस घटना में लगभग 5 लख रुपए के सामान की चोरी हो गई। गृह स्वामी राजेंद्र दास ने बताया कि शुक्रवार की रात हम लोग घर में सोए हुए थे। तभी बाहर से सीढ़ी लगाकर कुछ लोग घर में घुसे और मेरे पुत्र वधू जो घर में सोई हुई थी, उसके रूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। घर में रखे हुए गोदरेज का ताला तोड़कर सोने की चेन, बर्तन और कपड़ा सहित कई सामान चोरों ने चोरी कर ली। राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हम दलान पर सोए हुए थे जब सुबह हुई तो अपने घर गए। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा खुलवाया तो देखा कि मेरे घर में चोरी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। गांव के बधार से टूटा हुआ बक्सा और कुछ सामान बरामद हुए हैं।

# शरारती तत्वों ने करवंदिया स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर किया पथराव

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** डीडीयू-गया रेल ट्रैक पर करवंदिया स्टेशन के नजदीक शुक्रवार की शाम शरारती तत्वों ने बनारस-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया है। सासाराम रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस खुली और चार से पांच किमी दूर करवंदिया स्टेशन के पास से गुजर ही रही थी, तभी शरारती तत्वों ने पथराव किया है। पथराव से एक बोगी का एक विंडो मिरर क्षतिग्रस्त हुआ है, कोई चोटिल नहीं है। सासाराम के आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि 12/04/24 को गाड़ी बनारस रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच संख्या C7 में पत्थर लगने को सूचना पर जांच की गई है।



सासाराम स्टेशन पर उप निरीक्षक सुशील कुमार के द्वारा जांच के क्रम में उक्त गाड़ी में तैनात ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी साथ स्टाफ से पूछताछ की गई। बताया कि गाड़ी में ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से गया स्टेशन तक तैनात थे। उसी दौरान जब गाड़ी सासाराम स्टेशन से समय 17:52 बजे खुली और ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी कोच में गश्त कर रही थी, इसी बीच कोच संख्या C 7 के सीट नंबर 25, 26, 27 की दक्षिण साइड की खिड़की की कांच क्रैक मिली।

इस संबंध में सीट नंबर 25 पर बैठे यात्री अमरेंद्र कुमार जो बनारस से रांची तक अपने संबंधी के साथ यात्रा कर रहे थे ने बताया कि किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा पत्थर चलाने से जोरों की आवाज आई और मैं देखा कि मेरे सामने दक्षिण साइड का खिड़की कांच क्रेक हो गया है। गाड़ी में कार्यरत रेलवे को तुरंत सूचित किया गया और कोच में पहुंचकर इनके द्वारा भी उक्त क्रैक खिड़की कांच को देखा गया। वंदे भारत एक्सप्रेस में सभी मिरर पर दो ग्लास होते हैं, पथराव से बाहर ग्लास का एक हिस्सा टूटा है। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शरारती तत्वों को जल्द ही चिन्हित कर लिया जाएगा।

## दो बाइक की टक्कर में पांच घायल, तीन की हालत गंभीर

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के मझियावं मोड़ के पास दो बाइक की सीधी टक्कर में पति, पत्नी, बेटा सहित पांच लोग घायल हो गए। इनमें मां-बेटा सहित तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में कुदरा थाना क्षेत्र के नेवरास गांव निवासी अंगद पासवान, इनकी पत्नी निशा कुमारी, डेढ़ वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार एवं भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी रघुनाथ मल्लाह के पुत्र सोनू कुमार व साहू साह के पुत्र अंतू कुमार शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, अंगद अपनी ससुराल बेल्डी से पत्नी व बेटे के साथ बाइक से नेवरास व दूसरी बाइक पर सवार सोनू व अंतु बाइक से बेलांव अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मझियांव मोड़ के पास दोनों बाइक में सीधी टक्कर हो गई, जिससे उक्त सभी पांचों लोग घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किए गए निशा कुमारी व बेटा अनुराग कुमार एवं अंतु कुमार को लेकर उनके परिजन बनारस चले गए। सोनू व अंगद का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# भड़काऊ पोस्टर टांगने के मामले में प्रेस संचालक गिरफ्तार, 10 अज्ञात युवकों की हुई पहचान, शराब का फ्रूटी पैक भी बरामद

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ शहर के राजेंद्र सरोवर पास अज्ञात लोगों ने जुलूस नहीं तो वोट नहीं चुनाव बहिष्कार लिखते हुए एक बैनर मुख्य सड़क के पास ही लगा दिया गया था। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन ने जांच अभियान तेज किया जहां भभुआ शहर के अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की गई। प्रिंटिंग प्रेस में पोस्ट छपने से संबंधित सारे एविडेंस मिले और तीन पीस शराब का फ्रूटी पैक भी बरामद हुआ। जब सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने खंघालना शुरू किया तो पोस्टर छपवाने वाले की पहचान हुई और उसके साथ रहे अज्ञात 10 लड़कों की भी पहचान की गई। जिस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कैमूर पुलिस ने अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस के संचालक और सहचालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में भभुआ शहर के वार्ड नंबर 17 का संदीप कुमार अग्रवाल और वैभव कुमार अग्रवाल बताये जा रहे हैं। वही पोस्टर छपवाने वाला सचिन सिंह फिलहाल फरार है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। कैमूर जिलाधिकारी सावन कुमार और एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कैमूर जिले में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई थी जहां डीजे बजाने को लेकर प्रतिबंधित किया गया था और जुलूस निकालने का परमिशन दिए जाने की बात कही गई थी। जहां गुरुवार को जानकारी मिला की राजेंद्र सरोवर के पास और असामाजिक तत्वों द्वारा एक बैनर टांग कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है जिसमें लिखा था जुलूस नहीं तो वोट नहीं मतदान बहिष्कार। जबकि जुलूस निकालने का परमिशन लोगों को दिया जा रहा है। इसी क्रम में जब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया तो अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी की गई। जहां उसके कंप्यूटर में आपत्तिजनक टांगे गए पोस्ट का फॉर्मेट बरामद हुआ और सीसीटीवी फुटेज पर पोस्टर छापने वाले आरोपियों की भी पहचान की गई। जिसके बाद प्रिंटिंग प्रेस के अंदर से तीन पैकेट शराब भी मिला तो प्रिंटिंग प्रेस के संचालक सह चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्रिंटिंग प्रेस को सील कर दिया गया है आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# नोखा के दुर्गा मंदिर में हनुमान जी के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आरंभ

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम की नोखा नगर पंचायत के पश्चिमी पट्टी, दुर्गा मंदिर में हनुमान जी के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के क्रम में पहले दिन शनिवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। पश्चिम पट्टी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर नोखा मुख्य बाजार, बस स्टैंड से होते हुए शोभा यात्रा नहर डग के शिव मंदिर पहुंची। फिर वहां श्रद्धालुओं द्वारा जलभरी की। इसके बाद फिर पुन जलभरी यात्रा नोखा मुख्य बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर वापस लौटी।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सैकड़ों श्रद्धालु स्त्री-पुरुष शामिल हुए। साथ ही घोड़े, रथ के साथ बड़ी संख्या में भगवा झंडे लिए नौजवानों ने भी भागीदारी की। बैंड बाजे और डीजे के साथ जयकारा और भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जय मां दुर्गा विकास समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से आरंभ हो गया।



15 अप्रैल सोमवार को भंडारा के साथ इसका समापन होगा। बताया कि आयोजन में नोखा शहर के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी है, सभी बढ़-चढ़ कर इसमें भाग ले रहे हैं। तीन दिन तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा। भंडारा में हजारों लगो प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति में कमेटी के अध्यक्ष हरख सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य रविशंकर सिंह,अनुराग सिंह, मुकेश कुमार, कृष्ण कांत तिवारी, संजय कुमार, परशुराम बैठा, श्याम लाल सिंह एवं अन्य सदस्य शामिल हैं।

## बाइक से एक बच्ची एवं एक बच्चा घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)।** सड़क दुर्घटनाओं में सात वर्षीया बच्ची व दो वर्षीय बच्चा घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। घायलों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के उमापुर गांव निवासी राजेश कुमार मौर्य की सात वर्षीया पुत्री नंदनी कुमारी व भभुआ थाना क्षेत्र के डबढ़िया गांव निवासी गणेश बैठा के दो वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि नंदनी खेत पर से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान मुंडेश्वरी की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया, जिसमें वह घायल हो गई। जबकि अभिषेक अपने गांव के काली मंदिर के पास खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे धक्का मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर बच्चों के रिश्तेदार भी सदर अस्पताल में पहुंचे हैं।

# गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे समुचित कदम

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** रेल मंत्रालय भारतीय रेलवे नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेल मंत्रालय द्वारा आगामी गर्मी के मौसम और संभावित हीट वेब के मद्देनजर स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की गयी है और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय रेलों को निर्देश जारी किए गए हैं। रेल मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय रेलों को जारी निर्देष में स्टेषनों पर उपलब्ध वॉटर कूलर सही ढंग से कार्य करने तथा यात्रियों की मांग के अनुरूप पेयजल की उपलब्धता सुनिष्चित करने पर विषेष बल दिया गया है। इसके अलावा आवष्यकतानुसार महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर की तैनाती भी की जाएगी। पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेषनों पर यात्रियों को उत्तम पेयजल की उपलब्धता सुनिष्चित की गयी है। यात्रियों की संख्या के मद्देनजर स्टेषनों पर पर्याप्त संख्या में वाटर टैब लगाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल के 84 स्टेषन पर 207 वाटर कूलर भी लगाए गए हैं। इसी तरह 85 स्टेशन पर 236 वाटर वेंडिंग मशीन का प्रावधान किया गया है। आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि भी की जा सकती है। स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिष्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमिति रूप से निगरानी की जाएगी। पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में, रेलवे अधिकारी नगर निगमों/राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिष्चित करेंगे। महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स एंड गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल का वितरण सुनिष्चित किया जाएगा। रेल मंत्रालय के निर्देश के आलोक में स्टेषनों पर चैबीसों घंटे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और इसमें किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए रेल कर्मचारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी। रेल मंत्रालय अपने यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन उपायों का उद्देश्य पूरे गर्मी के मौसम में स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की आसान पहुंच की गारंटी देना है।

# स्कूलों में पहुंचकर 1 से 8 के बच्चों को दी जाने वाली पाठ्य पुस्तकों का वितरण का जायजा लेंगे अधिकारी : शिक्षा पदाधिकारी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जिले के 1202 स्कूलों में वर्ग 1 से 8 वीं कक्षा तक के किताबों का वितरण शुरू हो चुका है। बता दें कि जिले में पुस्तकों की आपूर्ति की जांच की जिम्मेदारी प्राथमिक शिक्षा निदेशक को दी गई है। जांच का कार्य 13 अप्रैल तक पूरा किया जाना है। जांच करने वाले अधिकारियों से फॉर्मेट में रिपोर्ट भी मांगी गई है। जिसमें विद्यालय का नाम, कुल पुस्तकों की संख्या, प्राप्त पुस्तकों की संख्या, वितरित पुस्तकों की संख्या, शेष पुस्तकों की संख्या एवं अभियुक्ति के कॉलम हैं। जांच करने वाले सभी अधिकारियों को शिक्षा विभाग के उपनिदेशक प्रशासन को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुमन शर्मा ने बताया कि जिले में वर्ग 1 से 8 के बच्चों को दी जाने वाली पाठ्य पुस्तकों के वितरण को लेकर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी बीआरसी में पुस्तकें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर किताब वितरण का भी जायजा लेंगे। बता दें कि सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024 -25 की किताबें संबंधित प्रखंडों में मार्च के अंत तक पहुंचा दी गई थी। प्रखंडों के माध्यम से किताबें स्कूलों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि कि विगत वर्षों में सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तक के लिए राशि उनके खाते में उपलब्ध कराई जा रही थी। पहली से पांचवी तक के प्रति विद्यार्थी को 250 एवं छठवीं से आठवीं वर्ग में अध्ययनरत प्रति विद्यार्थियों को 400 रुपए की दर से राशि दी जाती थी। यह राशि डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के माता-पिता के बैंक खाते में विभाग उपलब्ध कराता था। छात्रों को मिलेंगे किताबों के अलग-अलग सेट पहले से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को किताबों का अलग-अलग सेट मिलेगा।बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक निगम के द्वारा किताबें उपलब्ध कराई गई है। बता दें कि जिले में नामांकित बच्चों के अनुपात में मात्र 70 फ़ीसदी ही किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। स्कूलों में नया सत्र शुरू हो चुका है। इस सत्र में छात्रों को पुस्तकों के वितरण के लिए विभाग से निर्देश जारी किए गए हैं। बीआरसी में उपलब्ध हैं किताबें नए शैक्षणिक सत्र से सरकारी विद्यालयों में वर्ग 1 से 8 के छात्रों को किताबें वितरित की जाएगी। बीआरसी में किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। किताब वितरण के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। किताब वितरण की नियमित रूप से जांच होगी। ऑनलाइन भी कर सकते हैं पढ़ाई स्टूडेंट्स जब मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करेंगे तो इससे संबंधित जो वीडियो लेक्चर यूट्यूब पर होगा वह आ जाएगा। अगर कंटेंट होगा तो उसे संबंधित वेबसाइट लिंक आ जाएगा। स्टूडेंट के माध्यम से संबंधित विषय के बारे में और विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा कक्षा एक से आठवीं तक के छात्रों के लिए उपलब्ध होगी। स्मार्टफोन के जरिए स्कैन करते ही पाठ्यपुस्तक ऑडियो प्रारूप में सामने आने लगेगी। ऑनलाइन होने से बच्चों को इसमें अपना पाठ याद करने में मदद मिलेगी। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद और एससीईआरटी द्वारा एक से आठवीं तक के सभी विषयों की किताबों को डिजिटल किया गया है। डिजिटल फॉर्म में सभी किताबों को ई- लॉट्स ईलाइब्रेरी टीचर्स एंड स्टूडेंट्स से जोड़ा गया है। इसमें एक से आठवीं तक की सभी किताबें ई-लॉट्स से जुड़ी हैं। ई- लॉट्स से स्कूली बच्चे भी जुड़े इसके लिए किताबों पर क्यूआर कोड दिया गया है।इसे स्कैन कर छात्र ई- लॉट्स जुड़ सकते हैं।बता दें कि एससीईआरटी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत किताबों का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। कैमूर के 1202 सरकारी विद्यालयों में वर्ग 1 से 8 के लिए 2,73520 पुस्तकों की डिमांड भेजी गई जिसमे 1,95978 किताबे जिले को प्राप्त हुई है।पाठ्य पुस्तक के वितरण को लेकर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों और प्रधानाध्यापक को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। सभी प्रखंडों के बीआरसी से पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।जिसे स्कूल के नामित शिक्षक प्राप्त करते हुए स्कूल में वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।प्रथम चरण में पुस्तक जिले को प्राप्त हो चुकी है। जिन्हें बीआरसी में उपलब्ध करा दिया गया है। एक सप्ताह में सभी वर्गों के लिए पुस्तकें उपलब्ध हो जाएंगी।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व सीएम बीपी मंडल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बी पी मंडल की पुण्यतिथि पर शनिवार को शहर के पोस्ट ऑफिस चौक के पास स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बीपी मंडल स्मृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ललन सिंह ने किया। इसका संचालन सत्यनारायण स्वामी के द्वारा किया गया। मौके पर जुटे लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर बीपी मंडल को नमन किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान के मुख्य सचिव सुग्रीव प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बीपी मंडल सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। बिहार के सीएम के रूप में उन्होंने अनेक कदम उठाए, जिससे पिछड़े और वंचित वर्ग को अधिकार मिले। इसके बाद उन्हें पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए बनाए गए आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। उनके द्वारा जो रिपोर्ट पेश की गई, उसे हम आज मंडल आयोग की रिपोर्ट के नाम से जानते है। इस ऐतिहासिक रिपोर्ट के आधार पर पिछड़े वर्ग को नौकरी एवं शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ मिला है। जिससे भारत में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन हुआ है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

तद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गढ़वा जिला अंतर्गत वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनका शस्त्र अनुज्ञप्ति दूसरे जिला/राज्य से निर्गत है, तथा गढ़वा जिला में निवास करते है, वे अपने शस्त्र को अविलम्ब नजदिकी थाना में जमा करना सुनिश्चित करेगें। यन्यथा शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

प्रभारी जिला शस्त्र, दण्डाधिकारी
गढ़वा

PR 323786 District (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर के बूथों पर वृद्ध व निःशक्त मतदाताओं कोमिलेगी विशेष सहूलियत

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में वृद्ध व निःशक्त मतदाताओं को बूथों पर विशेष सहूलियत मिलेगी। इसके लिए सभी बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के दौरान सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिया गया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल कुमार रंजन ने बताया कि निशक्त मतदाताओं को मतदान करने में चुनाव आयोग के द्वारा विशेष सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया है। इसके लिए वृद्ध व निशक्त मतदाताओं के लिए बुथों पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए बीएलओ को विशेष जिम्मेवारी दी गई है। वहीं 80 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र वाले वरिष्ठ व निशक्त मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि गया लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसकी तैयारी में फतेहपुर प्रखंड प्रशासन जोर-शोर से लगा हुआ है। बुथों पर जहां बुनियादी सुविधाएं बहाल की जा रही है वहीं विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

### शिक्षकों, कर्मचारियों को जल्द वेतन भुगतान नहीं होने पर अभाविप करेगा उग्र आन्दोलन

**बोधगया।** विगत कई महीनों से प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा मनमाना करने के कारण विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता ख़तरे में नजर आ रही है। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के लगातार तानाशाही एवं अड़ियल रवैये के कारण आज प्रदेश भर में अराजक स्थिति बन गई है। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते राज्यपाल ही केवल दिशानिर्देश देने का अधिकार रखते हैं एवं यूजीसी भी कई निर्णयों में यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार विश्वविद्यालयों में वित्तीय सहायता देने के नाम पर उसकी स्वायत्तता को खत्म नहीं कर सकती। राज्यपाल प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं, लेकिन उनके आदेश को भी शिक्षा विभाग के बेलगाम अधिकारी नहीं मान रहे हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश की गरिमा देश भर में हास्यास्पद बन गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा विश्वविद्यालयों के खातों पर रोक लगाना, मानसिक विकृति को दर्शाता है। विगत कई महीनों से शिक्षकों, कर्मचारियों एवं पेंशन धारियों का वेतन रोकना मानवीय त्रासदी से कम नहीं है। ऐसी परिस्थिति में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की चुप्पी उनकी लाचारी को दर्शाता है। जानकारी के लिए बता दें कि अभाविप दक्षिण बिहार प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज सिंह ने कहा कि अगर तीन दिनों में मांगों पर विचार नहीं किया गया, तब आंदोलन होगा। अभाविप की मांगें 1. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर लगाई रोक को तुरंत हटाया जाए जिससे विश्वविद्यालय सुचारू रूप से कामकाज कर सके। 2. सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का बकाया वेतन एवं पेंशन (माह फरवरी से वेतन नहीं मिला है) तुरंत जारी किया जाए। 3. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में हजारों अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जिन्हें 11 महीने से मानदेय नहीं मिला है। इसे शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय पर टाल रहा है। इससे शिक्षकों के लिए वित्तीय संकट के साथ साथ मानवीय संकट भी उत्पन्न हो रहा है। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया जाए कि अतिथि शिक्षकों का बकाया मानदेय तुरंत जारी करे।

### स्कूलों के समीप चुनावी सभाओं के कारण घटी छात्रों की संख्या

**गया।** लोकसभा चुनाव के दौरान गया जिला के नौ विधानसभा क्षेत्रों में प्रथम चरण के तहत आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों का जिले में दौरा लगातार जारी है। चुनावी सभा के दौरान नेतागण लोगों को लोक-लुभावने वायदों से लुभाने में जुटे हैं। लेकिन, इन सबका प्रतिकूल प्रभाव देश के भविष्य पर पड़ रहा है। विभिन्न स्कूलों के समीप स्थित मैदानों में नेताओं की सभा आयोजित किए जाने के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि विद्यालयों से बच्चों की संख्या में अप्रत्याशित रुप से कमी आने लगी है। इसमें कोई शक नहीं है कि केके पाठक ने शिक्षा विभाग के अपर सचिव के रुप में पदभार ग्रहण करने के बाद सूबे में शिक्षा व्यवस्था में अप्रत्याशित रुप से सुधार किया है। श्री पाठक का भय ही कहेंगे कि विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति भी काफी बढ़ी है। इतना ही नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी काफी सुधार हुआ है। इसका सीधा असर हाल ही में जारी विद्यालयों के वार्षिक परीक्षाफल पर भी देखने को मिला। हालांकि वर्तमान में चुनाव प्रचार के दौरान केके पाठक भी नेताओं के आगे विवश नजर आ रहे हैं। स्कूलों से घट रहे छात्र स्थिति यह है कि जिन स्कूलों के आसपास चुनावी सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। वहां सुबह से ही लाउडस्पीकों की तेज आवाज के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ऐसे में विभिन्न विद्यालयों में इन दिनों छात्रों की संख्या भी लगातार घटती जा रही है। कई विद्यालयों में तो स्थिति यह है कि शिक्षक तो केके पाठक के डर से समय से विद्यालय पहुंच जा रहे हैं। लेकिन, छात्रों की अनुपस्थिति के कारण वे सिर्फ विद्यालय में बैठकर समय पास कर रहे हैं। विभिन्न स्कूलों के निकट हो रहीं चुनावी सभाएं गया जिला के विभिन्न प्रखंडों में इन दिनों चुनाव प्रचार पूरे शवाब पर है। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता लगातार चुनाव प्रचार के लिए गया जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। लेकिन, नेताओं के इस चुनाव प्रचार का सबसे प्रतिकूल प्रभाव नौनिहालों पर पड़ रहा है। विभिन्न प्रखंडों में विद्यालयों के निकट आयोजित चुनावी सभा बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### बदमाश एटीएम लूटने के प्रयास में रहे विफल

**नालंदा।** नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र के सोइवापर स्थित पंजाब नैशनल बैंक का एटीएम को बीती रात्रि में बदमाशों के द्वारा लूटने का विफल प्रयास किया गया। इस क्रम में लूटेरों ने पहले एटीएम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया और बंद पड़े एटीएम के शटर का ताला को गैस कटर के माध्यम से काटकर अंदर घुसकर एटीएम मशीन को भी गैस कटर से काटने का प्रयास किया। हालांकि बदमाश इसमें सफल नहीं हो सका। शुक्रवार को स्थानीय लोगों की नजर जब टूटे हुए एटीएम के शटर पर गया तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। आनन-फानन में अस्थावां पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ की उपरांत ममाले की जांच में जुट गई। वहीं, इस घटना के बाद नेपुरा पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंधक को जानकारी दी गई तो वे टेक्नीकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच उपरांत के बाद उन्होंने बताया कि एटीएम मे रखें रूपए सुरक्षित है। लेकिन एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस मामले में अस्थावां थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस दिवयांजली जैयसवाल ने बताया कि बदमाशों द्वारा एटीएम तोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि शाखा प्रबंधक के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की पहली घटना है। सभी सीसीटीवी कैमरा फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। डीआईयू की टीम को बुलवाकर तकनीकी रूप से भी जांच की जा रही है।

### फल ले रही तीन महिला घायल

**गया।** गया जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत बहेरा ओपी क्षेत्र में झारखंड की ओर से तेज़ रफ्तार में आ रहे, ऑटो चालक ने ठेले पर फल ले रही महिलाओं को भीषण टक्कर मार कर दी। ऑटो की टक्कर से फल ले रही तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई है। टक्कर के बाद ऑटो ऑटो पान सिगरेट की गुमटी में जा टकराया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक को ऑटो सहित पकड़ लिया और इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने डायल 112 की टीम को दी, इसके बाद डायल 112 की टीम पहुंची ऑटो में ब्रेक फेल का हवाला देकर उसे छोड़ दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों के सहयोग से घायल तीनों महिलाओं को इलाज के लिए डोभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां दो महिलाओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में स्थानीय दीपक कुमार ने बताया 9 अप्रैल से नवरात्रि को लेकर मटन मोड़ के पास विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है इसे लेकर यज्ञ चल रहा है। आसपास के गांव से बड़ी संख्या में लोग यहां पूजा पाठ करने आ रहे हैं। यहां भी महिला है पूजा पाठ करने आए थे पूजा पाठ करने के बाद ठेले पर फल ले रहे थे इसी क्रम में तेज रफ़्तार ऑटो ने जबरदस्त टक्कर मारकर तीनों को घायल कर दिया है जिसमें से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# हथियार-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार कारतूस का करता था खरीद फरोख्त

♦ **घर से चुलाई शराब भी हुई बरामद**

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा की रहुई पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ एक अपराधकर्मी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने मामलें की जानकारी दी। कुणाल कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के आलोक में निष्पक्ष एवं भय मुक्त मतदान कराने हेतु सक्रिय अपराध कर्मियों के विरुद्ध गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी आलोक में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बसानपुर गांव निवासी जेठन महतो का पुत्र ज्वाला प्रसाद के घर में कार्रवाई की गई। जहां से हथियार कारतूस के साथ देशी चुलाई शराब बरामद की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ज्वाला प्रसाद के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी कि वह कारतूस की खरीद फरोख्त करता है। जब पुलिस छापेमारी करने ज्वाला प्रसाद के घर गई तो भारी मात्रा में कारतूस बरामद की गई। वहीं छापेमारी के दौरान घर में शराब की बदबू आ रही थी। इसके बाद छानबीन के उपरांत बोतल और पानी के बर्तन से देशी शराब बरामद की गई। कारतूस की खरीद फरोख्त के साथ ही चुलाई शराब की भी बिक्री करता था। ज्वाला प्रसाद के घर से एक देसी कट्टा, 20 जिंदा कारतूस एवं 7 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई है। छापेमारी टीम में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, प्रशिक्षु दारोगा शशि रंजन कुमार, राजकुमार चौधरी एवं रहुई थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही। ज्वाला प्रसाद पर आर्म्स एक्ट एवं एक्साइज एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं इसके आपराधिक इतिहास के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# डीएम ने 33 लोगों पर लगाया सीसीए

निज संवाददाता। नालंदा



**लोकसभा चुनाव को लेकर की गई कार्रवाई, नियमित रूप से दूसरे थाने में उपस्थिति करवानी होगी दर्ज**

लोकसभा चुनाव व रामनवमी के अवसर पर शांति बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी के द्वारा 33 लोगों पर सीसीए लगाकर थाना बदर कर दिया गया है। इन्हें नियमित रूप से दूसरे थाने में उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। नालंदा डीएम शशांक शुभंकर के न्यायालय में सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया गया है। 33 में से एक आरोपित को पटना जिला के एक थाना में उपस्थिति दर्ज करवाने का आदेश दिया गया है। सबसे अधिक बिहारशरीफ के ही लोगों पर कार्रवाई की गयी है। लहेरी थाना क्षेत्र के 11 तो बिहार थाना क्षेत्र के नौ लोगों को थानाबदर किया गया है।

**इनपर हुई कार्रवाई:** कल्याण बिगहा-कुंदन कुमार उर्फ आदित्य कुमारकरायपरसुराय-विपिन कुमार उर्फ विपिन यादवबिहार-शहनवाज उर्फ राजा, प्रह्लाद चौधरी, नवल किशोर यादव, रामाश्रय यादव, मकसूद यादव उर्फ केशर उर्फ मकसुदन, शकील अहमद, जाहिद, शमीम उर्फ शामो, पवन कुमार लहेरी-सल्लु उर्फ भूरा, छोटू स्वर्णकार उर्फ हल्लो, रवि कुमार, मनीष पांडेय, डोभी स्वर्णकार उर्फ महेश स्वर्णकार, टेनी साव, रिजवान कुरैशी, गुड्डू कुमार, तबरेज मल्लिक, जोकन कुमार, चुन्नु मालाकार,बिन्द-दिलीप यादव, राजु कुमार उर्फ रज्जु बिन्द उर्फ राजेश उर्फ डॉक्टर, नीतीश कुमार उर्फ टुसरी, मुन्ना चौधरीमानपुर-सुनील यादव, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव, दिलीप पासवान, राजीव यादवपरवलपुर-संजीत कुमार, शंकर सिंहचंडी-राजीव कुमार जिलाधिकारी ने सभी थाना अध्यक्षों को इन लोगों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

# चिरागा मेला में जुलूस के लिए लेना होगा अनुमति

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ के बड़ी दरगाह स्थित हजरत शेख सरफुद्दीन अहमद मनेरी रहमतुल्ला अलैह के मजार पर सालाना उर्स का आयोजन होता है। चली आ रही परंपरा के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से पहली चादरपोशी की जाती है। मखदूम साहब के मजार पर चादर पोशी की जाती है। जिला प्रशासन के बाद ही आम लोग एवं अन्य संस्थान या ऑफिस से चादर पोशी करने की रस्म चली आ रही है। हजरत मखदूम-ए-जहां यहिया मनेरी रह. के 663 वें उर्स चिरागा मेला के अवसर पर चादरपोशी हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ अभिषेक पलासिया के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त अवसर पर बिना अनुमति के कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। चादरपोशी के लिए सोगरा कॉलेज के रास्ते जाना होगा एवं सोगरा कॉलेज तक पैदल जुलूस की अनुमति नहीं होगी। सोगरा कॉलेज तक वाहन से आना होगा एवं वाहन को सोगरा कॉलेज के पार्किंग में लगाना होगा तथा वहां से बड़ी दरगाह तक चादरपोशी के लिए पैदल जाना होगा। बाबा मनिराम अखाड़ा के तरफ से चादरपोशी हेतु आने वाले व्यक्तियों को वाहन से नेहाल मस्जिद तक आना होगा। उसके आगे पैगल जाने की अनुमति होगी। उक्त अवसर पर डी.जे/ किसी प्रकार के साउंड सिस्टम को जुलूस के साथ जाने की अनुमति नहीं होगी।

# संदिग्ध हालत में मजदूर की मौत, मुंह से निकल रहा था झाग, ठेकेदार घर छोड़ फरार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार की रात एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक कि पहचान बेन थाना क्षेत्र के मैजरा गांव निवासी स्व. राजेश्वर यादव के (45) वर्षीय पुत्र सिकन्दर यादव रुप में की गई है। शनिवार की सुबह परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। परिजन ने बताया कि सिकंदर यादव पीकू ठेकेदार के यहां रहकर मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार की शाम ठेकेदार सिकंदर यादव को अपनी गाड़ी में बैठकर उसके घर लाया और उसे उतार कर वहां से चला गया। उस वक्त घर पर बच्चों के अलावा कोई मौजूद नहीं था। जैसे ही यह बात ग्रामीणों को मिली और वह सिकंदर यादव को देखने पहुंचे तो मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को लेकर गांव चले आए। घटना की जानकारी लेने के लिए ठेकेदार के यहां कॉल किया गया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया इसके बाद फोन स्विच ऑफ आने लगा। इसके उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

**6 महीने से कर रहा था मजदूरी:** मृतक भागन बीघा ओपी के बबुरबन्ना निवासी ठेकेदार पीकू यादव के यहां पिछले 6 महीने से मजदूरी का काम कर रहा था। उसके 2 पुत्र एवं 2 पुत्री है। साल भर पूर्व ही उसने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। वह मजदूरी कर अपने घर परिवार को चल रहा था। बेन थाना अध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। लिखित आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था।

# डीएम पहुंचे कंट्रोल रूम, पीठासीन अधिकारियों को कॉल कर ली ट्रेनिंग की जानकारी


निज संवाददाता। गया



हेलो मैं डीएम गया बोल रहा हूँ। क्या आप पीठासीन अधिकारी फलां बोल रहे हैं। तो जरा ये बताइए कि पोलिंग एजेंट को मतदान के बाद कौन सा कार्बन कॉपी दिया जाता है। चलिए सही जवाब दिया आपने। आपने अच्छे से ट्रेनिंग ली है। शुभकामना...डीएम द्वारा कंट्रोल रूम बैठ कर खुद ही इस तरह से सवाल पूछे जाने की चर्चा पीठासीन अधिकारियों के बीच देर शाम चर्चा में बनी रही। दरअसल पीठासीन अधिकारियों ने सही से ट्रेनिंग ली है या नहीं या फिर वे कुछ भूल रहे हैं। इस बात को परखने के लिए डीएम अचानक से शाम में कंट्रोल रूम पहुंचे। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों की लिस्ट अपने सामने रखी और उस पर दर्ज नाम और फोन नम्बर को देख पीठासीन अधिकारियों को एक एक कर फोन कॉल करना शुरू कर दिया। डीएम (ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी) डॉ त्यागराजन ने रैंडमली अनेक पीठासीन अधिकारी को कॉल करके मतदान के दिन क्या क्या प्रमुखता से काम करना होता है। इस बात की जानकारी फोन कॉल कर ली। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से मतदान के दिन कौन कौन सा फॉर्म भरे जाते हैं, ईवीएम हैंडलिंग, बीयू, सीयू, विविपैट, पोलिंग एजेंट को पोलिंग के बाद कौन सा कार्बन कॉपी दिया जाता है। इन सवालों का जवाब फोन कॉल कर लिया। डीएम ने पीठासीन अधिकारी अभिनंदन कुमार, राहुल कुमार, शिवशंकर कुमार, पवन कुमार, रवि कुमार, कुणाल कुमार इत्यादि को रैंडमली कॉल किया और ईवीएम और मतदान के दिन क्या क्या काम करने होते हैं। इस बात की पूरी जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने सभी पीठासीन अफसरों से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप लोगों ने काफी अच्छी तरह ट्रेनिंग लिया है। डीएम ने सभी पीठासीन पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। कहा कि आप सभी अच्छे तरीके से मतदान कार्य सम्पन्न करवाएं। इस मौके डीएम ने प्रशिक्षण कोषांग एव ज़िला नियंत्रण कक्ष के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मास्टर ट्रेनर के माध्यम से बारी बारी से सभी पीठासीन पदाधिकारी को कॉल करके बेसिक जानकारी लें। इस क्रम में कोई पीठासीन पदाधिकारी कमजोर या कम जानकारी वाले चिह्नित होते हैं, तो उनका नाम और अन्य जानकारी अलग रजिस्टर में नोट करें और उनकी समस्या का समाधान करें। यही नहीं उनसे बार बार फॉलो अप लेते रहे।

# थानाध्यक्ष पर 50 हजार रिश्वत मांगने का था आरोप

निज संवाददाता। गया



गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड के बहसा पीपरा पंचायत के पहड़ी गांव के ईंट भट्ठा व्यवसायी पूर्व मुखिया वीरेंद्र यादव से फतेहपुर पुलिस द्वारा होली के नाम पर 50 हजार की रिश्वत की मांग करने का मामला झूठा निकला। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय की जांच में आरोपी वीरेंद्र मुखिया के पिता हरि यादव एक भी तथ्य और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। फिलहाल आरोपी फरार चल रहा है। उसके खिलाफ बाराचट्टी थाने में केस दर्ज है। हरि यादव ने आरोप लगाया था कि फतेहपुर पुलिस ने होली का खर्च नहीं मिलने पर ईंट व्यवसायी के घर चढ़ कर गाली-गलौज की थी। फतेहपुर पुलिस ने पहले वीरेंद्र को थाने पर बुलाया था और थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार द्वारा 50 हजार रुपए होली के नाम पर मांग की गई थी। नहीं देने पर पुलिस ने घर पर चढ़ कर गाली गलौज की घटना को अंजाम दिया था। सम्बन्धित मामले में व्यवसायी के पिता हरि यादव ने एसएसपी आशीष भारती के पास आवेदन दिया था। एसएसपी ने एसडीपीओ वजीरगंज को मामले की जांच सौंपी थी। एसडीपीओ वजीरगंज ने बताया कि जांच में आरोप लगाने वाले की ओर से घटना से जुड़ा कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। उनके द्वारा लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद निकले। उन्होंने बताया कि फतेहपुर पुलिस 9 अप्रैल को वीरेंद्र के घर पर रेड मारने गई थी। वीरेंद्र के खिलाफ बाराचट्टी थाना में लम्बे समय से केस दर्ज है। वीरेंद्र लगातार फरार चल रहा है। यही वजह है कि मामले को उलझाने के लिए फतेहपुर थानाध्यक्ष पर गलत आरोप लगाया गया। ताकि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सके।

## डायल-112 को मिली 25 नई स्टाइलिश बाइक

निज संवाददाता। गया



गया वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान आशीष भारती के द्वारा अधीक्षक कार्यालय परिसर में डायल 112(ERSS) के 25 नए मोटरसाइकिल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शहर में फ्लैग मार्च के लिए रवाना किया गया ताकि विधि व्यवस्था बनी रहे। डायल-112 के प्रत्येक वाहन में आपातकालीन सहायता किट के अतिरिक्त, पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शामिल किया गया है। जिससे कि आपात स्थितियों में त्वरित और कुशल सेवा सुनिश्चित किया जा सके। प्रथम चरण में गया ज़िला में डायल-112 (ERSS) की 20 वाहन शहरी क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान कर रही थी। द्वितीय चरण में डायल-112 (ERSS) की 40 वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवा प्रदान कर रही है। आज तृतीय चरण की सभी डायल-112 (ERSS) 25 मोटरसाइकिल वाहनों को शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए रवाना किया गया है। जिले की डायल-112 सेवा ने प्रदेश भर में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए लगातार श्रेष्ठ स्थान अर्जित किया है। इसके परिणामस्वरूप, गया जिले के नागरिकों को उच्चतम गुणवत्ता की सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। एसएसपी आशीष भारती ने बताया डायल-112 (ERSS) 25 मोटरसाइकिल शहर में सुरक्षा व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाया गया है। आज 25 डायल-112 के माध्यम से आम नागरिक ना केवल पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते है बल्कि अग्निशमन एवं एम्बुलेंस की सेवा भी प्राप्त कर सकते है।

# कोल्ड्रिंक की बोतल से साले के सिर पर किया हमला, घायल, पत्नी को दो बार छोड़ चुका था

निज संवाददाता। गया



गया अपनी पत्नी को लगातार दो बार छोड़ने के बाद तीसरी बार शादी करने की इच्छा पूरी नहीं हुई तो साले के सिर पर कोल्ड्रिंक की बोतल से हमला कर लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में गम्भीर रूप से घायल युवक को शेरघाटी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे देर रात मगध मेडिकल कालेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। यह वारदात शेरघाटी थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित एक पान की गुमटी के पास हुई। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सफीचक गांव के जहांगीर आलम के रूप में हुई है। साले का सिर कोल्ड्रिंक की बोतल से फोड़ने वाला शख्स आसिफ फरार है। वह जिले के आमस प्रखंड के गांव नीमा गांव का रहने वाला है। घायल जहांगीर का कहना है कि उसकी बहन की कोर्ट में निमा गांव के आसीफ से 2022 में शादी हुई थी। शादी में बतौर 80 हजार नगदी के अलावा दहेज के रूप में कीमती सामान भी दिए गए थे। शादी के कुछ दिनों बाद पति पत्नी के रिश्ते में दरारें आ गईं। उसने बहन से अचानक रिश्ता तोड़ दिया लेकिन कुछ ही महीने बाद उसने समझौता कर लिया। दूसरी बार भी आसिफ ने उसकी बहन से रिश्ता तोड़ दिया। अब तक वह मेरी बहन से दो बार रिश्ता तोड़ चुका है। बहन अपने मायके में रह रही है। लेकिन बीते कुछ दिनों से आसिफ तीसरी बार बहन से रिश्ता कायम करने के लिए लगातार बहन और मेरे परिवार पर दबाव डाल रहा था। लेकिन न तो मेरी बहन न ही मेरे घर वाले चाह रहे थे कि तीसरी बार भी रिश्ता जुड़े। तीसरी बार रिश्ता जोड़े जाने के मसले पर तनिक भी बात नहीं बनी तो आसिफ ने जहांगीर को अकेला पाकर कोल्ड्रिंक की बोतल से हमला कर दिया। इससे जहांगीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर डॉ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि घायल युवक के सिर में कई जख्म के गहरे निशान हैं। यही वजह है कि उसे गया के लिए रेफर किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खाता संचालन पर रोक नहीं हटी तो अभाविप करेगा आंदोलन

**आरा**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर लगे रोक को तुरंत हटाने, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बकाए वेतन एवं पेंशन की भुगतान करने की मांग की है। दक्षिण बिहार प्रदेश सह मंत्री राज पाण्डेय ने कहा कि बिहार सरकार तीन दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अपर मुख्य सचिव केके पाठक सहित मुख्यमंत्री, ,उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का घेराव करेंगे। विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खतरे में नजर आ रही है। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के लगातार तानाशाही एवं अड़ियल रवैये के कारण आज प्रदेश भर में अराजकता की स्थिति बन गई हैं।

### नौ माह से अतिथि शिक्षक बिना वेतन कर रहे कार्य

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों को नौ माह से वेतन नहीं मिला है। बिना वेतन के ही भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के कॉलेजों में कार्यरत अतिथि शिक्षक कार्य कर रहे है। दैनिक भास्कर के साथ बातचीत शिक्षकों ने अपनी आर्थिक परेशानियों को बयां किया। कहा कि भागलपुर, दरंभगा, लखीसराय, समस्तीपुर सहित सहित अन्य जगहों से आकर अतिथि शिक्षक कार्य कर रहे है। आलम यह है कि रूम का किराया कैसे दिया जाए इसके लिए भी सोचना पड़ रहा है। आर्थिक तंगी से अतिथि शिक्षक जूझ रहे है। जबकि कॉलेजों को किसी तरह का काम लेना होता है तो सबसे पहले अतिथि शिक्षकों को याद किया जाता है। संघ के अध्यक्ष डॉ आदित्य कुमार आनंद ने बताया कि शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय को आंतरिक स्तोत्र से अतिथि शिक्षकों का भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया है।

### 16 मामलों में सात का निष्पादन

**बक्सर**। डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा लोक शिकायत की द्वितीय अपील की सुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जिसमें कुल 16 मामलों में सुनवाई की गई। 16 लोक शिकायत अधिकार निवारण मामलों में से 07 मामलों का निष्पादन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया।

### परिजनों के आक्रोश के बाद आरोपी के घर पहुंची पुलिस

**बक्सर**। धनसोई के युवक महेश की हत्या के बाद परिजनों के आक्रोश के बाद शुक्रवार को सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में आरोपियों के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान घटनास्थल का भी पुलिस ने मुआयना किया। पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम सीन को उकेरने का प्रयास किया। बता दें कि धनसोई के विनोद कुमार के पुत्र महेश कुमार की हत्या होली के दिन ही हुई थी। हत्या में स्टेशन रोड स्थित डीएवी स्कूल के सामने रहने वाले शिक्षक द्वारिका पांडेय, समाजसेवी मिथिलेश पांडेय और दो महिलाओं का नाम सामने आया था। आरोप था कि युवक ने नौकरी के नाम पर करीब दो लाख रुपए आरोपियों ने लिया था। मृतक युवक होली के दिन अपना पैसा मांगने आरोपियों के घर पहुंचा था। पैसा मांगने के दौरान आरोपियों ने सिर पर डंडा मार गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई थी। मामले में मृतक युवक के परिजनों ने टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस ने एक आरोपित शिक्षक द्वारिका पांडेय को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। परिजनों का कहना है कि पुलिस आरोपियों को लाभ पहुंचाने के नीयत से मामले में काफी ढिलाई बरत रही हैं। परिजनों के आक्रोश के बाद शुक्रवार को सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा आरोपियों के घर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तीन लाख 11 हजार की विदेशी शराब के तीन धंधेबाज गिरफ्तार, बोलेरो भी जब्त



**कोईलवर**। चुनाव को लेकर बक्सर-पटना फोरलेन के कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर वाहन जांच के क्रम में मद्य निषेध विभाग ने एक बोलेरो से 2160 पीस 180 एमएल का 8 पीएम का टेट्रा पैक शराब बरामद की है। यह शराब की खेप यूपी से वैशाली जिला जा रही थी। शुक्रवार को यह बरामदगी तब हुई जब मद्य निषेध विभाग की टीम ने टोल पार कर रही बोलेरो चालक को रोका। टोल पर चालकों से पूछताछ के दौरान टीम के सदस्यों ने गाड़ी के अंदर तलाशी ली जिसमें सीट के नीचे बने गुप्त तहखाना दिखा। इस तहखाने में पुलिस की नजर शराब की टेट्रा पैक की बड़ी संख्या पर पड़ी। मद्य निषेध विभाग की टीम ने 8 पीएम के 2160 पीस टेट्रा पैक उतार कर जब्त कर लिया। मद्य निषेध विभाग की टीम ने बताया की लोकसभा निर्वाचन को लेकर कुलहड़िया टोल प्लाजा के पास स्थापित मल्टी एजेंसी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान उक्त वाहन से तीन सौ अठासी लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। टीम के सदस्यों ने बताया की इस दौरान वैशाली जिले के राघोपुर निवासी इंद्रजीत कुमार, छपरा जिले के डेरनी निवासी अभिषेक कुमार, वैशाली जिले के दाउदनगर निवासी चंदन राम को गिरफ्तार किया गया है।

### चयनित स्टेशनों के निर्माण कार्य का GM ने किया निरीक्षण

**बक्सर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा बक्सर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काउन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा रघुनाथपुर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी मुआयना किया। महाप्रबंधक स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति से अवगत हुए और निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बता दें कि बक्सर स्टेशन पर कई तरह की अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं की उपलब्धि की जाएगी। इन स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों की जांच और समीक्षा के लिए शुक्रवार की दोपहर हाजीपुर जोन से जीएम बक्सर पहुंचे। बक्सर पहुंच उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया। उस दौरान सम्बन्धित पदाधिकारियों द्वारा आए तकनीशियन से स्टेशन के विकास सम्बन्धित समीक्षा की। इसके साथ ही चयनित अमृत भारत स्टेशन चौसा, रघुनाथपुर व डुमराव में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने मीडिया को बताया कि बक्सर स्टेशन बहुत जल्द मॉडल स्टेशन बनेगा, जहा स्टेशन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं व्यवस्थित की जाएगी। वही, अमृत भारत स्टेशन के तहत चयनित चौसा, डुमराव व रघुनाथपुर स्टेशन भो मॉडल स्टेशन बनेगे। उसके तहत कार्य भी प्रारम्भ है। तरुण प्रकाश द्वारा खा गया की उसी विकास कार्यो की जांच के लिए वे आये हुए है। जिसके निर्माण की तकनीशियनों के साथ समीक्षा की गई। जिसमें कई तरह के संसोधन किये जाने की भी बात की। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन के निर्माण से वे स्टेशन एक अमिट पहचान बनेगे। जहा नवनिर्मित स्टेशन पर अनेकों तरह की सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है।



---

बक्सर में अतिक्रमण के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

# सड़क किनारे बाइक और दुकान लगाने पर होगा जुर्माना

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। जिसके तहत सड़क पर वाहन पार्क करने वाले वाहन मालिकों के साथ-साथ सड़क पर अपनी स्थायी दुकान लगा लेने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सभी से यह कहा गया कि आज केवल चेतावनी दी जा रही है। रविवार से यह अभियान नियमित रूप से चलेगा और सड़क की दोनों पटरियों पर स्थाई रूप से दुकान लगाकर उसका आक्रमण करने वाले एवं सड़क पर ही वाहन खड़ी कर शॉपिंग के लिए चले जाने वाले वाहन स्वामियों से जुर्माना वसूला जाएगा। शनिवार को चलाए गए अभियान के तहत यातायात निरीक्षक संजय कुमार तथा पुलिस उपाधीक्षक रजिया सुल्तान के दिशा-निर्देश में नगर के सभी चौक चौराहों तथा प्रमुख मार्गो में यह अभियान चलाया गया। जिसमें सभी को चेतावनी दी गई और कहां गया कि उनकी इस गलती के कारण पैदल चलने वाले लोगों के साथ ही अन्य लोगों को भी काफी परेशानी होती है।

**रविवार से होगी वसूली**

**रविवार से नियमित रूप से वसूला जाएगा जुर्माना**: ट्रैफिक डीएसपी राजिया सुल्ताना ने कहा की यह अभियान उन सभी बाइक , कार और दुकानदारों के खिलाफ है। जो सड़क पर अतिक्रमण कर जाम की समस्या पैदा कर रहे है।

इसको लेकर हर दिन फाइन होगा, नो एंट्री में घुसने पर भी फाइन होगा,गलत लेन में चलने वालों का भी फाइन कर करवाई किया जाएगा। आज आज केवल चेतावनी दी गई है। ऐसे में अगली बार अगर सड़क का अतिक्रमण करते देखे जाने वाले लोगों से जुर्माना भी वसूला जाएगा।

## अरवल निवासी युवती की किन्नरों ने बचाई जान

निज संवाददाता। आरा



अवरल की रहने वाली ममता कुमारी घर पर माता- पिता की डांट सुनने के बाद भागकर आरा पहुंच गई। जिसके बाद आरा स्टेटन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर लड़की ने सुसाइड करने की कोशिश की। लेकिन आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर किन्नरों ने उसे बचा लिया। जिसके बाद किन्नरों ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। जहां लड़की का इलाज कराया जा रहा है। वहीं, इस घटना की सूचना पुलिस पदाधिकारियों को भी दे दी गई है। इसके साथ ही इस तमाम घटना की सूचना ममता कुमारी के परिजनों को भी दे दी गई है। दरअसल, अरवल जिले के अरवल थाना क्षेत्र की रहने वाली ममता कुमारी (18) घर पर परिजनों के डांट फटकार सुनने के बाद आरा भाग आई। लेकिन वापस घर लौटने के डर से उसने खुद को मौत के हवाले करने का ठान लिया। ममता ने प्लेटफॉर्म नंबर चार पर बैठकर ब्लेड से अपनी हाथों की नस काट ली और चुप चाप प्लेटफॉर्म पर बैठी रही। कई लोग उस रास्ते से गुजरे लेकिन किसी ने ममता की मदद नहीं की, उसी दौरान कुछ किन्नर वहां से गुजर रही थी। किन्नरों की नजर पड़ते ही उन लोगों ने ममता को आरा सदर अस्पताल इलाज करने के लिए ले आई। घटना को लेकर ममता कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को घर पर डांट सुनने के बाद गुस्से में घर से भाग गई थी और माता पिता का इज्जत खराब ना हो इसलिए ब्लेड से हाथ काट लिया। वहीं, किन्नर मनीषा ने बताया कि वो लोग किसी कार्यक्रम को लेकर आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार से जा रही थी। तभी देखा की पूरा खून जमीन पर गिरा हुआ है। जिसके बाद मुझे देखा नहीं गया और इलाज कराने के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। ममता का इलाज आरा के सदर अस्पताल में चल रहा है।

## युवती पर गांव के लड़कों ने की टोनबाजी, विरोध करने पर लात-घूसे से पीटा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराहे गांव में शुक्रवार को टोनबाजी का विरोध करने पर एक युवती की क्रिकेट बैट से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान युवती गंभीर से घायल हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है। जख्मी युवती अक्षयवर पांडे की 22 वर्षीय बेटी संध्या कुमारी है। जख्मी संध्या की बड़ी बहन गुड़िया देवी ने बताया कि जब मेरी छोटी बहन चापाकल पर बर्तन धो रही थी। इस दौरान गांव के चार से पांच की संख्या में बदमाश चापाकल के पास पहुंच गए। उसके बाद वहां पर टोनबाजी करना शुरू कर दिया । उसी समय मेरी बहन ने विरोध करते हुए युवक को थप्पड़ मार दी। इसके बाद मामला थाना तक पहुंचा। थाना में दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को शांत कराया । इसके बाद थाना से मामले को रफा दफा करने के बाद उक्त बदमाशों ने युक्ति के साथ गाली–गौलाज करते हुए बदतमीजी कर दी। जब मेरी बहन ने इस बात का विरोध किया तो उक्त लड़कों के द्वारा हाथ में लिए क्रिकेट बैट से उसके सिर पर मार दी और बाल पड़कर लात–घूसे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। मामला शांत होने के बाद जख्मी बहन को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल गया। इसके पश्चात पुलिस को सूचना दी गई ।

## वाहन जांच में 7.12 लाख रुपए कैश बरामद, बैग में 500 के नोटों का बंडल लेकर जा रहा था बाइक सवार

**रुपयों से संबंधित नहीं दिखाए कागजात**

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के कोरान सराय-चौगाई मार्ग पर वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने एक युवक के पास से 7 लाख 12 हजार पांच सौ रुपए बरामद किए है। युवक यूपी के गाजीपुर जिले जमानिया गांव का निवासी है। जिसका नाम सोनू कुमार गुप्ता है। जो बाइक से कही जा रहा था। तभी वफदार मोड़ के पास मुरार थाना प्रभारी कमलनयन पाण्डेय और सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बैग की तलाशी ली तो पांच सौ के नोटों के बंडल मिले। कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पैसा जब्त कर आगे की करवाई की जा रही।

**संतोषजनक जवाब नहीं दियाः** डुमरांव अनुमण्डल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि कोरान सराय चौगाई मार्ग पर मुरार थाना और सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान बाइक से बैग में पैसा लेकर जा रहे युवक को पकड़ा गया। 7 लाख 12 हजार पांच सौ रुपए कैश बरामद किया गया। युवक ने पैसे से संबंधित न कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। जिसके बाद नोटों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही।

**ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने की अपीलः** डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि चुनाव को लेकर क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है। एसे में जिले में सघन जांच की जा रही है। अगर आप मोटे रकम के साथ सफर कर रहे हैं तो उससे संबंधित डक्यूमेंट लेकर चलना होगा। अगर कैश से जुड़े सही कागजात या संतोष जनक जवाब नहीं मिले तो कैश को जब्त किया जाएगा। इसके साथ ही डीएसपी ने कहा कि लोग आचार संहिता के मापदंड को पूरा करे। प्रयास करे कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करें।

## लूटपाट करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, आरा पुलिस ने दबोचा**

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने घटना को अंजाम देने जा रहे बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। जगदीशपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संगम टोला गांव के समीप से की है। पकड़ा गया बदमाश संगम टोला गांव निवासी मुखलाल सिंह का पुत्र रवि कुमार है। जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि जगदीशपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक संगम टोला गांव के समीप पिस्तल लेकर किसी घटना को अंजाम देने वाला है। इसके बाद जगदीशपुर थाना अध्यक्ष बिगाऊ राम के नेतृत्व में दरोगा जितेंद्र कुमार और पीएसआई मीना कुमारी सहित पुलिसकर्मियों का एक टीम गठित किया गया। बदमाशी गिरफ्तारी के लिए संगम टोला के समीप पुलिस ने खेराबंदी कर उसे दबोच लिया। इसके बाद तलाशी लेने के दौरान युवक के पास एक देशी पिस्टल और खाली मैगजीन बरामद किया गया । पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिक की दर्ज कर युवा को जेल भेज दिया है।

**लूटकांड का हुआ खुलसा, कई शातिर बदमाश गिरफ्तारः** भोजपुर पुलिस ने दो अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता की है। साथ ही छीना गया दो मोबाइल, पर्स व नकदी बरामद किया है। इसके अलावा कांड में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने पैगा-गुंडी रोड में घटित लूटपाट के मामले में संलिप्त दो बदमाशों को धर दबोचा। पकड़े गए सदस्यों में टाउन थाना के बिंद टोली निवासी सुरज कुमार एवं गोविंद कुमार शामिल है। पुलिस ने दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। जबकि, कांड में संलिप्त अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पांच अप्रैल को शुभकरणगंज निवासी धुम राज सिंह के पास से अपराधियों ने मोबाइल व बीस हजार नकद लूट लिया था। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया था। उसी रात पैगा रोड में धुधुआं छलका के समीप बदमाशों ने महकमपुर बारा निवासी गजाधर राम के पास से आठ हजार नकद एवं मोबाइल छीन लिया था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए सदस्यों ने दोनों कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही सलिंप्त बदमाशों के नाम बताए है। दूसरी ओर गड़हनी थाना पुलिस ने लूट कांड के मामले में गुलाबी रंग के लेडिज पर्स एवं एक हजार रुपये नकद के साथ नारायण पांडेय को धर दबोचा। पकड़ा गया नारायण पांडेय उर्फ करिया पांडेय सिकरहटा थाना के सिकरौल गांव का निवासी है। दस अप्रैल को प्राथमिकी कराई गई थी।

## 12 घंटे बाद तालाब में मिली किशोर की लाश


निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के ब्रह्मपुर मंदिर के शिव गंगा सरोवर में डूबे किशोर का शव शनिवार की सुबह में काफी प्रयास का बाद बरामद कर लिया गया है। स्थानीय गोताखोर और महाजाल से भी बच्चे को पानी से ढूंढने में सफलता नहीं मिली तो बिहटा से अधिकारियों ने एसडीआरफ की टीम को बुलाया। उन्होंने पांच घंटे की लगातार प्रयास से शनिवार की सुबह बच्चे का शव बरामद किया, शव को देखते ही मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने किशोर की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि निमेज निवासी संतोष यादव का बेटा निरंजन कुमार अपने नाना भोला के यहां ब्रह्मपुर में रहकर पढ़ाई करता था। चार दोस्तों के साथ शुक्रवार की शाम बरमेश्वर शिव मंदिर स्थित सरोवर में स्नान करने गया था। गहरे पानी में जाने से डूब गया जिसके बाद से ही पहले स्थानीय गोताखोर ने काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद अधिकारियों ने महाजाल मंगाकर प्रयास करते हुए एसडीआरएफ को भी सूचना दी। देर रात पहुंचे एसडीआरएफ की टीम ने पूरे तालाब के पानी को हिलाकर उसके बाद रस्सी के सहारे पानी के अंदर जाकर किशोर के शव को बरामद किया। जैसे ही किशोर के शव को पानी से बाहर निकाला गया देखने वालो की मौके पर भीड़ जुट गई। घटना के बाद से ही किशोर की मां फुल कुमारी देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आरओ रोहित अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम 4 बजे के करीब किशोर की डूबने की सूचना मिली थी।उसके बाद से बिना समय गवाए मौके पर पहुंच किशोर को पानी से निकालने का प्रयास किया जाने लगा लेकिन सफलता 12 घंटे के बाद मिला है।

## पीरो में रामनवमी पर जुलूस की तैयारी

निज संवाददाता। गड़हनी



नगर पंचायत गड़हनी के पुरानी बाजार शिवमंदिर से रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर कमिटी के संरक्षक बबलू सिंह, अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सचिव राहुल सिंह व प्रो दयाशंकर सिंह, अक्षयवट ओझा ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड के गांवों में भ्रमण के लिए प्रचार रथ रवाना किया। पहला दिन रथ बगवां पंचयात के बगवां, सिकटी, नहसी,रमपुर व बहादुरपुर में जाकर लोगों को शोभायात्रा में आने को ले आमंत्रित किया। शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाने के लिये अपने पूरे प्रखण्ड में इस रथ को घुमा कर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लोगो को आमंत्रित करते है। कमिटी के अध्यक्ष शंकर ने बताया कि अपने आसपास के लोगों के सुख शांति व आपसी प्रेम सौहार्द बना रहे, इसी कामना के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है इस मौके पर शोभायात्रा कमिटी के सचिव राहुल सिंह, वार्ड पार्षद चंदन सोनी, दीपक ओझा, चुन्नु सहित दर्जनों राम भक्त उपस्थित थे।

**पीरो**ः अष्टमी तिथि की रात्रि में घरो में मां शीतला की पूजा कलश प्रतिष्ठापित कर होगी। इसकी तैयारी घरों में शुरू कर दी गयी है। अष्टमी तिथि 16 अप्रैल की रात में है। जिससे रात्रि जागरण के साथ अर्द्ध रात्रि के बाद कलश स्थापना होगी। इसके लिए घरों की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। मां की पूजा में आवश्यक सामग्री कलश, तजसोन, दवनी, पुआ पकवान बनाने के लिए घी, आटा, गुड़ आदि की खरीदारी लोगों ने शुरु कर ली है। मान्यता है कि मां शीतला वायरस जनित रोगों को समूल नाश कर देती है। पिछले वर्षों में जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था।कलश प्रतिष्ठापना की सुबह में रामनवमी धूमधाम से मनाया जाता है।

**पीरो**ः रामनवमी में अनुमंडल मुख्यालय पीरो में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। गांवों में निमंत्रण भेजा जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से आयोजन समिति के लोग गांवो में पहुंच रहे हैं। इधर स्थानीय हरिहर धाम में रामनवमी महोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक हुई थी जिसमें शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए लोगों से विचार आमंत्रित किया गया। 17अप्रैल को पीरो में निकलने वाले शोभायात्रा मे हजारों उत्साही युवक हिस्सा लेंगे। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष रवि केशरी ने बताया कि रुट के अनुसार ही यात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी को लेकर घरों एवं बाजार की दुकानों पर धार्मिक पताका लगाया गया है। तेज धूप को देखते हुए शोभायात्रा दोपहर बाद निकालने का निर्णय लिया गया है।

**सहार**ः स्थानीय सहार थाना क्षेत्र के सहार पंचायत भवन में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर समारोह आयोजित करने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय हुआ। बैठक की अध्यक्षता सहार मुखिया बसंत कुमार एवं संचालन उप प्रमुख राम विनय पासवान ने किया। जयंती पर जुलूस भी निकाली जाएगी। जिसके लिए रूट चार्ट तय हुआ। सहार चेक पोस्ट से होते हुए बरूही, बजरिया, खैरा, करवासीन, नवादा, पतरिया, पेरहाप, धनछुहा, चक्के होते हुए खैरा अंबेडकर चौक के पास सभा होगा। वहां डॉ आंबेडकर को माल्यार्पण कर सभा समाप्त किया जाएगा। बैठक में शामिल अमर पासवान, संजय चौधरी, जय राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**पीरो**ः रसौली गांव में गुरुवार की रात चैता गायन का दो गोला प्रोग्राम हुआ। जिसमें प्रसिद्ध दो गोला कलाकार अरविंद अभियंता और कमलवास कुंवर के चैता गायन कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भीड़ पारम्परिक गीतों के सुर ताल पर जमकर झूमी। इस दौरान गायक कमलवास कुंवर ने अपने सुरीले व मनभावन गीतों से लोगों को वसंत के आगमन का एहसास कराया। रसौली, सहेजनी, कातर, अमई, नारायणपुर, तेतरडीह, वासमनपुर, पचमा, इनरपतपुर, पचरुखिया, तिवारीडीह, कचनथ सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों की हुजूम सुनने के लिए जुटी थी।गायक कलाकारों ने अपने गीतों से आंचलिक संस्कृति ,रीति रिवाजों, परम्परा व गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबु से परिचित कराया।

**कोईलवर**ः पचैना गांव में महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई गई, विचार-गोष्ठी हुई। मानवाधिकार कार्यकर्ता मंजू कुमारी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने कुरीतियों, अंधविश्वास, बाह्य आडंबरों व पाखंडवाद, बाल विवाह, सती प्रथा, विधवा विवाह, व महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए, सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संघर्ष किए। सामाजिक कार्यकर्ता सीपी चक्रवर्ती ने कहा कि वे महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किए। कार्यक्रम में चंदा पंचायत के मुखिया शिव शंकर राम, सरपंच बृजकिशोर, राम बाबू राम, सुरेन्द्र शर्मा विशाल, बबलू कुमार, कन्हैया कुमार, सुरेश कुमार शामिल थे।

**एक नजर**

## सर्दी खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी, जिला में लू का अलर्ट जारी




**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** उतर बिहार में अप्रैल महीने में मौसम के तापमान लागातार वृद्धि हो रही है। इस दौरान राज्य स्वस्थ्य समिति के द्वारा मुजफ्फरपुर जिले के लिए लू का अलर्ट जारी कर दिया गया है।गर्मी का हाल कुछ ऐसा है कि हीटस्ट्रोक के मामले बढ़ते नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर जिला स्वास्थ विभाग अलर्ट मोड पर है। इस दौरान कई सावधानियां बरतने को कह रही है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि इस दौरान तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।बाहर जाने से पूरी तरह से खुद को बचाना चाहिए।यदि फिर भी धूप में जाना पड़ रहा हो तो इस दौरान धूप से सिर को बचाने के लिए इसे ढक कर रखें। सिर पर ढीले और हल्के रंग के कपड़ों का इस्तेमाल करें ताकि हवा आ सके।इस मौसम का बुरा प्रभाव खासकर छोटे बच्चे और बुजुर्ग व्यक्ति पर होने की संभावना जताई गई है।इस क्रम में सदर अस्पताल में मरीजों की संख्य में वृद्धि भी हुई है। रोजाना 1000 की संख्या में लोग सर्दी खांसी और बुखार से पीड़ित मरीज आ रहे है। जिनका उचित इलाज किया जा रहा है।इस दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी गई है। इस प्रकार के मरीजों को दवा के साथ एंटीबायोटिक दवा भी दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि शरीर को हाइड्रेटेड रखें और लगातार पानी का उपयोग करें। नारियल पानी, जूस, लस्सी और छाछ जैसे पेय पदार्थ का लगातार उपयोग करते रहें।खाने में ठंडा फल खाएं जैसे मौसमी फल, नमक और पानी का इस्तेमाल जरूर करें. ज्यादा गर्मी लगे तो दिन में 2 बार स्नान करें लेकिन सीधे धूप से आकर तुरंत ना नहाएं।किसी भी प्रकार के तनाव को लेने से बचें। प्रतिदिन योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।

## ट्रक चालक से अवैध वसूली और मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)।** बेतिया नगर के सोवाबाबू चौक पर चावल लदे ट्रक चालक से अवैध वसूली को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। जख्मी गोल्डी कुमार ने आवेदन पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कालीबाग थाना क्षेत्र के घुसुकपुर वार्ड चार निवासी गोल्डी कुमार के बयान पर मंजीत सहाय व तीन चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस को दिए बयान में गोल्डी कुमार ने बताया है कि आरोपित सोवाबाबू चौक पर रिंकी गुप्ता का चावल लदे ट्रक को रोककर चालक से दो हजार रुपए की मांग कर रहे थे। जानकारी होने पर जब वे गए और पूछताछ किया तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट किया। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया है कि आरोपीयों ने जान मारने की कोशिश की और जेब में रखे रुपए निकाल लिया। घटना में वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके परिचितों के आ जाने कारण उनकी जान बची। बाद में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## स्कूल में घुस कर चोरों ने की चोरी, छह घंटे बाद गिरफ्तार



**गोपालगंज (नि. सं.)।** गोपालगंज के गोपालपुर थाना क्षेत्र के कोटनरहवा गांव स्थित एक निजी स्कूल में चोरों ने चोरी कर ली। इसके बाद स्कूल के प्रबंधकों ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। वही प्राप्त आवेदन के आधार पर पुलिस हरकत आई और टेक्निकल सेल के मदद से मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कॉल डिटेल्स के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के समान को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान यूपी के कुशीनगर जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी अनिल पाठक के 25 वर्षीय बेटा अभिनव पाठक उर्फ झुन्नू पाठक और जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के कोट नरहवा गांव निवासी अशोक यादव के 21 वर्षीय बेटा गुलसन यादव के रूप में की गई। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात दो चोरों ने कोट नरहवा गांव स्थित एक निजी स्कूल का ताला तोड़ कर स्कूल में घुस कर दो कमर्शियल गैस सिलेंडर, 10 स्कूल बैग, 1 अग्निशामक यंत्र, 10 किलो चावल बरामद किया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। 6 घंटे में चोरी की वारदात का सफल उद्भेदन किया गया। दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। साथ हो चोरी ली गांव सारे समान भी बरामद हुआ है। अभियुक्त अभिनव ने बताया कि खाने पीने को लेकर अपने दोस्त के बहकाने पर चला गया था। वह भाग गया और मैं पुलिस के हाथ लग गया। चोरी का सारा समाना पुलिस को लौटा दिया है। दूसरे गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं इस चोरी की घटना में शामिल नहीं था। मैं पेशे से ट्रक चलाता हूं। मेरे दोस्त ने जब मुझे फोन किया मैं वहां पहुंचा और पुलिस के हाथ लग गया।

## 823 लीटर देसी और विदेशी शराब को किया गया नष्ट



**शेखपुरा (नि. सं.)।** शेखपुरा में शनिवार को नगर थाना परिसर में पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा पिछले दिनों छापेमारी के दौरान जब्त किए गए 823 लीटर देसी और विदेशी शराब का विनष्टिकरण किया गया। शराब के जखीरे को विनष्ट किए जाने के दौरान एसडीओ राहुल कुमार, एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा और प्रभारी उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद शराब में 433 लीटर विदेशी शराब और शेष देसी शराब को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद शराब का अधिकारियों के समक्ष सत्यापन के उपरांत जेसीबी मशीन और मजदूरों के सहयोग से नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले के नगर थाना,बाऊ घाट, महुली, कोसुंभा, केवटी, कोरमा, हथियावा, शेखोपुर सराय थाना तथा उत्पाद थाना द्वारा पिछले दिनों छापेमारी और वाहन चेकिंग के दौरान देसी और विदेशी शराब की बरामदगी की गई थी। उन्होंने बताया कि नगर थाना परिसर में जमीन में गढ्ढा खोदकर नष्ट किए गए शराब को बाद ने ढक दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों के आलोक में जिले के विभिन्न थाना और उत्पाद विभाग द्वारा जब्त किए गए शराब को सामूहिक रूप में विनष्ट किए जाने का कार्य पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है।

**पुलिस ने घटनास्थल से की बम बनाने की सामग्री बरामद**

# बम फटने से दो बच्चों की हुई मौत, दो घायल, खेलने के दौरान हुआ हादसा



- **हादसे में एक का पैर और दूसरे का प्राइवेट पार्ट हुआ था क्षतिग्रस्त**

**निज संवाददाता**

**बांका।** बांका में बम फटने से 4 बच्चे जख्मी हो गए थे। इन्हें भागलपुर के मायागंज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 2 बच्चों की मौत हो गई। दो का इलाज अभी चल रहा है। मृतकों की पहचान 8 वर्षीय कुर्बान और 5 वर्षीय सनिउल्लाह के रूप में हुई है। मायागंज अस्पताल में दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। शुक्रवार को अहीरों गांव में घर के पास खेलने के दौरान बम फटा था। पुलिस ने घटनास्थल से बम बनाने की सामग्री बरामद की थी। मकसूद मोहल्ला स्थित मोहम्मद इस्माइल अंसारी के पास मोहम्मद इस्माइल अंसारी का 8 वर्षीय पुत्र कुर्बान, 11 वर्षीय मुस्तफा, मोहम्मद सद्दाम का 5 वर्षीय बेटा सनल्लाह, मोहम्मद असी शहनाई का 7 वर्षीय बेटा अब्बू अलीफा खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक बम फटा।

बम फटने से चारों मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। एक बच्चे का पैर और दूसरे बच्चे का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। सभी का धोरैया अस्पताल में इलाज के बाद मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान कुर्बान और सनिउल्लाह की मौत हो गई। घटना के बाद मोहम्मद इस्माइल अंसारी घर छोड़कर फरार हो गया है। इस्माइल अंसारी घर के पास ही बम ब्लास्ट हुआ था। घटना के बाद पुलिस लगातार कैंप कर रही है। बताया जा रहा है बम बनाने के दौरान विस्फोट हुई है। मोहम्मद सद्दाम ने कहा कि खेलने के दौरान बम फटने से मेरा बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इलाज के दौरान भागलपुर के मायागंज अस्पताल में मौत हो गई है। दूसरे मृत बच्चे की मां रविणा खातून ने बताया कि बम फटने से जख्मी पुत्र कुर्बान की मौत हो गई है। मायागंज अस्पताल में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि दो बच्चे की मौत हुई है। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## सड़क पार कर रहे पांच साल के बच्चे को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**निज संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने किशोर को रौंद दिया। घटना में किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना मुंगेर जिला अंतर्गत हरपुर थाना क्षेत्र के भलगुड़ी गांव का है। मृतक की पहचान भलगुड़ी गांव निवासी विकास मांझी का 5 वर्षीय पुत्र बंशीधर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हरपुर थाना क्षेत्र के भुना पंचायत अंतर्गत सवाई भलगुडी के समीप शनिवार की सुबह सड़क पार कर रहे एक किशोर को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे किशोर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान विकास मांझी का पुत्र बंशीधर के रूप में हुई है। जो फसल काट रहे अपने माता-पिता से मिलने के लिए सड़क पार कर खेत जा रहा था। तभी यह घटना घटी। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया।

सूचना पाकर हरपुर थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। हरपुर थानाध्यक्ष धीरेन्द्र पाठक ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हुई है। सूचना पर हम लोग घटनास्थल पर गए और मृत बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। चालक को गिरफ्तार किया गया है।

## इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन करेगा पटना नगर निगम

**जल्द ही तारीखों का ऐलान होगा**




- **15 दिनों तक चलेगा मैच,**
- **मई महीने में होगा इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन**
- **लोकसभा चुनाव के लिए पटना में 1 जून को होगी वोटिंग**

**निज संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पटना में 1 जून को होगी। इससे पहले लोगों को वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए देश में पहली बार एक क्रिकेट लीग का आयोजन होने जा रहा है। दरअसल, चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए आईपीएल की तर्ज पर पटना नगर निगम इंडियन वोटर्स लीग (IVL) का आयोजन करेगा। इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन पटना शहर में किया जाएगा। इसमें नए वोटर्स, महिला वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, युवा वोटर्स, बुजुर्ग वोटर्स, आदि की टीम रहेगी। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि स्पोर्ट्स एक्टिविटी से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। पटना शहर में लोगों को मतदान के तहत जागरूक करने के लिए यह पूरा काम किया जा रहा है। यह लीग वार्ड स्तर से शुरू होकर, अंचल और फिर निगम स्तर पर होगा। कई वार्डों को मिलाकर टीमें बनाई जाएगी। इसके बाद मुकाबले होंगे। IVL में शामिल होने टीम हर आयु वर्ग की होगी। नगर आयुक्त ने आगे कहा कि इंडियन वोटर्स लीग के लिए डिटेल वर्कआउट तैयार किया जा रहा है, जल्द ही तारीखों का ऐलान होगा। इसका आयोजन मई महीने में होगा। औपचारिक रूप से इस लीग का लोगो और टीजर भी लॉन्च किया जाएगा। यह आयोजन 15 दिनों तक चलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 75 वार्ड हैं। इस कार्य में करीब 900 वाहन लगाए जाएंगे। निगम क्षेत्र में सभी डोर टू डोर कचरा वाहन पर लगी माइक से IVL संबंधी संदेश प्रसारित किया जाएगा।

**राजद पर मुसलमानों की हकमारी का लगाया आरोप**

## पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम ने राजद से दिया इस्तीफा

**निज संवाददाता**

**कटिहार।** लोकसभा चुनाव के बीच कटिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर सामने आया है। राजद नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद कटिहार मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर अशफाक करीम ने राजद पर मुसलमानों की हकमारी का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को दिए त्यागपत्र में डॉक्टर अहमद अशफाक करीम ने लिखा है कि मैं आपकी पार्टी से सामाजिक न्याय को ताकत प्रदान करने के लिए जुड़ा था। आप जातीय जनगणना करने का दावा करते थे जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा देते थे, लेकिन आपने मुसलमानों की हकमारी की है। उनका कहना है कि उनकी आबादी के अनुरूप तो दूर सम्मान जनक हिस्सेदारी भी नहीं दी इसलिए इस परिस्थिति में राजद के साथ राजनीति करना मेरे लिए असंभव है। अब नीतीश कुमार से उनकी नजदीकी बढ़ने की चर्चा जोरों पर है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सहित तेजस्वी यादव से घनिष्ठता के बावजूद डॉक्टर अहमद अशफाक करीम को न तो पार्टी ने पुनः राज्यसभा भेजा गया और न ही यहां से लोकसभा का टिकट मिल पाया। जिसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि इस जिले में शराब की बड़ी खेप दूसरे जिलों से आपूर्ति की जा रही थी।

**कार्यपालक अभियंता ने बताया की 297 चापाकलों की मरम्मती की गई है**

## जहां का जलस्तर कम है वहां के सभी चापाकलों की मरम्मत सात दिनों में करना होगा पूरा : डीएम

**निज संवाददाता**




**भागलपुर।** भागलपुर में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए संभावित जल संकट क्षेत्र के वार्डों में जहां का जलस्तर कम है। वहां के सभी चापाकलों की मरम्मती सात दिनों में कराने, प्रेसर पम्प के माध्यम से जलापूर्ति को दुरुस्त कराने के निर्देश पीएचईडी के दोनों कार्यपालक अभियंता को जिलाधिकारी ने दिया है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया कि वैसे 19 वार्ड चिह्नित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए वॉटर टैंकर्स सुरक्षित रखा जाए साथ ही उसके लिए वॉटर फिलिंग स्टेशन चिह्नित किया जाए। साथ ही टैंकर्स ऑपरेटर का नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी प्रेस के माध्यम से दी जाए। पंचायती राज विभाग के नल जल योजना की जो भी बोरिंग अकार्यरत है उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

कहा कि विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक खुला स्थल में नया चापाकल लगाने की पहली प्राथमिकता दी जाए। पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया की 297 चापाकल की मरम्मती की गई है। जिलाधिकारी ने इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से सत्यापन करवाने के लिए निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि कितने चापाकल खराब हैं। इसका जांच कर रिपोर्ट प्राप्त करे। जिलेभर में दर्जनों जगह जल संकट की समस्या है यहां पर नल जल योजना के तहत पेयजल की व्यवस्था तो की गई है। लेकिन धरातल पर नहीं दिख रहा है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश भी है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि सबौर के सरधो पंचायत में बीते 15 सालों से 400 ऐसे परिवार है जिन्हें शुद्ध पर जल की व्यवस्था अभी तक जिला प्रशासन की ओर से नहीं की गई है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखी जा रही है। सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत इलाके में पाइपलाइन एवं जल मीनार तो बनाई गई लेकिन 400 परिवारों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया।।

**सुपौल की लड़की को नेपाल लेकर जा रहा था युवक**

## नाबालिग लड़की को मानव तस्करी से बचाया गया, इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने पकड़ा

**निज संवाददाता**



**सुपौल।** सुपौल के इंडो नेपाल बॉर्डर इलाके में एसएसबी 45वीं बटालियन के जवानों ने सीमा चौकी मुंशी पिपराही में एक नाबालिग लड़की को मानव तस्कर से मुक्त करवाया है। एक युवक को पकड़ा है जो नेपाल देश का मूल निवासी है। 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट सह द्वितीय कमान अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि सीमा चौकी मुन्सी पिपराही के क्षेत्र में सीमा स्तम्भ संख्या 201/02 के पास गिर्दामारी चौक पर सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार 03 अन्य कार्मिक एवं क्षेत्रक मुख्यालय पुर्णिया के मानव तस्कर निरोधी इकाई आरक्षी बृज किशोर के नेतृत्व में 02 अन्य कार्मिक मौजूद थे। महिला कार्मिक भी शामिल थी। ड्यूटी के दौरान यह देखा गया कि एक लड़का और एक लड़की को मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 एन 2770 पर साथ में नेपाल प्रभाग से भारत लेकर आ रहा था। इसी क्रम में संदेह के आधार पर दोनों को रोककर पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान स्पष्ट हुआ कि लड़की की उम्र 15 वर्ष है जिससे पहले ही उसने विवाह किया हुआ है और नेपाल से भारत ले जा रहा था। पूछताछ के दौरान लड़की की पहचान सुपौल जिले के बलभद्रपुर वार्ड नबर 6 निवासी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के रूप में हुई। 24 वर्षीय व्यक्ति की पहचान समर्द मिया नेपाल देश के सुनसरी जिला निवासी ग्राम सिरपुरजाबदी वार्ड नबर 07 के रूप में की गई। मामला बाल विवाह का था तो आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद नाबालिग लड़की एवं लडके को सुपौल जिले के बीरपुर थाना को सुपुर्द किया गया।

## छात्र की हत्या का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमुई (नि. सं.)।** जमुई में पुलिस ने 31 मार्च को नवोदय विद्यालय के छात्र कैलाश हेंब्रम की हत्या मामले का उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार की पहचान प्रेमचंद हेंब्रम 18 वर्ष पिता संजय हेंब्रम, चंद्रशेखर हेंब्रम 26 वर्ष पिता देवेंद्र हेंब्रम, रोहित हेंब्रम 24 वर्ष पिता तालो हेंब्रम, जमुई के चिहरा थाना बेहरा इलाके के रूप में हुई है। इस मामले की पिसी कर जानकारी देते हुए झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि पिता के द्वारा पुत्र कैलाश हेम्ब्रम के अपहरण होने के संबंध में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। 31 मार्च को इस कांड के अपहृत कैलाश हेम्ब्रम, पिता देवेन्द्र हेम्ब्रम, का शव पहाड़ी जंगल के एक कुएं से बरामद किया गया था। मामले का खुलासा के लिए जमुई एसपी शोर्य सुमन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। अनुसंधान के अंतर्गत तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर इस हत्या कांड का सफल उद्भेदन किया गया एवं कांड में शामिल तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**एसएसबी जवानों और ग्रामीणों ने मिलकर बुझाई आग**

## पुआल के ढेर में लगी आग, लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान



**निज संवाददाता**

**किशनगंज।** किशनगंज में अगलगी की घटना हुई है। हादसे में लाखों का नुकसान हुआ है। एक की झुलसने की सूचना है। देर रात करीब 2 बजे सीमा क्षेत्र सोनगांव अंतर्गत एक बड़े पुआल के ढेर में आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सीमा पर मौजूद 72वीं वाहिनी के जवानों ने अग्निशमन दल को इसकी सूचना दी। जिसके बाद एसएसबी जवानों और आसपास के गांव से आए हुए स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। मगर तबतक करीब 1.5 लाख की संपत्ति का नुकसान हो चुका था। इस घटना में स्थानीय निवासी समीर अली अपने मवेशियों को बचाने के क्रम में झुलस गए। उन्हें स्थानीय लोगों ने मिलकर इलाज के लिए नजदीकी अस्तपाल में पहुंचाया। एसएसबी जवानों की मदद से एक बड़े दुर्घटना को टाल दिया गया है, जिसकी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

## शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**निज संवाददाता**

**शेखपुरा।** शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की एक टीम ने महुली थाना क्षेत्र के अफरडीह-दाऊदपुर इटावा मुख्य सड़क मार्ग में कौड़ीहारी नदी पुल के पास घात लगाकर अंतर जिला तस्कर गिरोह के एक तस्कर को 80 लीटर शराब और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। छापेमारी का नेतृत्व प्रभारी उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार और उत्पाद विभाग के एएसआई अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप में किया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली कि शेखपुरा में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए नवादा की ओर से शराब की एक बड़ी खेप तस्कर द्वारा शेखपुरा की तरफ लाई जा रही है। सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम नवादा और शेखपुरा जिला के सीमावर्ती इलाके में घात लगाकर तस्कर का आने का इंतजार करने लगी। तभी एक बाइक पर 2 प्लास्टिक ड्रम में भरे शराब की खेप लेकर तस्कर बाइक से आ पहुंचा।

**ईवीएम से थोड़ा भी छेड़छाड़ करने पर हो जायेगा लॉक**

## लोकसभा चुनाव में थर्ड जनरेशन ईवीएम का होगा उपयोग

- **नए जमाने का थर्ड जनरेशन का वोटिंग मशीन एम-3 है**
- **इस मशीन में कोई भी अलग से कोई सॉफ्टवेयर नहीं कर सकता है इंस्टॉल**

**निज संवाददाता**




**सीवान।** लोकसभा के लिए निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन और चुनाव आयोग अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। अबकी बार का मतदान आधुनिक मॉडल के ईवीएम से होगा। इस बार के चुनाव में जो ईवीएम प्रयोग में लिया जा रहा है, वह नए जमाने का थर्ड जनरेशन का वोटिंग मशीन एम-3 है। इस ईवीएम से थोड़ा भी छेड़छाड़ करने पर लॉक हो जायेगा। जिला अधिकारी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नए थर्ड जनरेशन के एम - 3 ईवीएम में चिप को सिर्फ एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है। इसमें 24 बैलेट यूनिट होगा जिसमें कुल 384 प्रत्याशियों की जानकारी होगी। पहले सिर्फ चार बैलट यूनिट और 64 प्रत्याशियों की जानकारी रखी जा सकती थी। प्रत्याशियों की संख्या बढ़ने पर अब चुनाव आयोग को कोई परेशानी नहीं होगी। पूर्व में 64 से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में वैलिड पेपर इस्तेमाल करने का प्रावधान था। हालांकि ऐसा कभी इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ी। थर्ड जनरेशन के ईवीएम में अगर छोटी-मोटी दिक्कत होती है तो इसका सॉफ्टवेयर स्वयं उसे ठीक कर लेगा। मशीन के साथ कोई छेड़छाड़ करता है तो मशीन खुद को लॉक कर लेगा और इसकी जानकारी डिस्प्ले स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेगी। इस मशीन में कोई भी अलग से कोई सॉफ्टवेयर इंस्टॉल नहीं कर सकता है। कोई अलग से डिवाइस लगाई जाएगी तो तुरंत मशीन लॉक हो जाएगा। इससे मशीन को हैक भी नहीं किया जा सकता है। सीवान लोकसभा का चुनाव अबकी बार इस नए मशीन से ही होगा। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## संक्षिप्त समाचार

### कमतौल में एसिड पिला युवक की हत्या, आंत बाहर आ गई

**टमार , एजेंसी।** कनौर बस्ती के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का एसिड से जला शव मिला। मृत युवक कनौर का ललित साह (35) था। घटनास्थल के पास से एक खाली तेजाब की बोतल भी मिली। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे किसी ने एसिड पिलाकर हत्या की हो। पेट में एसिड होने के कारण मृतक का पेट फटकर आंत बाहर आ गया था। वहीं, शरीर पर एसिड से जले का निशान मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### स्कूटी से टक्कर होने पर ऑटो पलटी, दर्जन भर घायल

**गुमला, एजेंसी।** जिला मुख्यालय के सिसई रोड स्थित कॉन्वेंट के समीप ऑटो व स्कूटी की टक्कर होने के बाद ऑटो पलटने से उसमे सवार लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना गुरूवार देर शाम की है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में करमडीपा निवासी अंजली उरांव, यशोदा मिंज, गंगाधर उरांव, सुमंती कुमारी, अर्जुन उरांव, पूनम लकड़ा, यशोदा कुमारी समेत अन्य लोग घायल हो गये। जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसासर सभी सरहुल पर्व मनाने गुमला आए थे। गुरुवार की शाम ऑटो से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी कान्वेंट के समीप सामने से एक स्कूटी सवार से टक्कर हो गई।

### विशुनपुर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**गुमला/विशुनपुर, एजेंसी।** थाना परिसर में शुक्रवार को सीओ शेखर वर्मा की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। सीओ ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी समुदाय के लोगों से पर्व को उत्सवपूर्वक भाईचारगी के साथ मनाने की बात कहीं। साथ ही जुलूस में शामिल होने वाले लोगों से नशापान से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी उदेशवर पाल ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस लगने जैसी पोस्ट न करें। सद्भाव के साथ पर्व का आनंद उठाएं और किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा या शांति भंग होने जैसी स्थिति बनने पर अभिलंब थाना को सूचित करें। मौके पर कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो, रामदास यादव, प्रमोद सिंह, संजय साहू ,दीपक साहू ,थाना एसआइ गंगा प्रसाद यादव, गणेश मिंज, पवन कुमार, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फौजी एंड फ्रेंड्स की टीम जय हो की सफेद ड्रेस लांच

**जमशेदपुर, एजेंसी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की फिटनेस टीम जय हो की सफेद ड्रेस शुक्रवार को लांच की गई। तेज गर्मी की वजह से सफेद ड्रेस को चुना गया है। वर्दी के कॉलर और बाजू में तिरंगा पट्टी देश प्रेम की भावना को दर्शाता है जबकि लोगो योग मुद्रा में व्यक्ति के बट वृक्ष के नीचे साधना का है। अभी तक जय हो टीम डिमना की वादियों एवं जुबली पार्क में ब्लैक ड्रेस में योगाभ्यास और वॉकिंग करती रही है। जल्द ही जय हो टीम में मैरून एवं भगवा रंग की वर्दी का आगमन होने वाला है। इसके माध्यम से पूरे सप्ताह विभिन्न रंगों में दिखते हुए वॉकिंग के प्रति आकर्षण एवं टीम के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन लोगों ने सफेद ड्रेस धारण किया उनमें सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन, दिनेश सिंह, मिथिलेश सिंह, हंसराज सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मौर्य, महेश जोशी, ईश्वर चंद्र शर्मा, राजेश कुमार, सुनील कुमार राय, जय प्रकाश नारायण पाठक, शिवकुमार सिंह आदि शामिल थे।

### पंख संस्था ने दो बेटियों के विवाह में किया सहयोग

**धनबाद, एजेंसी।** सामाजिक संस्था पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट ने जोड़ाफाटक रोड एरिया में दो बेटियों के विवाह में सहयोग किया। संस्था की ओर से दोनों बेटियों को बड़ा ट्रैंक (बक्सा) साड़ी, सूट, चुनरी, स्टील बर्तन सेट और श्रृंगार का सामान, चांदी का छल्ला, चादर, वर के कपड़े दिए गए। श्वेता किन्नर और संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, श्रद्धा शाह, भारती दुबे, सुमन सिंह, रीना सिंह, रेखा गोयल, रूबी, मनीष गुप्ता, रेणु शरण, कल्पना, शशि शेखर गुप्ता, रंजना सिंह, सुधा गुप्ता, साधना सूद, ललिता सिंह, गूंजन गोयल, शरुती गुप्ता, गायत्री गुप्ता, दीपाली सहित अन्य का सहयोग रहा।

# रिकार्ड रूम की सुरक्षा पर ध्यान, लेकिन 10 दिन बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा खतियान




**रांची , एजेंसी।** रांची समाहरणालय स्थित रिकार्ड रूम में हुई चोरी की घटना के 10 दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। तीन अप्रैल की रात में रिकार्ड रूम की खिड़की तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस- प्रशासन लगातार जांच कर रहा है, लेकिन दस दिनों के बाद भी पता नहीं चला कि रिकार्ड रूम से क्या चोरी हुआ।

रांची पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने हर स्तर पर जांच की, लेकिन अभी तक किसी बाहरी व्यक्ति के रिकार्ड रूम में प्रवेश करने का कोई सुराग भी नहीं मिला। ऐसे में अब रिकार्ड रूम के कर्मचारियों पर ही शक बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रिकार्ड रूम की सुरक्षा मजबूत बनाने में भी प्रशासन जुट गया है।

अब इसे सुरक्षित बनाने के लिए चारों ओर लोहे का ग्रिल लगेगा। बाहर में चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। रात्रि सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती होगी। इसके अलावा रिकार्ड रूम में पिछले दस साल से जमा वैसे कागजात, जिनका कोई उपयोग नहीं है, उन्हें भी नष्ट किया जाएगा। इसकी अनुशंसा प्रशासन द्वारा गठित कमेटी ने की है।

कमेटी में शामिल एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक, एसडीओं उत्कर्ष कुमार ने शुक्रवार को रिकार्ड रूम का तीन घंटे तक मुआयना किया। इस दौरान रिकार्ड रूम के अंदर से लेकर बाहर तक, छत से लेकर दरवाजे तक की जांच की गई। वहां फैली अव्यवस्था का आकलन करने के बाद भवन निर्माण विभाग के इंजीनियरों से बिल्डिंग सुरक्षित बनाने पर सुझाव मांगा गया।

पदाधिकारियों द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ कि खतियान की सत्यापित प्रति के लिए मिले आवेदन पिछले दस वर्षों से रिकार्ड रूम में विभिन्न स्थानों पर जमा हैं। जबकि, इन आवेदनों के विरुद्ध सत्यापित प्रति दे दी गई है। इसके बावजूद इन आवेदनों को नष्ट नहीं किया गया है। ऐसे में एक चिंगारी ही रिकार्ड रूम के सारे दस्तावेज को खाक बनाने के लिए काफी है। क्योंकि, हजारों आवेदन कपड़े में बांधकर जहां-तहां जमा कर रखे हुए हैं। खिड़की के शीशे भी टूटे हुए हैं।

ऐसे में कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। पूछताछ में कर्मचारियों ने बताया कि वरीय अधिकारियों द्वारा इन आवेदनों पर किसी तरह का कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ था, इसलिए कागजात को नष्ट नहीं किया गया। जबकि, रिकार्ड रूम के मैनुअल के मुताबिक ऐसे कागजात दो वर्षों के अंदर नष्ट करने का प्रावधान है।

रिकार्ड रूम में चोरी की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है। इस वजह से अगले आदेश तक जमीन के खतियान की सत्यापित प्रति देने पर रोक लगा दी गई है। वहां के दस्तावेजों की इनवेंटरी तैयार की जा रही है, लेकिन इसका खमियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

खतियान की सत्यापित प्रति नहीं मिलने से जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री प्रभावित हो रही है। जिन लोगों ने पूर्व में खतियान की कॉपी निकाल ली थी, वे रजिस्ट्री करा रहे हैं। लेकिन जिन्होंने आवेदन किया था, उन्हें सत्यापित प्रति नहीं मिल रही है। ऐसे में रांची में पहले जहां रोजाना 200 से अधिक डीड की रजिस्ट्री होती थी, अब वह घटकर 100 से 120 हो गई है।

# बाइक से हो रही थी शराब की तस्करी, पुलिस ने जांच के दौरान युवक को पकड़ा, 178 बोतल सहाब



**गिरिडीह , एजेंसी।** गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी पुलिस और स्नस्ज्ञ टीम ने चेंकिग के दौरान आपची बाइक के साथ एक युवक को अवैध शराब ले जाते हुए पकड़ा है। बताया जाता है कि पुलिस और स्नस्ज्ञ टीम बिरनी प्रखंड के चरगो मोड के पास चेंकिग में था।

इसी दौरान स्नस्ज्ञ टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल रंग के आपची मोटरसायिक पर अवैध शराब लोडकर बिरनी की ओर ले जा रहा है। प्राप्त सूचना पर स्नस्ज्ञ टीम के पुलिस ने साथ चरगो मोड के पास चेकिंग लगाया गया। चेंकिग के दौरान पलरा गांव के तरफ से एक लाल रंग का आपाची बाइक को आता देख उसे रोकाने का इशारा किया, परन्तु मोटरसाइकिल चालक नहीं रुका और भागने लगा। कुछ दूर बाद गश्ती दल के मदद से पुलिस ने उसे पीछाकर लिया गया।

उसके बाद बाइक में बंधे कार्टून और थैली की तलाशी ली गई। जिसमें रॉयल स्टैग समेत अलग-अलग ब्रांड के 178 बोतल अंग्रेजी शराब पाया गया। पुलिस ने जब उनसे जब पूछा कि इसे कहां ले जा रहे थे तो उन्होंने पुलिस को बताया कि जमुआ थाना क्षेत्र के डोमन पहरी गांव में एक व्यक्ति के यहां ले जा रहे थे।पुलिस ने जब उनसे इस संबंध वैध कागजात की मांग तो उन्होंने नहीं दिखाया। इसके बाद पुलिस सभी शराब की बोतलें को जब्त करते हुए बाइक चालक जमुआ निवासी सिकन्दर वर्मा पिता काली महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल फोन और बाइक को भी जब्त कर लिया

इस अभियान में महेश कुमार जनसेवक, आकाश भारद्वाज भरकट्टा ओपी प्रभारी, संतोष कुमार दुबे, आरक्षी बिरजु राम, हवलदार सरयु प्रसाद यादव शामिल थे।

# कस्तूरबा विद्यालयों में अब दूसरे राज्यों से अभ्यर्थी भी बन सकेंगे शिक्षक, लेकिन इस शर्त को करना होगा

**रांची, एजेंसी।** राज्य में संचालित 203 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों, 57 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों तथा 26 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में भी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) या पड़ोसी राज्यों से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थी नियुक्त हो सकेंगे।

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में पहले ही ऐसे अभ्यर्थियों को सम्मिलित करने की छूट मिली है। अब इसे राज्य के आवासीय विद्यालयों में संविदा पर शिक्षकों की होने वाली नियुक्ति में भी लागू करने का निर्णय लिया गया है।

निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अभी तक इन आवासीय विद्यालयों में संविदा पर शिक्षकों की होने वाली नियुक्ति में अन्य अर्हता के साथ-साथ झारखंड पात्रता परीक्षा (जेटेट) उत्तीर्ण होना अनिवार्य था।

अब केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा या पड़ोसी राज्यों से टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इन विद्यालयों में संविदा पर नियुक्त हो सकेंगे। बशर्ते उन्हें नियुक्ति के तीन वर्ष के अंदर पहले ही प्रयास में जेटेट उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

यदि राज्य सरकार इस अवधि में जेटेट का




आयोजन नहीं कर पाती है तो नियुक्त शिक्षकों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। साथ ही शिक्षकों को जेटेट की तैयारी के लिए तीन माह का समय भी दिया जाएगा।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से आठ के लिए संविदा पर शिक्षिकाओं की नियुक्ति होती है। इसी तरह नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ के शिक्षकों की नियुक्ति संविदा पर होती है।बता दें कि झारखंड उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर 2023 को अपने आदेश में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से होनेवाली सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा पड़ोसी राज्यों से टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी सम्मिलित करने का आदेश दिया है। आयोग ने इसे लागू भी किया है।

# सांढ़ में मंडप की परिक्रमा और माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

**हजारीबाग/बड़कागांव, एजेंसी।** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा गांव में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमंत एवं बाबा विश्वकर्मा महायज्ञ में अयोध्या से आई मानस मंजरी बीना मिश्रा के कथा वाचन में श्रद्धालुओं की भारी उमड़ रही है। झांकी प्रस्तुति में भी उमंग दिख रहा है। इनके भजन कीर्तन में लोग झूम रहे हैं। भागवत कथा का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने राम भगवान का वर्णन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। उन्होंने नवरात्र के महत्व और देवी पूजन को अत्यंत फलदाई बताया। उन्होंने कहा कि जहां यज्ञ का आयोजन होता है वहां चौंतीस कोटि देवता निवास करते हैं। यज्ञ में कलश स्थापना के बाद अग्नि प्रवेश कराया जा चुका है इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण गांव गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा न सुनने के कारण ही सती को राम के प्रति संदेह हुआ और जिसका परिणाम सती को आत्म दाह करना पड़ा। जब सबरी ने भगवान की प्रतिक्षा की तो भगवान उसकी कुटिया में आकर उसे तार दिया।

यज्ञ मंडप की परिक्रमा और माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यज्ञ को लेकर मीना बाजार भी लगाया गया है। जिसका आनंद महिलाएं और बच्चे जमकर उठा रहे हैं। यज्ञ को लेकर सड़कों पर आकर्षक तोरण द्वार लगाए गए हैं और संपूर्ण गांव को भगवा ध्वज से पाट दिया गया है।

यज्ञ के संचालन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद दांगी, सचिव उपमुखिया प्रतिनिधि पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानन्द महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो साथ ही संपूर्ण गांव जुटा हुआ है। यज्ञ मंडप से उठने वाली निरंतर मंत्रोच्चार और शंख- घंट की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। संध्याकालीन महा आरती में भी श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड रही है। इस दौरान छपेरवा निवासी श्रद्धालु सपना कुमारी पति मुकेंद्र कुमार ने लागातर 12 घंटे की परिक्रमा कर भगवान से अपने मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। शाम 7:00 से लगातार रात्रि में खिचड़ी का वितरण किया जाता है। जिसमें सभी बूढ़े बच्चे महिलाएं प्रसाद का ग्रहण कर रहे हैं।

# सो रहे पति-पत्नी व नातिन को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने की कोशिश

**दुमका, एजेंसी।** दुमका में 23 अगस्त 2022 को सोती हुए किशोरी को पेट्रोल डालकर दो युवकों ने जिंदा जला कर मार डाला था। गुरुवार की देर रात एक बार फिर दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामनगर में पेट्रोल कांड को दोहराने की कोशिश की गई। दो युवकों ने घर में सो रहे पति-पत्नी और उसकी नातिन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया।

गनीमत थी कि महिला के शोर मचाने पर बदमाश के हाथ से माचिस गिर गई और दोनों वहां से भाग गए। महिला की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और एक पेट्रोल का डिब्बा बरामद किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिस जगह पर वीरेंद्र यादव किराए के घर में रहते हैं, वहां पर एक जमीन की प्लॉटिंग चल रही है।

वीरेंद्र कुमार की पत्नी कल्पना देवी ने बताया कि रात को वह पति और नातिन के साथ सो रही थी। रात करीब 12 बजे तीनों के कपड़ों पर पेट्रोल की गंध महसूस हुई। खिड़की खुली होने पर देखा कि दो युवक वहां पर खड़े हैं। शोर मचाते हुए मैं कमरे से बाहर निकलकर आंगन में आई तो तो मुख्य दरवाजा बंद कर दिया गया था। मैंने फिर शोर मचाया तो दोनों ने फिर से पेट्रोल छिड़क दिया। पर, शोर मचाने पर दोनों हड़बड़ा गए और उनके हाथ से माचिस गिर गई। अंधेरे में माचिस नहीं मिलने पर दोनों भाग गए। बाद में पड़ोसियों ने मुख्य दरवाजा खोला।

महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं है और अंधेरा होने की वजह से पेट्रोल डालने वाले बदमाश को पहचान नहीं सकी। अगर बदमाशों के हाथ से माचिस नहीं गिरती तो हम तीनों जिंदा जल जाते। सूचना के बाद एएसआइ रौशन कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की।पुलिस को झाड़ी से पेट्रोल से भरी एक बोतल भी मिली है। पुलिस निरीक्षक नीतिश कुमार ने कहा कि एक महिला ने पेट्रोल डालने की शिकायत की है।

# क्या गांडेय में आजसू देगी बीजेपी का साथ या उतारेगी उम्मीदवार ?

**गांडेय, एजेंसी।** गांडेय से जेएमएम के निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफा देने के कारण 20 मई को यहां उपचुनाव होना है। जेएमएम से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मैदान में हैं। वहीं, एनडीए की घटक दल आजसू पार्टी से विचार विमर्श किए बिना भाजपा ने दिलीप वर्मा को मैदान में उतारा है, लेकिन उसी दिन से आजसू में इसे लेकर नाराजगी है। गांडेय विधानसभा क्षेत्र में आजसू के आधार की बात करें तो उसकी पकड़ तो कम है, लेकिन दावे बड़े-बड़े किए जा रहे हैं।

गांडेय उपचुनाव में आजसू पार्टी का स्टैंड क्या होगा, इसका खुलासा अभी पार्टी ने नहीं किया है। लेकिन वहां की जमीनी हकीकत जानने के लिए पार्टी ने पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी। अब वहां की वस्तुस्थिति जानने के लिए पार्टी प्रमुख सुदेश महतो खुद 14 अप्रैल को गांडेय जा रहे हैं। आजसू गांडेय विस के तीन चुनाव (2005, 2009, 2019) लड़ चुकी है, पर तीनों में मिले वोट की संख्या भी 20 हजार के पार



(19389) नहीं पहुंच पाई है। वहीं, भाजपा व आजसू पार्टी को मिले वोट की तुलना करें तो आजसू की स्थिति में सुधार तो हुआ, लेकिन भाजपा उससे काफी आगे रही।

विधानसभा चुनाव 2005 में जहां भाजपा तीसरे नंबर पर और आजसू 10वें नंबर पर रही थी। आजसू से करीब 22 गुना ज्यादा वोट भाजपा को मिले थे। 2009 के चुनाव में भाजपा फिर तीसरे और आजसू खिसककर छह नंबर पर आ गया। इसमें भी दोनों में अंतर का फासला करीब नौ गुना रहा। बीते 2019 के चुनाव में आजसू पार्टी तीसरे व भाजपा दूसरे नंबर पर आ गई, लेकिन इसमें भी दोनों दलों में वोट का अंतर करीब चार गुना रहा।

**तीनों चुनाव में आजसू के प्रत्याशी की जमानत जब्त :** विगत तीनों चुनाव में आजसू पार्टी के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गयी थी। 2005 में सनातन मरांडी को एक प्रतिशत से भी कम सिर्फ 1488 वोट मिले थे। 2009 में आजसू के अनिमा हांसदा को 1.9 यानी 2540 वोट, 2019 में अर्जुन बैठा को 8.2 यानी 15361 वोट मिले थे। पिछले तीन चुनावों में आजसू पार्टी का ये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

**'वस्तुस्थिति जानने के बाद पार्टी आगे का निर्णय लेगी' :** पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि 14 को हमलोग गांडेय जा रहे हैं। वहां विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत प्रमुख, ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में वस्तुस्थिति की जानकारी ली जाएगी। उसके बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा जोर पार्टी की नहीं एनडीए की जीत पर है।

# चतरा लोकसभा सीट पर फंसी महागठबंधन : राजद-कांग्रेस में उठापटक जारी; लोहरदगा सीट पर जेएमएम की दावेदारी

**चतरा, एजेंसी।** चतरा में 20 मई को मतदान होना है। भाजपा ने यहां से कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर अब तक द्ध.ह्न.ष्ठ.द्ध. गठबंधन ने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। सीट को लेकर राजद और कांग्रेस में पेंच फंसा हुआ है।

राजद इस सीट पर लंबे समय से अपना दावा पेश कर रही है। राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता ने इस सीट पर अपना दावा पेश किया है। वहीं कांग्रेस ने अब तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया लेकिन अपना अधिकार नहीं छोड़ने की बात कही है।महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर फॉर्मूला भले तय हो गया हो लेकिन आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। जेएमएम, कांग्रेस ने कुछ सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया है लेकिन चतरा सीट पर अब भी मामला फंसा है।

इधर, लोहरदगा सीट से जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा चुनाव लड़ना चाहते हैं। जेएमएम इस सीट पर भी अपनी नजर रख रही है हालांकि कांग्रेस ने इस सीट से सुखदेव भगत के नाम का ऐलान कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने सीटिंग सांसद सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को मौका दिया है। बीजेपी प्रत्याशी घोषित करने के बाद इंडिया अलायंस में शामिल दलों को प्रेशर पॉलिटिक्स झेलने पर मजबूर कर दिया है। शायद इसी का नतीजा है कि झारखंड की हॉट शीट बन



चुके चतरा लोकसभा सीट पर महागठबंधन की ओर से अब तक न तो सीट शेयरिंग की ही घोषणा हुई है और ना ही राजद और कांग्रेस समेत महागठबंधन में शामिल झामुमों प्रत्याशी के नाम पर अपनी अंतिम मुहर लगा पाई है।

सीट की घोषणा नहीं होने से महागठबंधन में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। टिकट बंटवारे में देर होने से महागठबंधन में शामिल सहयोगी पार्टी कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता अपनी दावेदारी को लेकर आमने-सामने आ गए हैं।एक और जहां राज्य के श्रम, नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता राजद की ओर से स्थानीय प्रत्याशी देने की बात कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया है कि यहां कांग्रेस लड़े या राजद प्रत्याशी स्थानीय ही होगा। वहीं कांग्रेस की प्रदेश कार्य समिति सदस्य आभा ओझा कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर आश्वस्त हैं। कांग्रेस नेत्री आभा ओझा ने कहा है कि चतरा सीट कांग्रेस को मिलनी तय है।इसके लिए दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने-अपने दावों के साथ पार्टी फोरम में अपनी बातें भी रख रहे है। दूसरी ओर राजद के कई कार्यकर्ताओं ने कहा है कि अगर राजद को चतरा सीट से टिकट नहीं मिलता है तो सामूहिक इस्तीफा होगा।इधर चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणी भी सीट शेयरिंग में हो रही देरी के बीच अपनी राजनीति रोटी सेंकने में जुटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथ-पैर बांधे फिर पत्नी संग किया घिनौना काम, दिल न भरा तो.., पति की करतूत बताते हुए रो पड़ी विवाहिता

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी का अश्लील वीडियो और फोटो बना ली। इसके बाद ब्लैकमेल कर एक लाख रुपये और प्लॉट न दिलाने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

नुनिहाई क्षेत्र की युवती की शादी 2020 में बाड़ी क्षेत्र में हुई थी। शादी के बाद पति व अन्य ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और प्लॉट की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर पति ने एक दिन हाथ-पैर बांधकर संबंध बनाए। अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। कुछ दिन बाद देवर ने छेड़छाड़ की। पति को बताया कि उसे ही पीटा गया। इसके बाद वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। एत्माद्दौला थाना प्रभारी ने बताया कि दहेज, छेड़छाड़ और जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दिन में ऑटो से रेकी, रात में करते थे चोरी, तीन गिरफ्तार

**वाराणसी , एजेंसी।** दिन में ऑटो और मोपेड से बंद मकानों की रेकी कर रात में चोरी करने वाले तीन बदमाशों को लालपुर पांडेयपुर और चोलापुर थाने की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान चंदौली के मुगलसराय थाने के व्यासपुर साहूपुरी के राजू दास, हीरामनपुर के बबलू राजभर और हरसौस के रामसागर उर्फ अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ 11 मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी वरुणा जोन श्याम नारायण सिंह ने बताया कि लालपुर-पांडेयपुर थानाध्यक्ष राजकुमार और चोलापुर थाने के दरोगा प्रशांत पांडेय की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से सोने का एक हार, पांच अंगूठी, दो बाली, चार टप्स, एक चेन व एक मंगलसूत्र, आठ बिछिया, 10 पायल, 23200 रुपये, दो तमंचा व दो कारतूस, एक ऑटो और एक मोपेड बरामद हुई है। डीसीपी वरुणा जोन ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

### ट्रेन में 750 ग्राम अवैध सोने के साथ तस्कर हिरासत में, 52 लाख रूपये बताई जा रही है कीमत

**गोरखपुर , एजेंसी।** डायरेक्ट्रेट ऑफ़ रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने शुक्रवार को कोलकाता से गोरखपुर आ रही ट्रेन से साढ़े सात सौ ग्राम अवैध सोने के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सोने की कीमत करीब 52 लाख बताई जा रही है। यह सोना तस्करी कर बैंकॉक से कोलकाता होते हुए गोरखपुर लाया जा रहा था। अंदेशा है कि यह सोना गोरखपुर व आसपास के बाजारों में खपाने की तैयारी थी। जानकारी के मुताबिक, डीआरआई को सूचना मिली थी कि बैंकॉक से तस्करी कर सोना कोलकाता के रास्ते पा गोरखपुर लाया जाने वाला है। डीआरआई की खुफिया टीम ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी की। कोलकाता से गोरखपुर आने वाली ट्रेन में अवैध सोने के साथ तस्कर को हिरासत में ले लिया।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या, घर के बाहर पड़ा मिला शव, पिता बोले- बेटे को शराब पिलाकर पीटा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर देहात में डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव में एक युवक का शव घर के बाहर संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। मृतक के पिता ने गांव के एक युवक पर शराब पिलाने के बाद पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। घटना की जानकारी पर एसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मुर्रा निवासी मोनू सविता (25) का शव शुक्रवार रात 12 बजे के करीब घर के बाहर मिला। शरीर पर चोट के निशान भी मिले। पिता कैलाश सविता ने गांव के पंकज शर्मा पर बेटे को शराब पिलाने के बाद पीट-पीटकर हत्या किए जाने के आरोप लगाया। युवक की हत्या की जानकारी पर देर रात डेरापुर थाना प्रभारी अनिल कुमार पहुंचे। रात में ही एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय ने पहुंच कर जानकारी ली।

# कांग्रेस ने 17 सीटें जीतने के लिए बनाया खास प्लान

## प्रदेश को नौ जोन में बांटकर बनाई गई है योजना

**लखनऊ , एजेंसी।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भले ही 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही हो, लेकिन वह प्रदेश की सभी 80 सीटों पर लोगों तक पहुंचने और अपनी बात पहुंचाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। यही वजह है कि चुनाव में जमीनी प्रचार-प्रसार के साथ-साथ वह सोशल मीडिया का भी भरपूर इस्तेमाल कर रही है। इसके लिए वह पूरी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरी हुई है।

पार्टी ने सोशल मीडिया और मीडिया की एक टीम बनाई है, जो सभी लोकसभा क्षेत्रों में मीडिया समन्वय व प्रत्याशी से समन्वय कर स्थानीय मुद्दों को जोर-शोर से उठा रही है। सोशल मीडिया के लिए राज्य स्तर, लोकसभा स्तर व संगठन स्तर पर समन्वय की एक टीम बनाई है। जो सभी प्रमुख मुद्दों पर अपने शीर्ष नेताओं के साथ-साथ स्थानीय नेताओं, पूर्व विधायक, सांसद आदि की बाइट बनाकर यूट्यूब के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित कर रही है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए हर लोकसभा क्षेत्र में एक मीडिया समन्वयक अलग से बनाया गया है। पार्टी के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि हम इसके माध्यम से पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ स्थानीय मुद्दों को भी उठाने का काम कर रहे हैं। साथ ही विपक्ष के वादों की पोल खोलने का भी काम इसके माध्यम से कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रमुख व स्थानीय मुद्दों पर अपने प्रमुख नेताओं, पूर्व विधायक, मंत्री, सांसद की बाइट लेकर उसे आम लोगों तक हर माध्यम से पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फोकस होकर काम करने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि आज का युवा इस माध्यम का सर्वाधिक प्रयोग कर रहा है। ऐसे में उस तक अपनी बात पहुंचाने का यह एक अच्छा माध्यम है। वहीं नेताओं की रैली, सभा, जनसंपर्क आदि के कार्यक्रम अलग से चल रहे हैं।

### प्रदेश को नौ जोन में बांटकर कर रहे काम

पार्टी ने प्रदेश को सोशल मीडिया के लिहाज से नौ जोन में बांटा है। इसमें लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज शामिल हैं। राज्य स्तरीय टीम से यहां पर मीडिया इंचार्ज तैनात किए गए हैं। ये इन प्रमुख जिलों के साथ-साथ आस-पास के जिलों को भी कवर करेंगे। वहां के स्थानीय नेताओं से संपर्क कर यह मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।



साथ ही पार्टी के प्रमुख नेताओं के ट्वीट व बाइट को भी हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

### द्विजेंद्र व सुरेंद्र बने समन्वयक

पार्टी ने चुनाव अभियान को गति देने के लिए मीडिया विभाग ने विभिन्न चुनाव कमेटियों का गठन किया है। मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि चुनाव अभियान को गति देने के लिए स्ट्रेटजिक, प्लानिंग व रिसर्च कमेटी का गठन किया गया है। द्विजेंद्र त्रिपाठी को मीडिया विभाग की 17 सदस्यीय सलाहकार समिति का समन्वयक व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट सुरेंद्र राजपूत को 14 सदस्यीय स्ट्रेटजिक कमेटी का संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी को 15 सदस्यीय रिसर्च कमेटी का समन्वयक व प्रवक्ता संजीव सिंह को 15 सदस्यीय प्लानिंग कमेटी का समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। लोकसभा क्षेत्रों व संगठन व वार रूम के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए छह जोन के मीडिया इंचार्ज की नियुक्ति भी की गई है।

## रामपुर लोकसभा सीटः सपा के लिए चुनौती बना आजम का गढ़, उनके समर्थक ही पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ





**लखनऊ, एजेंसी।** सपा नेतृत्व को रामपुर में आजम खां के समर्थकों को साधना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। आजम के बेहद खास माने जाने वाले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने पार्टी प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने मोहिब्बुल्लाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए बसपा के प्रत्याशी जीशान खां को चुनाव लड़ाने का एलान किया है।

रामपुर में जब सपा का जिला कार्यालय सील किया गया, तब वीरेंद्र गोयल ने अपनी जमीन पर नया कार्यालय खुलवाया। आजम के साथ ही गोयल के खिलाफ भी बकरी चोरी समेत करीब 11 मुकदमे दर्ज हैं। वीरेंद्र गोयल समेत आजम समर्थकों का आरोप है कि सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह उन लोगों के यहां जा रहे हैं, जिन्होंने आजम खां व उनके समर्थकों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए हैं।

गोयल का कहना है कि आजम खां के समर्थक मुरादाबाद में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को लड़ा रहे हैं, लेकिन मजबूरी में रामपुर में निर्णय बदलना पड़ा। रामपुर में तो मोहिब्बुल्लाह के लिए हेलीकॉप्टर से पार्टी का सिंबल लेकर आए सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम तक ने जिला कार्यालय पर आना मुनासिब नहीं समझा। आजम खां के समर्थकों का कहना है कि अगर अखिलेश यादव रामपुर से चुनाव लड़ते, तो उन्हें सिर्फ पर्चा भरने के लिए ही आना होता। बाकी सब वे संभाल लेते।

खैर, सपा के स्थानीय नेताओं का कहना है कि मोहिब्बुल्लाह की टीम स्थानीय स्तर के मतभेदों से अच्छी तरह से वाकिफ नहीं है। इस वजह से भी दिक्कतें आ रही हैं। इस बारे में सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह का कहना है कि वे तो यहां सभी को जोड़ने के लिए आए हैं। इसलिए सबके यहां वोट मांगने जा रहे हैं। वीरेंद्र गोयल को कोई गलतफहमी हो गई थी, जिसे दूर कर लिया गया है।

## हाईकोर्ट का फैसला: विवाहित पुत्री भी अनुकंपा नियुक्ति की दावेदार, मृतक आश्रितों की सेवा मामले में अहम फैसला

**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक मृतक आश्रितों की सेवा मामले में दिए अहम फैसले में माना कि मृतक आश्रित कर्मी की विवाहित पुत्री भी अनुकंपा नियुक्ति का दावा कर सकती है। इस नजीर के साथ कोर्ट ने सिंचाई विभाग के मृतक कर्मी की विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की अर्जी पर दो माह में दोबारा गौर करने का आदेश अफसरों को दिया। पहले विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति के दावे की अर्जी को यह कहकर खारिज कर दिया गया था कि वह परिवार में आश्रित नहीं है, उसके दो भाई नौकरी करते हैं और उसकी माता को पेंशन मिलती है। इसके खिलाफ पुत्री ने फिर कोर्ट की शरण ली थी।

यह फैसला व आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने मृतक आश्रित कर्मचारी की पुत्री कविता तिवारी की याचिका मंजूर करके दिया। याची ने अर्जी को खारिज करने के आदेश को चुनौती देकर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया था।

याची का कहना था कि उसके पिता सिंचाई और जल संसाधन विभाग में बतौर ड्राइवर लखनऊ में कार्यरत थे। जिनकी वर्ष 2019 में सेवाकाल में मृत्यु हो गई थी। जब याची ने अनुकंपा नियुक्ति देने के आग्रह के साथ विभाग को अर्जी दी तो अर्जी को यह कहते हुए खारिज कर



दिया गया कि विवाहित होने से वह परिवार में आश्रित नहीं है, उसके दो भाई नौकरी करते हैं और उसकी माता को पेंशन मिलती है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने पहले वर्ष 1974 के संबंधित नियमों के तहत विवाहित पुत्री के अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर पुनः गौर करने का निर्देश दिया था। क्योंकि यह नियम ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं करते हैं कि याची के भाई सरकारी सेवा में हैं या फिर उसकी माता को पेंशन मिलती है। उधर, सरकारी वकील ने याचिका का विरोध किया।

कोर्ट ने कहा कि वर्ष 1974 के नियमों के तहत अनुकंपा नियुक्ति के दावेदार के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह मृतक कर्मी पर आश्रित हो। साथ ही कोर्ट ने एक अन्य नजीर के हवाले से कहा कि मृतक कर्मी के पुत्र का सरकारी सेवा में होना भी अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रतिबंध नहीं है। क्योंकि पुत्र की आय अपनी पत्नी व बच्चों वाले परिवार के लिए है। सिर्फ मृतक की पत्नी या पति में से अगर कोई सरकारी सेवा में है,तो इनमें से कोई अनुकंपा नियुक्ति का दावा नहीं कर सकता। ऐसे में याची के भाईयों का सरकारी सेवा में होना और उसकी माता को पेंशन मिलना, विवाहित पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति मांगने से प्रतिबंधित नहीं करते। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची के अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया।

## प्रेमी के घर के सामने कैसे जली युवती...सीसीटीवी में पुलिस को दिखा कुछ ऐसा; बदल रही पूरी कहानी

**आगरा , एजेंसी।** फिरोजाबाद के थाना दक्षिण क्षेत्र में परिजन के साथ मिलकर प्रेमिका को जलाने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस द्वारा मौके पर जांच के दौरान खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे में युवती एक बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लाती दिखाई दे रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मोहल्ला नई बस्ती में प्रभात राठौर द्वारा परिजन की इच्छानुसार किसी अन्य जगह शादी कर ली थी और युवती रिया सेन से बातचीत भी बंद कर दी थी। इसी बात से नाराज युवती शुक्रवार सुबह ही प्रेमी घर पहुंच गई थी। इसके बाद युवती संदिगध परिस्थिति में जल गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ की। इसके बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, जिसमें युवती एक बोतल में तरल पदार्थ लाते हुए दिख रही थी। कुछ लोगों ने पुलिस को पूछताछ में युवती के खुद ही आग लगाने की बात बताई है। आग लगने के बाद वह प्रेमी के मकान में गई और फिर सड़क पर आकर गिर गई थी। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रभात राठौर को हिरासत में ले लिया है। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि युवती एक बोतल में खुद ही तरल पदार्थ लाई थी। मामले में जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने तीन समाचार पत्र विक्रेताओं को कुचला, दो की मौत, एक की हालत गंभीर; चक्काजाम

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र के ढकवां गांव के समीप शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित कार ने तीन समाचार पत्र विक्रेताओं को कुचल दिया। हादसे में दो समाचार पत्र विक्रेताओं की मौत हो गई। वहीं, तीसरा गंभीर रुप से घायल है। तीनों विक्रेता समाचार पत्र लेने पांडेयपुर जा रहे थे।

मृतकों में संजीव कुमार (35) व शैल कुमार (34) शामिल हैं। वहीं, प्रमोद कुमार (32) की हालत गंभीर बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। दूसरी तरफ, गुस्साए लोगों ने वाराणसी-गाजीपुर हाइवे को जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे की जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। मौके पर एडीसीपी, एसडीएम, एसीपी भी पहुंचे।

मिली जानकारी के अनुसार, चौबेपुर के ढकवां गांव निवासी शैल कुमार राम पुत्र स्व. अमर देव प्रसाद, संजीत कुमार पुत्र अजगुत प्रसाद, प्रमोद कुमार पुत्र दशरथ, जो अखबार का बंडल चौबेपुर सेंटर लेने घर से निकले ही थे।

पंडापुर तिराहे के समीप अनियंत्रित कार पीछे से साइकिल सवार तीनों समाचार विक्रेताओं को रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना स्थल पर शैल कुमार व संजीत कुमार दोनों की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई हैं। वहीं,प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बजरिए एम्बुलेंस पुलिस ने ट्रामा सेंटर भेज दिया, जहां उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग हाइवे पर आ गए। गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे पर सुबह सवा 6 बजे से सवा 9 बजे तक हाइवे पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. एजीलर्सन, उपजिलाधिकारी सदर, आईपीएस सरवन, एसीपी सारनाथ अतुल अंजान, प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला भी पहुंचे ग्रामीणों की मांग पर उन्हें आर्थिक सहायता दिलाने, कार चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाम खत्म हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

## सपा, कांग्रेस में भी रह चुके हैं बालकृष्ण चौहान, अब बसपा से टिकट मिला

**मऊ , एजेंसी।** मऊ की घोसी संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाए गए बालकृष्ण चौहान कभी बसपा का बड़ा चेहरा हुआ करते थे। 1999 में वह पहली बार घोसी लोकसभा सीट से सांसद बने थे, मगर 2004 में सपा के चंद्रदेव प्रसाद राजभर से चुनाव हार गए । 2009 में उन्हें बसपा से टिकट मिलने की चर्चा थी, मगर उनकी जगह दारा सिंह चौहान को टिकट मिल गया। 2012 में वह सपा में शामिल हो गए। 2014 लोकसभा चुनाव में सपा से टिकट मिलना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने 2018 में सपा की सदस्यता छोड़कर वापस बसपा का दामन थाम लिया। बाद में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। 2019 में वह कांग्रेस के टिकट पर लड़े ओर चौथे स्थान पर रहे। चार अप्रैल को उन्होंने कांग्रेस छोड़कर बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब पार्टी ने उन्हें तीसरी बार टिकट दिया है।

# तिलक समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग कर बुजुर्ग की हत्या

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत तीन को लगी गोली

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ में काकोरी के तेज किशन खेड़ा गांव में शुक्रवार रात तिलक समारोह में वर्चस्व और रंजिश में एक प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथियों ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। ब्लॉक प्रमुख समेत चार लोगों को गोलियां लगीं। जिसमें से उनके एक साथी की मौत हो गई। ब्लॉक प्रमुख की हालत गंभीर है। निजी अस्पताल में इलाज जारी है। अन्य दो की हालत खतरे से बाहर है। वारदात को अंजाम देने के हमलावर भाग निकले। पुलिस की पांच टीमें उनकी तलाश में लगाई गई हैं।

तेज किशन खेड़ा गांव में शुक्रवार को राम कुमार लोधी बेटे संदीप का तिलक समारोह था। समारोह में भाजपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत भी मौजूद थे। उनके साथ गांव के ही अनंत राम यादव उर्फ अमित (60), उनके भाई जयकरण यादव व अमित उर्फ छोटू भी थे। रात करीब साढ़े नौ बजे वह समारोह स्थल से जैसे ही बाहर निकलने लगे तभी गांव के ही मोनू रावत, उसका भाई अखिलेश, रिंकू लोधी, बबलू लोधी, ज्ञानी लोधी और श्रीकृष्ण रावत आए और गाली गलौज करते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने लगें। राम विलास, जयकरण, अनंत राम और छोटू को गोलियां लगीं। आनन-फानन में उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां अनंत राम की मौत हो गई। राम विलास की हालत बेहद गंभीर है। उनके पेट व कमर में गोलियां लगी हैं। वहीं अनंत को भी दो गोलियां लगने की बात सामने आई है। जिसमें से एक गोली गर्दन में लगी हैं।

**एक सिर को छूते हुए निकली गोली:** मृतक अनंत राम के भाई जयकरण के सिर में बाएं तरफ गोली छूते हुए निकल गई। वह बाल बाल बच गए।



वहीं घायल छोटू के हाथ में गोली लगी। प्राथमिक उपचार के बाद उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मृतक अनंत के परिवार में उनकी पत्नी दयावती, तीन बेटे रंजीत, फूलचंद, रामबाबू व बेटी कोमल है। वह किसानी करते थे।

**इस तरह पनपी दुश्मनी, बनी वारदात की वजह:** राम विलास की पत्नी प्रधान रह चुकी हैं। पहले राम विलास और मोनू एक साथ रहते थे। पंचायत चुनाव में मोनू ने दूसरे प्रत्याशी का समर्थन किया। जिसके बाद से दोनों बीच दुश्मनी पनपने लगी थी। कुछ वक्त पहले मोनू के भाई पर दुष्कर्म का एक केस दर्ज कराया था। इस प्रकरण में राम विलास पीड़ित पक्ष की पैरवी कर रहे थे। इस वजह से मोनू उनसे खुन्नस रखने लगा था। यही नहीं मोनू अपना वर्चस्व काम करना चाहता है। यही सभी वजहें वारदात का कारण बनीं। मोनू रावत केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का पीए रहा है। पांच महीने पहले ही उसको हटाया गया था।

## फिरोजाबाद में ऐसा बदला था रुख, लोकसभा चुनाव में जमानत भी न बचा सके पूर्व मंत्री; नोटा से भी हार गए

**फिरोजाबाद , एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम में यह नोटा का विकल्प दिया है। यानी अगर कोई भी प्रत्याशी पसंद नहीं है तो मतदाता नोटा पर वोट कर सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नोटा को इतने वोट मिले कि उसने पूर्व मंत्री चौधरी बशीर एवं निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे राजवीर को हराने का काम किया था। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या पिछले चुनाव के सापेक्ष कम रही। लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से प्रारंभ हो गई। सपा, बसपा की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। लेकिन भाजपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस चुनाव में निर्दलीय सहित छोटे दलों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।



2019 के लोकसभा चुनाव में भले ही मुकाबला भाजपा के डॉ. चंद्रसेन जादौन, सपा के अक्षय यादव, प्रसपा नेता शिवपाल सिंह यादव एवं भारती किसान परिवर्तन पार्टी के उपेंद्र सिंह राजपूत से तो नोटा हार गया था। शिवपाल यादव को 91869 मत मिले थे। जबकि उपेंद्र सिंह 9503 मत पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन फिरोजाबाद के मतदाताओं ने नोटा (इनमें से कोई नहीं) को दबाने का काम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे चलाएगा 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें; बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल



**गोरखपुर , एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी में दिल्ली, पंजाब और मुंबई आवागमन करने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर, वाराणसी, छपरा, लालकुआं और टनकपुर से विभिन्न तिथियों व रूटों पर जून तक 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देश पर ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ट्रेनों की घोषणा के साथ ही टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। रेलवे ने ट्रेनों के संचालन की तैयारी पूरी कर ली है। आवश्यकतानुसार और समर स्पेशल ट्रेन चलाने की भी योजना तैयार कर ली है। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार गोरखपुर के रास्ते बिहार से दिल्ली और पंजाब के लिए भी ट्रेनें चलाई जाएंगी। सहरसा से सरहिंद और रक्सौल से आनंदविहार के बीच समर स्पेशल ट्रेन की घोषणा कर दी गई है। दरअसल, छुट्टियों के समय नियमित ट्रेनों का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। गोरखपुर और छपरा से दिल्ली और मुंबई रूट पर चलने वाली ट्रेनों में नो रूम (टिकटों की बुकिंग बंद) की स्थिति बन गई है।

### पीएम पर विवादित बयान देने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर एफआईआर

**बीजापुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा अपने दिए गए बयानों को लेकर फंसते नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने बीजापुर की एक चुनावी सभा में डमी ईवीएम की मदद से लोगों को वोट देने का तरीका समझाया था। इस दौरान उन्होंने बटन दबाने के बारे में बताते हुए गोंडी बोली में कवासी लखमा जीत गया और मोदी मर गया जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इस बात की जानकारी मिलने पर चुनाव आयोग ने इस मामले में संज्ञान में लिया और इसे हेट स्पीच मानते हुए स्नढ्ढक्र दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद बीजापुर जिले के मिरतूर और कुटरू थाने में कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर पुलिस ने स्नढ्ढक्रदर्ज कर ली है। इस मामले में जानकारी देते हुए बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ धारा 500, 506, 188 व आरपीए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर जगदलपुर में खुलेआम पैसे बांटने के मामले में जगदलपुर कोतवाली में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है।
सीएम बोले- कांग्रेस को स्पष्ट दिख रही हार
कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### अगर सुंदर ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोलकर दिखा दें तो मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी- कंगना रनौत

**मंडी, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत ने प्रदेश के कांग्रेस विधायक और मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर को खुली चुनौती दे डाली है। कंगना ने शुक्रवार को भरी सभा में मंच से कहा कि अगर वह (सुंदर ठाकुर) मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोलकर दिखा दें तो मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी। इससे पहले सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा था कि कंगना मुंबई से यहां आती हैं, वह राजनीति क्या जानें? सुंदर के इस बयान से नाराज कंगना ने सीधा हमला करते हुए उन्हें खुला चैलेंज दे डाला। राजनीति एक भाव है जो मुझमे अपने आप आया है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों की सेवा करना चाहती हूं। कंगना पर निशाना साधते हुए सुंदर ठाकुर ने गुरुवार को कहा था, ये चुनाव है, किसी फिल्म की प्रमोशन नहीं है कि आपने दो महीने में फिल्म बना ली ढिंका चिका-ढिंका चिका करके, प्रमोशन करके और ट्वीट करके।

# नितिन गडकरी की छवि के सामने फेल हैं सारे जातीय समीकरण

**नागपुर, एजेंसी।**
नागपुर शहर के बीचों-बीच पड़ने वाले शताब्दी चौक पर चुनावी लाउडस्पीकर का बहुत शोर है। बसपा के नीले झंडे वहां सबसे ज्यादा लहरा रहे हैं, लेकिन तभी उधर से मनीष नगर की ओर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का काफिला निकलता है और लोगों की भीड़ उनकी तरफ उमड़ पड़ती है। वह आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं।

यह संसदीय सीट कई मायनों में महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय यहां है और भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जीत की हैट्रिक बनाने की तैयारी कर रहे हैं। तीसरे, इस सीट पर जातीय समीकरण हावी हैं। लेकिन जातीय समीकरणों पर गड़करी की छवि कहीं ज्यादा भारी पड़ रही है। उन्हें लोग एक ऐसे मंत्री, सांसद और नेता के रूप में देखते हैं, जिन्होंने शानदार सड़कें बनाकर न सिर्फ



नागपुर, बल्कि सूबे और देश का भी विकास किया है।

पार्टी के भीतर ही नहीं बल्कि विरोधियों के बीच भी गडकरी की साख उनकी स्वीकार्यता को बढ़ाती है। हालांकि कांग्रेस ने एक ओबीसी और अनुभवी उम्मीदवार विकास ठाकरे को उनके सामने उतारकर चुनौती पैदा करने की कोशिश की है लेकिन लोग साफ कहते हैं कि कोई और उम्मीदवार होता तो भाजपा की राह मुश्किल हो सकती थी लेकिन यहां तो गडकरी जी मैदान में हैं। बता दें कि नागपुर में ओबीसी मतदाताओं की संख्या 50 फीसदी से भी ज्यादा होने का अनुमान है जिनमें ज्यादातर कुनबी और तेली हैं। भाजपा ने अपने प्रचार में गडकरी की छवि को भुनाने का भरपूर प्रयास किया है, उनका नारा है... 'कहो दिल से नितिन जी फिर से...।'

उद्धव ठाकरे केंद्र की विफलताओं को जनता के सामने रखने का प्रयास कर रहे हैं। वह नागपुर पश्चिम सीट से विधायक हैं। नागपुर पश्चिम सीट में ही संघ मुख्यालय भी पड़ता है और उनका आत्मविश्वास इतना लबालब है कि उन्होंने हाल में दावा किया था, संघ के कई लोग भी उनके पक्ष में वोट करेंगे।

नागपुर के लोग चुनाव में दिलचस्पी ले रहे हैं और पैनी नजर बनाए हैं। जीरो माइल इलाके के निवासी मोरेश्वर सी. धुने कहते हैं कि विकास ठाकरे के मैदान में उतरने से शायद पांच लाख मतों से जीत का लक्ष्य गडकरी पूरा नहीं कर पाएं, फिर भी अच्छे मतों से उनकी जीत पक्की है। एक खाद्य श्रंखला के संचालक एवं भाजपा में सक्रिय प्रणब घुगरे कहते हैं कि गडकरी शानदार मतों से जीत की हैट्रिक लगाने जा रहे हैं। नागपुर सीट पर वैसे तो 26 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें ज्यादातर निर्दलीय व छोटे दलों के नुमाइंदे हैं। हालांकि यहां भाजपा, कांग्रेस के बाद तीसरे नंबर की पार्टी बसपा है। बसपा ने योगेश पातीराम को प्रत्याशी बनाया है। पिछले कई चुनावों में बसपा यहां तीसरे नंबर पर उभरकर आई, पर उसके वोट घट रहे हैं। दरअसल, 15-20 दलित मतदाता इस सीट पर हैं जिनमें हिन्दू एवं बौद्ध दलितों की मिलीजुली संख्या है। दलित वोटर साढ़े चार लाख के करीब होने की संभावना है। 12 मुस्लिम वोटर भी हैं। 2009 में बसपा प्रत्याशी को 1.18 लाख मत मिले थे, लेकिन 2019 में 32 हजार से भीकम रहे।

## दिव्यांग पति को नहीं देना होगा गुजारा भत्ता, कर्नाटक हाईकोर्ट ने मामले में निचली अदालत के आदेश पलटा



**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति को अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी और जुर्माना लगाने के निचली अदालत के आदेश भी पलट दिया। हाई कोर्ट महिला द्वारा दायर गुजारा-भत्ता संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने व्यक्ति की शारीरिक सीमाओं पर जोर देते हुए कहा कि पति बैसाखी की मदद से चल रहा है और भरण-पोषण के लिए उससे नौकरी की अपेक्षा करना अव्यवहारिक है।

इस मामले में पति-पत्नी के बाद तलाक हुआ था और पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 के तहत भरण पोषण के लिए 15,000 रुपये प्रति माह दिए जाने की मांग की थी। हालांकि बाद में पति दिव्यांग हो गया और गुजारा भत्ता देने में अक्षम हो गया। हाई कोर्ट ने पति की दिव्यांगता के मद्देनजर उसकी पत्नी द्वारा दायर भरण-पोषण संबंधी याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि हाई कोर्ट ने दिव्यांग पति के पिता से पोते के जरूरतों के लिए बेटे की दिव्यांगता से पहले का भुगतान वित्तीय सहायता के लिए महिला को देने को कहा।



## केरल में शशि थरूर का वाम दलों पर हमला, भाजपा विरोधी वोटों को बांटने का लगाया आरोप

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
वाम दलों पर तिरुअनंतपुरम में भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी दल विपक्षी एकता के बारे में बहुत चिंतित होने का दावा करते हैं, लेकिन यह बताने में विफल हैं कि वे भाजपा के कुशासन पर फोकस करने के बजाय अपनी अधिकांश ऊर्जा उन्हें कमजोर करने में क्यों लगा रहे हैं।

तिरुअनंतपुरम में त्रिकोणीय मुकाबला है और यहां थरूर का मुकाबला भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और भाकपा के पी. रविंद्रन से है। थरूर ने कहा कि यह विडंबना है कि वामपंथी इस संसदीय सीट पर भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित करना चाहते हैं और वायनाड में गठबंधन धर्म का उपदेश देते हैं, जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं।

उनका इशारा वायनाड से राहुल की उम्मीदवारी पर भाकपा की आपत्ति की ओर था। उन्होंने यह भी कहा कि वामपंथियों ने हर बार उनके विरुद्ध उम्मीदवार खड़ा किया है और इसके लिए वह उनकी आलोचना नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने 2009 में उनसे ही पहली बार सीट हासिल की थी। उन्होंने अपनी संसदीय सीट के लिए पिछले 15 वर्षों में उपलब्धियों का 68 पृष्ठों का रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया है।

## बाल विवाह करना चाहते थे पेरेंट्स, लड़की ने की बगावत

**हैदराबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के फर्स्ट ईयर में एस निर्मला ने टॉप किया है। निर्मला की कहानी वाकई बहुत से लोगों के प्रेरणा दायक है। इसने फिर यह साबित कर दिया है कि अगर पढ़ने-लिखने का मौका मिले तो लड़कियां सफलता की बुलंदियों को छू सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्मला बाल विवाह की चपेट में आन वाली थीं, मगर किसी तरह बच गई। उन्होंने शिक्षा का रास्ता चुना और आज अपना नाम रोशन किया है। वह कुर्नूल जिले के पेद्दा हरिवनम की रहने वाली हैं। उन्होंने 440 नंबर में से 421 नंबर (95.7प्रतिशत) हासिल किया है। वह हमेशा से प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। 10वीं के एग्जाम में उन्होंने 600 में से 537 नंबर (89.5प्रतिशत) पाए थे। निर्मला की 4 बहनें हैं। इनमे से 3 की शादी उनके पेरेंट्स ने पहले ही कर दी थी। वे निर्मला की भी शादी करना चाहते थे। मगर, उन्होंने इसका विरोध किया और अपना करियर बनाने पर जोर दिया।

# चुनाव से पहले घबराए हुए हैं पीएम मोदी, नॉनवेज वाली टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया पलटवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके उस बयान के लिए निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा है कि सावन के महीने में मीट खाने का वीडियो प्रदर्शित कर विपक्ष बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाता है। इस पर कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री घबरा गए हैं। वह रोज ध्यान भटकाने का नया तरीका खोजने की कोशिश करते हैं। वह हर दिन हमें अपनी बीमार मानसिकता का एक नया उदाहरण देते हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिना रुके राजनीति करना बचकाना व थकाऊ है और दावा किया कि चुनाव में भाजपा पिछड़ रही है क्योंकि उसने अभी तक अपना घोषणापत्र तैयार नहीं किया है, जबकि कांग्रेस पहले ही अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है और लोगों से संपर्क कर रही है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में



कहा, ÷प्रधानमंत्री के विपरीत हमने यह ट्रैक नहीं किया है कि किस नेता ने किस महीने में क्या खाया। यहां पोषण के कुछ डाटा हैं, जिन्हें हम ट्रैक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनीमिया कई वजहों से होता है जिनमें आयरन की कमी, अपर्याप्त आहार और अन्य पोषक तत्वों की कमी शामिल है। 2015-16 और 2019-21 के बीच पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एनीमिया में लगभग 10 प्रतिशत प्वाइंट्स की वृद्धि हुई।÷ कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि 15 से 19 वर्ष की महिलाओं में एनीमिया का प्रसार 9.2 प्रतिशत तक बढ़ गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में पांच वर्ष से कम उम्र के 10 में से आठ बच्चे एनीमिया से प्रभावित मिले। रमेश ने आरोप लगाया, मिड-डे मील योजना में स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए नाश्ता शामिल करने की 4,000 करोड़ की योजना पर धन की कमी के कारण वित्त मंत्रालय ने वीटो कर दिया था।

### मोदी सरकार में कुपोषण व्यापक स्तर पर

उन्होंने कहा कि ग्लोबल हेल्थ इंडिकेटर (जीएचआई) रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के बच्चों में वेस्टिंग रेट (लंबाई के अनुपात में कम वजन) 18.7 प्रतिशत है जो इसके सूचकांक में शामिल देशों में सबसे अधिक है। बच्चों में बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत है जो दुनिया में 15वीं सबसे अधिक है। मोदी सरकार में कुपोषण व्यापक स्तर पर बना हुआ है और कई डाटा इंडिकेटरों के अनुसार, यह और भी बदतर हो गया है।

## बाराबंकी में बासी खाना खाने से फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए 31 लोग, भर्ती

**बाराबंकी, एजेंसी।** बाराबंकी में स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर गांव में शुक्रवार को दावत में आए लोगों ने दिन का बासी खाना रात में खा लिया। भोर में फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों की हालत बिगड़ने लगी। एक-एक करके लोग सीएचसी पहुंचने लगे। सुबह 7:00 बजे तक 31 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार होकर सीएचसी आ गए थे। भारी संख्या में मरीज के आने से सीएचसी में भी अफरा तफरी मच गई। सभी डॉक्टर का कर्मचारियों को ऑन कॉल बुलाया गया। डॉक्टर ने फूड प्वाइजनिंग के शिकार महिला, पुरुष व बच्चों का इलाज शुरू किया।

राहुल रावत की दो बेटियों का शुक्रवार को मुंडन था। मुंडन में बिरादरी व परिवार के लोग शामिल होने के लिए शुक्रवार को दिन में राहुल के घर से दाल चावल रोटी खाकर कोटवा सड़क मुंडन कराने गए थे। देर शाम मुंडन कराकर वापस लौट के बाद सभी ने फिर से दिन का बचा हुआ दाल चावल तथा सब्जी खाई।

## लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, 400 कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी

**जयपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बाद राजस्थान कांग्रेस में भगदड़ मच गई है। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को बड़ा झटका लगा है। करीब 400 कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, जिससे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दरअसल, कांग्रेस ने नागौर लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के साथ गठबंधन किया है और इसे आरएलपी के लिए छोड़ दिया है। पार्टी ने यहां नागौर सांसद और आरएलपी चीफ हनुमान बेनीवाल को मैदान में उतारा है।

इस बीच, बेनीवाल की शिकायत के आधार पर नागौर से भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा के पक्ष में प्रचार करने के आरोप में सोमवार को तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया। इनमें पूर्व विधायक भाराराम, कुचेरा नगर पालिका चेयरपर्सन तेजपाल मिर्धा और सुखाराम डोडवाडिया शामिल थे। इन तीनों नेताओं के निलंबन के तुरंत बाद नागौर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। निलंबन का विरोध करते हुए तीनों ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तेजपाल मिर्धा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान नागौर में कांग्रेस मजबूत स्थिति में थी। उसने आठ में से चार सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव में भी उसकी स्थिति उतनी ही मजबूत थी। इसके बावजूद, आरएलपी के साथ गठबंधन क्यों किया गया। हनुमान बेनीवाल एक टूल हैं जो नागौर में कांग्रेस को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे व्यक्ति के साथ गठबंधन करने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गहरा झटका लगा है।

## कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस? सिद्धारमैया का दावा- कांग्रेस विधायकों को तोड़ने के लिए 50 करोड़ का ऑफर

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिणी राज्य में ऑपरेशन लोटस चलाने की कोशिश में है। इंडिया टुडे से बातचीत में सिद्धारमैया ने दावा किया, भाजपा ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश की। हालांकि, हमारे नेताओं ने इसे नकार दिया। भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर कांग्रेस कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हार जाती है तो सिद्धारमैया सरकार गिर जाएगी। इसे लेकर सवाल किया गया तो सिद्धारमैया ने कहा, वे ) पिछले एक साल से मेरी सरकार को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं। हमारे विधायकों को 50 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया। उन्होंने पूरी कोशिश की मगर असफल रहे।



सीएम सिद्धारमैया ने कहा, हमारी सरकार का गिरना संभव नहीं है। हमारे विधायक साथ नहीं छोड़ेंगे। एक भी विधायक कांग्रेस छोड़कर नहीं जाएगा। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया को भले ही पूर्ण बहुमत न मिले, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भी केंद्र में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट नहीं मिलेंगी। भाजपा के 'अबकी बार 400 पार' के नारे के विपरीत, सिद्धरमैया ने उम्मीद जताई कि केंद्र में भाजपा के बिना सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार नहीं बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेरी जानकारी के मुताबिक भाजपा से जुड़े सर्वे से पता चला है कि वे केवल 200 से ज्यादा सीटें ला पाएंगे। वे अपने दम पर सत्ता में नहीं आएंगे। चुनाव के बाद राजनीतिक दलों का फिर से गठबंधन होगा।

# चिंताजनक: हर दसवें मरीज को लिखी गई दवा की पर्ची में पाई गई गंभीर खामियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
इसे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ का असर कह लें या इलाज में मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़, लेकिन एक बात सच है कि मरीजों की पर्ची लिखने में लापरवाही बरती जाती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) की पहल पर 13 अस्पतालों में किए गए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले 44.87 प्रतिशत मरीजों की पर्ची लिखने में दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जाता या फिर वह आधी अधूरी होती हैं। हर दसवें मरीज को लिखी गई दवा की पर्ची में गंभीर खामियां होती हैं। इससे मरीजों को गंभीर दुष्प्रभाव तक झेलना पड़ता है। हाल ही में यह अध्ययन इंडियन जर्नल आफ मेडिकल



रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। एम्स दिल्ली, सफदरजंग, एम्स भोपाल, केईएम मुंबई, पीजीआइ चंडीगढ़, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना सहित 13 अस्पतालों के फार्माकोलाजी विभाग के डाक्टरों ने मिलकर अध्ययन किया है।

अगस्त 2019 से अगस्त 2020 के बीच सरकारी व निजी क्षेत्र के उन अस्पतालों के कम्युनिटी मेडिसिन, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, पीडियाट्रिक, गायनी, त्वचा रोग व नेत्र विज्ञान विभाग की ओपीडी में इलाज कराने वाले 4,838 मरीजों की पर्चियां एकत्रित कर अध्ययन किया गया। 55.1 प्रतिशत पर्ची में डाक्टरों ने दिशा-निर्देश का ठीक से पालन किया था। 44.87 प्रतिशत पर्ची में खामियां पाई गईं। 38.65 प्रतिशत पर्ची पर दवा की डोज, दवा कितनी बार और कब तक लेनी है यह बात नहीं लिखी गई थी। 9.8 प्रतिशत (475) पर्ची में दवा लिखने में गंभीर खामियां पाई गईं। इस वजह से अध्ययन में शामिल करीब छह प्रतिशत मरीजों के इलाज का खर्च बढ़ गया। पांच प्रतिशत मरीजों को दवा का गंभीर दुष्प्रभाव हुआ।

अध्ययन में कहा गया है कि मरीजों को बीमारी की दवा के साथ-साथ दवा के दुष्प्रभाव से बचने के लिए भी अनावश्यक रूप से दवा लिखी गई। पैंटोप्राजोल, रबेप्राजोल व डोम्पेरिडोन कंबाइंड डोज की दवा और ओरल एंजाइम अनावश्यक रूप से ज्यादा लिखी गई थीं। श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में संक्रमण और हाइपरटेंशन की दवा लिखने में ज्यादा खामियां पाई गईं। मरीजों को दवा लिखने वाले सभी डॉक्टर एमडी या एमएस थे और उन्हें चार से 18 वर्ष का अनुभव था। कई मरीजों को एंटासिड के साथ रबेप्राजोल व डोम्पेरिडोन कंबाइंड डोज की दवा लिखी गई, जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दिशा निर्देशों में शामिल नहीं है। इसी तरह यूआरटीआइ (अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक इंफेक्शन) के इलाज के लिए एजिथ्रोमाइसिन के अलावा एफडीसी एमोक्सिलिन व क्लैवुलैनीक एसिड दवा भी लिखी गई थी। एंटीबायोटिक दवाओं के गलत इस्तेमाल से इसके बेअसर होने का खतरा बढ़ता है। सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन के निदेशक प्रोफेसर डा. जुगल किशोर ने कहा कि पर्ची लिखने में गड़बड़ी के कारणों का पड़ताल करते समय यह भी देखना होगा कि अध्ययन कब हुआ।


## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: आबकारी विभाग के पूर्व सचिव गिरफ्तार, एसीबी की पूछताछ का दौर जारी

**रायपुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले को लेकर जांच और पूछताछ का दौर जारी है। ईडी के बाद अब प्रदेश में कथित घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्ल्यू जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ईओडब्ल्यू ने आबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी सरकारी अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है।

छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला को लेकर एसीबी के विशेष अभियोजन अधिकारी सौरभ पांडेय ने बताया कि आबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक अरुण पति त्रिपाठी को राज्य में कथित शराब घोटाले में उनकी भूमिका के लिए बिहार से गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है। पांडेय ने बताया कि एसीबी/ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में त्रिपाठी को पेश किया गया जहा न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी ने त्रिपाठी को 18 अप्रैल तक हिरासत में भेज दिया है। मामले को लेकर सौरभ पांडे ने बताया कि इसके अलावा विशेष अदालत ने कथित शराब घोटाले में रायपुर के महापौर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर तथा एक अन्य आरोपी अरविंद सिंह की हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। बतादें कि दोनों ही आरोपियों की रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को विशेष अदालत में पेश किया गया था। जहां जांच एजेंसियों ने तर्क देते हुए ढेबर और सिंह की हिरासत बढ़ाने की मांग की थी।

आईपीएल-2024

# आयुष बडोनी ने आईपीएल में धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने इस मैच को 6 विकेट से अपने नाम किया। इस मुकाबले में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसमें उन्होंने 41 के स्कोर तक जहां अपने शुरुआती 2 विकेट गंवाए थे तो वहीं 94 के स्कोर तक टीम ने अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से लखनऊ के लिए मैच में लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचना काफी मुश्किल दिख रहा था, लेकिन 24 साल के युवा खिलाड़ी आयुष बडोनी ने अरशद खान के साथ मिलकर स्कोर को 167 के स्कोर तक पहुंचा दिया। आयुष के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली जिसके दम पर उन्होंने आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी के एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

## आईपीएल में नंबर-7 की पोजीशन पर आया बडोनी का दूसरा अर्धशतक

आयुष बडोनी को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नंबर 7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर भेजा था, जिसके बाद उन्होंने एक छोर से पारी को संभालने के साथ रनों की गति को भी बढ़ाने का काम किया। आयुष ने अरशद खान के साथ मिलकर 42 गेंदों में 73 रनों की साझेदारी। आयुष ने अपनी नाबाद 55 रनों की पारी के दम पर आईपीएल इतिहास में धोनी के खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। आईपीएल इतिहास में इस मुकाबले से पहले नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ी के तौर पर सिर्फ धोनी ने ही 2 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी, वहीं बडोनी जो पहले एक बार इस कारनामे को अंजाम दे चुके थे उन्होंने दूसरी बार ऐसा करने के साथ धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बडोनी ने इससे पहले साल 2023 के आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लखनऊ के मैदान पर खेले गए मुकाबले में नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रनों की पारी खेली थी।

## आंद्रे रसेल ने खेली हैं अब तक सबसे ज्यादा अर्धशतकीय पारियां नंबर-7 पर

आईपीएल इतिहास में अब तक नंबर-7 की पोजीशन पर सबसे ज्यादा अर्धशतकीय पारियां खेलने का रिकॉर्ड आंद्रे रसेल के नाम पर है, जिन्होंने 5 बार इस कारनामे को अंजाम दिया है। वहीं इसके बाद आयुष बडोनी, पैट कमिंस और महेंद्र सिंह धोनी का नाम है जिन्होंने 2-2 बार ये कारनामा अब तक किया है। बडोनी को लेकर बात की जाए तो साल 2022 के सीजन से वह लखनऊ की टीम का हिस्सा हैं और अब तक उन्होंने 33 मैचों में 21.95 के औसत से 483 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। बडोनी का अब तक 131.97 के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं।

आईपीएल डेब्यू में धमाके के बाद मैकगर्क की जुबां पर आई दिल की बात

# मैंने भारत में जो देखा, वो कहीं नहीं देखा...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की युवा सनसनी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने आईपीएल डेब्यू में धमाका कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का हिस्सा मैकगर्क ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वन डाउन उतरे मैकगर्क के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रन निकले। उन्होंने दो चौके और पांच छक्के ठोके। उन्होंने पृथ्वी शॉ (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 और कप्तान ऋषभ पंत (41) के संग तीसरे विकेट के लिए 77 रन की अहम साझेदारी की। डीसी ने 168 रन का टारगेट 11 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

मैकगर्क आईपीएल डेब्यू मैच में फिफ्टी जड़ने वाले 22वें खिलाड़ी हैं। डीसी ने चोटिल पेसर लुंगी एनगिडी के रिप्लेसमेंट के रूप में मैकगर्क को स्क्वॉड में शामिल किया था। वह 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर डीसी से जुड़े थे। आईपीएल डेब्यू में यादगार पारी खेलने के बाद 22 वर्षीय मैकगर्क की जुबां पर दिल की बात आ गई। उन्होंने भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत में आईपीएल में जैसे शानदार माहौल है, वैसा कभी अनुभव नहीं किया। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैंने पिछले पांच-छह बाहर बैठकर बिताए हैं और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक रहा। मैं पहला गेम जीतने पर बेहद खुश हूं। मैं, बल्ले के बीच से खेलने की कोशिश की। बस गेंद को देखा और उसके अनुसार रिएक्ट किया, यही मैं पिछले 12 महीनों से कर रहा हूं और इसे क्यों ही बदलूं? मैकगर्क से जब पूछा गया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा शॉट कौन-सा रहा तो कंगारू बल्लेबाज ने कहा, मुझे कवर के ऊपर का शॉट बहुत पसंद आया।

मैं आमतौर पर ऑफ साइड पर इतने ज्यादा शॉट नहीं मारता। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं सीखना जारी रखूंगा। अपने स्ट्राइक रेट और साथ ही स्ट्राइक रोटेट करने पर फोकस कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यह एक स्किल है जो अनुभव के साथ आएगी और ज्यादा मैच खेलने से निश्चित रूप से इसमें मदद मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा, मैं यहां (भारत में आईपीएल खेलना) आकर रोमांचित हूं। यह एक अलग दुनिया में कदम रखने जैसा है। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। प्रत्यक्ष अनुभव शानदार रहा है। भारत में बेहतरीन वक्त गुजर रहा है।

## पहली आईपीएल पारी में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए हाईएस्ट स्कोर

- 116 - माइकल हसी (सीएसके) बनाम पीबीकेएस, मोहाली, 2008
- 55 - जेक फ्रेजर-मैकगर्क (डीसी) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2024
- 54 - विद्युत शिवरामकृष्णन (सीएसके) बनाम डीसी, चेन्नई, 2008
- 54 - कुमार संगकारा (पीबीकेएस) बनाम सीएसके, मोहाली, 2008
- 54 - अंगकृष रघुवंशी (केकेआर) बनाम डीसी, विशाखापट्टनम, 2024

गरीबी में आटा गीला...

# लगातार हार के बीच आरसीबी को लगा तगड़ा झटका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अब तक आईपीएल 2024 बहुत खराब रहा. टीम ने 6 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्हें सिर्फ 1 में ही जीत नसीब हुई है. बेंगलुरु सीज़न में 1 जीत हासिल करने वाली इकलौती टीम है. 1 जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर मौजूद है. अब इन मुश्किल हालातों के बीच टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम का स्टार ऑलराउंडर चोटिल हो गया है. दरअसल आरसीबी के लिए बिग शो कहे जाने वाले स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को अंगूठे में चोट लग गई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में फील्डिंग के दौरान मैक्सवेल को चोट लगी थी. आकाश दीप की बॉलिंग पर ऑन साइड में फील्डिंग करते हुए मैक्सवेल का अंगूठा चोटिल हुआ था. चोट के बाद वह मैदान के बाहर चले गए थे. बेंगलुरु अपना अगला मैच 15 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी. हैदराबाद के खिलाफ मैक्सवेल बाहर हो सकते हैं.

## खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं मैक्सवेल

मैक्सवेल ने अब तक इस सीज़न 6 पारियां खेल ली हैं, जिसमे 3 बार वह डक पर आउट हुए. इसके अलावा बाकी तीन पारियों में उन्होंने 03, 28 और 01 रन बनाया है. वहीं बॉलिंग में उन्होंने 4 विकेट झटके हैं.

## कौन हो सकता है मैक्सवेल का रिप्लेसमेंट?

मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में बेंगलुरु ने ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया था. अब हैदराबाद के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले में एक बार फिर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है. इस बार ग्रीन को मैक्सवेल की जगह शामिल किया जा सकता है.




# धोनी की झलक के लिए फैन ने खरीदे 64,000 रुपए के आईपीएल टिकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के भारत में एक से बढ़कर एक फैन है. उनकी दीवानगी फैंस के सिर पर चढ़कर बोलती है. धोनी के एक फैन ने दावा किया कि उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के टिकट को 64, 000 रुपये खर्च कर खरीदा, ताकि वो थाला का दीदार कर सकें. इसके लिए इस फैन ने बेटियों की स्कूल फीस में देरी कर दी. उन्होंने कहा कि वह पहले टिकट लेना चाहते थे, जिस वजह से उन्होंने अपनी 3 बेटियों की फीस में देरी कर दी. इस फैन के साथ उसकी तीन बेटियों ने थाला के मैच का दीदार किया.

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में इस फैन दावा किया. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच के टिकट इस फैन ने 64 हजार रुपए खर्च कर खरीदे. धोनी 8 अप्रैल को आईपीएल 2024 में केकेआर के खिलाफ हुए मैच में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे. इस मैच को चेन्नई सुपर किंग्स ने 7 विकेट से जीता था.

इस फैन ने दावा किया कि 64,000 रुपये खर्च कर जो टिकड खरीदे, उससे उन्होंने और उनकी 3 बेटियों ने मैच देखे. इस फैन ने दावा किया, मुझे टिकट नहीं मिला, इसलिए मैंने ब्लैक में 64,000 रुपये में टिकट खरीदे. मुझे अभी भी स्कूल की फीस जमा करनी है, लेकिन हम एमएस धोनी को सिर्फ एक बार देखना चाहते थे. इस फैन ने स्पोर्ट्सवॉक चेन्नई चैनल के साथ एक से यह बात कही.

## सोशल मीडिया पर फैन्स ने उठाए सवाल

वहीं इस शख्स की बेटी ने एक वीडियो में कहा, मेरे पिता ने इन टिकटों को पाने के लिए बहुत मेहनत की है, जब धोनी खेलने आए तो हम बहुत खुश थे. हालांकि इस बात से सोशल मीडिया पर फैन्स काफी नाराज दिखे. उन्होंने शख्स की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर दिए, कई लोग इस फैसले की आलोचना करते हुए नजर आए.

चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेल रही है.

कैंडिडेट्स शतरंज

# गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला





**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा।

अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा।

रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

## टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त

सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं।

मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

हंपी ने 40 चालों में ड्रॉ खेला

पेरिस ओलंपिक

# दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का एलान किया था।

भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस बहुराष्ट्रीय प्रतियोगित में देश के दल के प्रमुख (शेफ डी मिशन) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 21 मार्च को शेफ डी मिशन नियुक्त किया था। मैरी कॉम ने पद से हटने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है और कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा- देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।

## देश के लिए कुछ भी करना गर्व की बात

41 साल की मैरी कॉम ने कहा, इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हमेशा हौसलाअफजाई करती रहूंगी।

## उनकी निजता का सम्मान

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरी कॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने अपने बयान में कहा, हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरी कॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जाएगी।

## एक नजर

### संस्कार अलंकरण समारोह में 48 विद्यार्थियों को मिली जिम्मेवारी

**पटना (नि.सं.)**। दीघा स्थित संत डोमिनिक सेवियोज हाईस्कूल में शनिवार को संस्कार अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित स्कूल कप्तान, उप कप्तान समेत 48 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और समग्र प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न प्रभार सौंपे गए। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड के सदस्यों की ओर से मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अरुण कुमार उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों को विशेष प्रभार सौंपे गए। विद्यालय कप्तान के लिए आयुष कुमार और उप कप्तान के लिए रिद्धिमा सहाय का चयन किया गया। वहीं हेड ब्वाय के लिए सौरभ राज, हेड गर्ल के लिए नीलांजना सिंह और डिप्टी हेड गर्ल के लिए अर्पिता सिंह का चयन किया गया।

### पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे रविशंकर प्रसाद

**पटना (नि.सं.)**। पटना साहिब लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे। गुरु दरबार में उन्होंने हाजिरी लगाई। मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। करीब 25 मिनट तक गुरुद्वारा में रूके। प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दरबार साहब में अंग वस्त्र और शिरोपा देकर रविशंकर प्रसाद को सम्मानित किया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यहां आने के बाद शांति और खुशी महसूस होती है। हालांकि इस दौरान चुनाव को लेकर उन्होंने कोई बात नहीं की। दूसरी ओर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि रविशंकर प्रसाद गुरु के दरबार में आते रहते हैं। यहां उन्होंने हाजिरी लगाई और गुरु का आशीर्वाद ग्रहण किया है।

### बिहार के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए मौका

**पटना (नि.सं.)**।भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया अपनी अकादमी में भविष्य के फुटबॉलरों को तराशेंगे। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 अप्रैल को खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित होने वाले इस ट्रायल में चयनित होने वाले खिलाड़ी को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल में शामिल किया जाएगा। राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि इस ट्रायल में खिलाड़ियों को अपने साथ बर्थ सर्टिफिकेट लाना होगा। इच्छुक प्रतिभागियों की उम्र 1 जनवरी, 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच होने चाहिए। रजिस्ट्रेशन के लिए कोई चार्ज नहीं लगेगा। ट्रायल के लिए रिपोर्टिंग टाइम सुबह 8 बजे है। फुटबॉलरों को अपनी किट भी लेकर आनी होगी। ट्रायल का उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को ढूंढना और उन्हें शिखर तक पहुंचने के लिए एक आदर्श मार्ग प्रदान करना है।

# आग लगने से घर सहित सामान राख, हजारों का नुकसान

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)**। गोह के देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में शनिवार की शाम एक घर में अचानक आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आज पर कब पाया। पीड़ित बिपती कुंवर ने बताया कि मैं अपने छह वर्षीय पोता प्रियांसु कुमार के साथ घर में सोई हुई थी की अचानक बाहर से लोग आग आग की आवाज लगाते हुए घर में घुस गए और हम दोनो को खींचकर घर से बाहर निकाला तब तक घर के चारो तरफ आग की लपेटे दिखाई देने लगा।आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नही है। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक आग ने पूरे घर को जला दिया। स्थानीय लोगों में अमन यादव, अनंत पासवान, नन्हे पासवान, सरयू पासवान, शंभू पासवान, उमेश पासवान, गिरजा पासवान की मदद से किसी तरह आग की चपेट में आने से अन्य घरों को बचाया गया। हालांकी कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर पूर्ण तरह से काबू पाया। इस अगलगी की घटना में घर में रखा बक्सा, कपड़ा, दो साइकिल, अनाज, बक्सा में रखा नकद दस हजार रुपए, दो मोटर तीन चौकी, सात कुर्सी सहित अन्य समान पूरी तरह जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से दिये जाने वाले उचित मुआवजे की मांग की है।

# अंबेडकर जयंती की तैयारी को ले समीक्षा बैठक संपन्न

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के एक निजी भवन मे अम्बेडकर जयंती की तैयारी पर अम्बेडकर विचार मंच के कार्यकर्ताओ ने समीक्षा बैठक की। अध्यक्षता लालदेव पासवान ने की। आयोजक पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, सुनील दीप ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा, जूलूस निकाला जाएगा। विभिन्न जगहों से जूलूस आकर प्रखंड परिसर स्थित अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा के पास एकत्रित होगे।वहां से विशाल शोभा यात्रा, जूलूस गाजे-बाजे के साथ रफीगंज मे निकाली जायेगी। राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू, अशोक कुमार, अशोक प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, रामाशीष दास, उमेश पासवान, कुमकुम देवी, रेणू देवी सहित वक्ताओ ने अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। अधिक संख्या में पहूंचने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय प्रसाद उर्फ मंत्री, साजिद उर्फ टिंकू, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार, उमेश प्रसाद, बबलू कुमार, कोमल कुमार, इंदल पासवान, प्रियंका यादव, मुकेश कुमार, दुर्गा दास, उपेंद्र पासवान, अमीन अफरीदी, जितेंद्र कुमार, भोला प्रसाद, चंद्रेश्वर सुमन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# साढ़े पांच किलो गांजा के साथ तस्कर पिता-पुत्र गिरफ्तार



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह पुलिस एवं जिला आसूचना इकाई के द्वारा संयुक्त रूप से संयोजित तरीके से गोह थाना अंतर्गत ग्राम अकौना में छापामारी कर लगभग साढ़े पांच किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि आसूचना इकाई व गोह पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अकौना गांव निवासी संतोष कुमार के घर मे छापेमारी करते हुए पांच किलो छह सौ बीस ग्राम गांजा बरामद किया गया हैं। वही गांजा के तस्करी करने के मामले में पिता संतोष कुमार एवं पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भंटा लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार दोनों तस्कर को जेल भेज दिया है।

### औरंगाबाद में गरजे सम्राट व चिराग, कहा

# नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के पीएम

निज संवाददाता



**कुटुम्बा (औरंगाबाद)**। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को औरंगाबाद के कुटुम्बा में विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। दोनो नेताओं ने कुटुंबा में औरंगाबाद से एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कहा कि पूरे देश मे जिस तरह का माहौल है, उससे साफ है कि 4 जून को आनेवाले चुनाव परिणाम में एक बार फिर से मोदी जी का डंका बजेगा और लगातार तीसरी बार वे देश के पीएम बनेंगे। श्री चौधरी ने लालू यादव के परिवार को भ्रष्टाचार में डूबा हुआ बताया। उन्होंने कहा कि आरजेडी कह रही है कि एक करोड़ नौकरी देंगे, तो यह भी बताएं फिर कितनों की जमीन लेंगे, कितना लेंगे, जमीन लेने की तैयारी है। कहा कि लालू का परिवार सिर्फ भ्रष्टाचार कर सकता है। एक करोड़ युवाओं को सपना दिखाकर उनकी जमीनों को कैसे लिखवाना है, इसका रोडमैप बनाया है, जिसे जनवचन का नाम दिया है। वहीं लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने भी विपक्ष पर जमकर तंज कसा। कहा कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारियों की जमात है। चिराग पासवान ने कहा कि अच्छी बात है कि तेजस्वी नौकरी की बात कर रहे हैं, लेकिन उनको यह बताना चाहिए कि यदि यह लोग सही मायने में एक करोड़ लोगों को नौकरी दे सकते हैं तो एक लंबे समय तक इन्हीं के परिवार के लोग सत्ता में रहे हैं, क्यों नहीं दिया। इतना ही नहीं यह बात तो हर कोई जानता है कि इनलोगों ने कैसे लोगों को नौकरियां दी है। चिराग ने कहा कि यह पहली बार तो चुनाव हो नहीं रहा, इससे पहले आप लोग भी सत्ता में रहे इनके परिवार के दो लोग मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भी रहे तो जब सत्ता मिली तो इन कामों को क्यों पूरा नहीं किया। हकीकत तो यह है कि इनलोगों को जब भी सत्ता मिलती है तो यह लोग बहाना बनाना शुरू कर देते हैं और कहने लगते हैं कि यह गठबंधन का वादा नहीं हमारा वादा था और जब हमारी सरकार आएगी तब इसे पूरा किया जाएगा।दोनों नेताओं ने औरंगाबाद लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह को विजयी बनाकर मोदी जी का हाथ मजबूत करने की अपील भी की।

# पुलिस ने छापेमारी कर किया देसी हथियार बरामद

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर गोह पुलिस ने पेमा गांव में छापेमारी करते हुए एक अवैध देसी हथियार बरामद किया है।हालांकि पुलिस की भनक लगते हैं। हथियार रखने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि औरंगाबाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पेमा गांव में एक व्यक्ति अवैध हथियार अपने घर मे बहुत दिनों से रखता है। इसी मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोह थाना एवं जिला आसूचना इकाई की संयुक्त कार्रवाई में पेमा गांव में यमुना दास के पुत्र रवींद्र दास के घर मे छापेमारी की गई तो अवैध 01 देशी रायफल बरामद किया गया। जब घर में मौजूद महिलाओं से हथियार की कागजात मांगी गई तो महिलाओं ने कोई भी कागजात नही होने की बात कही। पुलिस ने मामले में थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

# बिहार के एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी लड़ रहे हैं लोकसभा का चुनाव

निज संवाददाता



पटना। बिहार के एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी इस बार का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। आजादी के बाद बिहार में अबतक 23 मुख्यमंत्री बने। इनमे श्री कृष्ण सिंह, दीप नारायण सिंह,बिनोदानंद झा, कृष्ण बल्लभ सहाय, महामाया प्रसाद सिन्हा,सतीश प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल,भोला पासवान शास्त्री, हरिहर सिंह, दारोगा प्रसाद राय, कर्पूरी ठाकुर, केदार पांडेय,अब्दुल गफूर,जगन्नाथ मिश्रा,रामसुंदर दास, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद, सत्येन्द्र नारायण सिंह, लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी शामिल हैं। इनमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और जीतन राम मांझी को छोड़कर सभी पूर्व मुख्यमंत्री का निधन हो गया है। नीतीश कुमार अभी मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं। जीतन राम मांझी एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री हैं, जो इस बार का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी चुनाव नहीं लड़ रही है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सर्वप्रथम वर्ष 1977 में जनता पार्टी की लहर में छपरा लोकसभा सीट से भारतीय लोक दल (बीएलडी) के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद वर्ष 1989, 2004 में वह छपरा से चुनाव जीते।2008 में परिसीमन के बाद छपरा सीट सारण बन गयी। वर्ष 2009 के चुनाव में श्री यादव ने सारण से जीत हासिल की । श्री यादव ने मधेपुरा संसदीय सीट पर 1998 और वर्ष 2004 का लोकसभा का चुनाव भी जीता है। चारा घोटाले में सजा होने से श्री यादव की लोकसभा की सदस्यता छिन गयी और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# एम्स पटना में राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस पर हुआ क्विज

**पटना(नि.सं.)**। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के पैथोलॉजी विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस मनाया गया। डॉ. वीआर खानोलकर की जयंती पर पैथोलॉजी दिवस मनाया जाता है। विभाग के सेमिनार कक्ष में आधे दिन की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत डॉ.(प्रो.) रुचि सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) पूनम प्रसाद भदानी ने पैथोलॉजी की यात्रा अतीत, वर्तमान व भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया। उन्हें माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ.(प्रो.) भास्कर ठाकुरिया ने सम्मानित किया।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगा क्लिनिक में की तोड़फोड़

निज संवाददाता



**पटना**। पटना के दानापुर थाना के निजी क्लिनिक के झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से डिलीवरी के लिए आई महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। इसको लेकर मृतका प्रसूता रजनी देवी परिजनों ने जमकर हंगामा किया और क्लिनिक में तोड़फोड़ की। मृतका का भाई राजेश रजक ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम जीजा और उनके परिजन दीदी को प्रसव पीड़ा होने के बाद दानापुर अनुमंडल अस्पताल भर्ती करवाने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी ब्लीडिंग हो रही थी। वहां पहुंचे पर बोला गया की अभी डिलीवरी में समय है। कल लेकर आइए। लेकिन उनकी पीड़ा को देख परिजन चिंतित हो गए। उसी दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद आशा कर्मी ने उन्हें बीबीगंज स्थित निजी क्लिनिक में भर्ती करने को कहा। जिसके बाद उन्हें वहा भर्ती करवाया गया। यहां डॉक्टर ने कहा कि जल्द से जल्द इनका ऑपरेशन करना पड़ेगा। जिसके बाद उन्होंने 40 हजार रुपया जमा करने को कहा। रुपया जमा करने के बाद वह ऑपरेशन के लिए मेरी बहन को ले गए। कुछ देर बाद बच्चा लेकर बाहर आकर सभी को दिखाया। उसके कुछ देर बाद कहा कि मरीज की हालत बहुत नाजुक है। इन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाना पड़ेगा। आनन फानन में वह उन्हें दानापुर मैनपुरा स्थित कुसुम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। मरीज को वहा छोड़ डॉक्टर सहित क्लिनिक कर्मी फरार हो गए। परिजनों ने तथाकथित डॉक्टर पर लापरवाही बतरने के आरोप लगाया है।

# हॉस्टल के गार्ड पर छेड़खानी का आरोप

निज संवाददाता

**पटना**। पाटलिपुत्र गर्ल्स हॉस्टल के गार्ड पर एक छात्रा(21) ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। इस संबंध में श्री कृष्णापुरी थाने में छात्रा ने लिखित शिकायत दी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छात्रा का कहना है कि 12 अप्रैल को उसकी तबीयत खराब थी। देर रात डॉक्टर से दिखाने के बाद हॉस्टल लौटी और अपने कमरे में चली गई। गेट लॉक किए बगैर वो आराम कर रही थी। इस बीच रात 1 बजे के आसपास गार्ड संजय कुमार टंकी में पानी नहीं होने और मोटर स्टार्ट करने के बहाने कमरे में घुस गया। अकेला देखकर उसके साथ छेड़खानी की।डीएसपी साकेत कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर हॉस्टल के गार्ड संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# महिला उत्पीड़न सहित अन्य कांडों में 71 आरोपित गिरफ्तार

- 784 लीटर देसी और करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है।

निज संवाददाता

**आरा (भोजपुर)**। भोजपुर एसपी के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चल रहे अभियान के दौरान पिछले 24 घंटे में पुलिस ने महिला उत्पीड़न और हत्या के प्रयास सहित अन्य कांडों में 71 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान अवैध शराब की नौ भट्ठियां ध्वस्त की गयीं और पांच सौ लीटर महुआ पास नष्ट किया गया। 784 लीटर देसी और करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस बयान में यह जानकारी दी गई है। बताया गया कि हत्या के प्रयास के कांडों में नौ, महिला उत्पीड़न के केस में तीन और शराब के मामले में 40 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। तीन वारंटियों को भी जेल भेजा गया है। नगर थाने की पुलिस ने चोरी की बैट्री के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। खवासपुर ओपी की पुलिस द्वारा महिला उत्पीड़न और हत्या के प्रयास में दो, जबकि चरपोखरी थाने की पुलिस द्वारा उसी तरह के एक केस में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

# बिहार-झारखंड के 10 लाख 32 हजार दर्शकों ने देखा विज्ञान प्रदर्शनी

निज संवाददाता

**पटना**। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र 46 वर्ष का हो गया। केंद्र का लक्ष्य पूरे राज्य में स्कूली विद्यार्थियों में 'विज्ञान सबके लिए उपलब्ध कराना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख 32 हजार दर्शकों को केंद्र की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी दिखाई गई। इसमें केंद्र से बाहर बिहार व झारखंड में एमएसई(भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी) के तहत करीब 6 लाख 75 हजार दर्शक और केंद्र पर आकर देखने वाले 3 लाख 57 हजार दर्शक शामिल हैं। पिछले वर्ष की तुलना में दर्शकों की संख्या 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्शकों की संख्या 7 लाख 70 हजार थी।

# गर्मी के मौसम का स्वागत 14 अप्रैल को मनेगा सतुआन



निज संवाददाता | पटना

सतुआन उत्तरी भारत के कई सारे राज्यों में मनाया जाने वाला एक प्रमुख पर्व है। यह पर्व गर्मी के आगमन का संकेत देता है। मेष संक्रांति के दिन ही सतुआन का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करता है। इस दिन भगवान को भोग के रूप में सत्तू अर्पित किया जाता है और सत्तू का प्रसाद खाया जाता है। यह खास त्यौहार बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल हिस्से में मनाया जाता है। बिहार में मिथिलांचल में इसे जुड़ शीतल नाम से जाना जाता है। कहा जाता है इस दिन से ही मिथिला में नए साल की शुरुआत हुई थी। सतुआन पर्व बैसाख माह के कृष्णा पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन सूर्य भगवान अपनी उत्तरायण की आधी परिक्रमा को पूरी कर लेते हैं। हर साल यह पर्व 14 अप्रैल को मनाया जाता है। यह पर्व गर्मी के मौसम का स्वागत करता है। इस पर्व में प्रसाद के रूप में सत्तू खाया जाता है इसलिए इसका नाम सतुआन है। हम सभी जानते हैं कि गर्मी के मौसम में सत्तू कितना लाभदायक होता है। सत्तू हमारे शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। गर्मी के मौसम में अगर आप सत्तू खाते हैं तो ये आपके पेट को भरा- पूरा रखता है और आपको लू के चपेट से भी बचाता है। तमिलनाडु और कर्नाटक में इस खास दिन को विषु कानी पर्व के तौर पर मनाया जाता हैं। यह दक्षिण भारत में नव वर्ष का प्रतीक होता है। विषु कानी पर्व में कृषि खेतों में बुआई का उत्सव मनाते हैं। इस दिन श्रद्धालु सुबह उठकर स्नान के बाद सबसे पहले आस-पास के मंदिर में विष्णु देव के दर्शन करने जाते हैं। घरों में इस दिन नए अनाज से भोजन बनाया जाता है और विष्णु देव को 14 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433